

केंद्रीय करों के हिस्सेदारी में से किसी राज्य का हिस्सा नहीं घटाया : सीतारमण-12



भारत-अमेरिका समझौते में संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह संरक्षित : वाणिज्य सचिव-12



चीन ने कहा- आपसी मतभेदों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखे भारत-13



दक्षिण अफ्रीका की अफगानिस्तान पर दूसरे सुपर ओवर में रोमांचक जीत-14



आज का मौसम
22.0⁰ अधिकतम तापमान
12.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.54
सूर्यास्त 05.58

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष दशमी 12:22 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 12 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 353, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### उज्ज्वल निकम को नामित किए जाने पर याचिका दायर की

**नई दिल्ली।** कई हत्याओं के आरोपी गैंगस्टर विजय पलांडे ने बुधवार को अपने मामले में वकील उज्ज्वल निकम को विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) नामित किए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की। अपनी याचिका में पलांडे ने दलील दी कि राज्यसभा सदस्य के रूप में नामित होने के कारण निकम इस मामले में एसपीपी नहीं रह सकते, क्योंकि यह लाभ के पद पर आसीन होने के बराबर होगा। निकम ने 2024 के लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। उन्हें कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ से 16,000 से अधिक वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।

### भारतीय सेना से मिजोरम की साझेदारी, स्थानीय स्तर पर बढ़ेगी भर्ती

**आइजोल।** मिजोरम युवा आयोग (एमवाईसी) ने भारतीय सशस्त्र बलों में राज्य के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। एक अधिकारी ने बताया कि यहां एआरओ मुख्यालय में 'यंग मिजो एसोसिएशन' के अध्यक्ष मालसॉमजुआला राल्ते और एआरओ निदेशक कर्नल प्रकाश कुमार सिंह के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद इस सहयोग को अंतिम रूप दिया गया।

### रुड़की में गंगनहर में डूबा एमबीए द्वितीय वर्ष का छात्र

**हरिद्वार।** रुड़की में बुधवार को आईआईटी रुड़की के एमबीए द्वितीय वर्ष का छात्र आशीष शुक्ला (निवासी बनारस) डूबकर लापता हो गया। आशीष अपने दोस्तों के साथ नगर निगम पुल के पास गंगनहर किनारे घूमने गया था। नहर के पास अचानक पैर फिसलने से वह तेज बहाव में जा गिरा और देखते ही देखते नहर के पानी में लापता हो गया। दोस्तों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जल पुलिस और गोताखोरों ने नहर में सर्च अभियान चलाया लेकिन छात्र का सुराग नहीं मिल पाया।

# उत्तराखंड में ड्रग मुक्ति मुहिम को नया ढांचा धामी कैबिनेट की 116 पदों के सृजन को मंजूरी

## सचिवालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में छह महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगाई गई मुहर

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में आयोजित राज्य कैबिनेट की बैठक में जहां नशे के खिलाफ निर्णायक जंग की मुहिम को नया आकार दिया गया तो दो विभागों में 116 पदों के सृजन को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट ने छह प्रस्तावों पर मुहर लगायी है।

सीएम ने इस अवसर पर कहा कि, राज्य के समग्र विकास, प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण, कर्मचारी हितों के संरक्षण तथा कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की दृष्टि से राज्य कैबिनेट में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। इन निर्णयों का उद्देश्य जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए उत्तराखंड को विकास के नए आयाम प्रदान करना है।

**एएनटीएफ का नया ढांचा मंजूर :** कैबिनेट के निर्णय के बाद राज्य में ड्रग फ्री मुहिम और तेज होगी। अभी तक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में पुलिस फोर्स से प्रतिनियुक्ति पर कार्मिक लिए जा रहे थे। एएनटीएफ का गठन वर्ष 2022 में किया गया था। अब इस फोर्स के लिए अलग से ढांचा खड़ा करने की शुरूआत हुई है। इस क्रम में राज्य मुख्यालय में पहली बार 22 पदों का सृजन किया गया है। एक डिप्टी एसपी, दो ड्रग इंस्पेक्टर, एक इंस्पेक्टर, दो सब इंस्पेक्टर, चार हेड कांस्टेबल व आठ सिपाही आरक्षी, दो सिपाही चालक समेत 22 पद सृजित किए जाएंगे।

**ईएसआई चिकित्सा सेवा संवर्ग में 94 पद :** कैबिनेट ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआई) के अंतर्गत चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्सा अधिकारियों और उच्चतर पदों की सेवा-शर्तों के निर्धारण के संबंध में अहम निर्णय लिया है। उत्तराखंड कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवा नियमावली 2026 को लागू (प्रख्यापित) किया गया है, जिसके तहत 94 पद होंगे। इनमें 76 चिकित्सा अधिकारी, 11 सहायक निदेशक, छह संयुक्त निदेशक और एक अपर निदेशक का पद शामिल है।

**बोनस संदाय विधेयक वापस :** बोनस संदाय (उत्तराखंड संशोधन) विधेयक, 2020 को यथास्थिति विधानसभा से वापस लेने का निर्णय लिया गया है। कोविड काल में उद्योगों को राहत देने के उद्देश्य से इस विधेयक में प्रावधान हुआ था कि नियोजक के पास आवंटनीय अधिशेष उपलब्ध होने की स्थिति में ही कर्मियों को न्यूनतम बोनस का भुगतान किया जाएगा।



- जनकल्याण को प्राथमिकता के साथ राज्य के विकास के मिलेंगे नए आयाम

### वन श्रमिकों को 18000 न्यूनतम वेतनमान

कैबिनेट ने वन विभाग में कार्यरत दैनिक श्रमिकों को न्यूनतम वेतनमान देने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडलीय उप-समिति की संस्तुति के आधार पर सरकार ने 589 दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को न्यूनतम 18 हजार रुपये वेतन देने का निर्णय लिया है। वन विभाग/वन विकास निगम में कार्यरत दैनिक श्रमिकों की संख्या 893 है, जिसमें से 304 श्रमिकों को पूर्व से ही न्यूनतम वेतनमान मिल रहा है।

### आदतन अपराधी घोषित कर होगी कार्रवाई

कैबिनेट ने उत्तराखंड कारागार और सुधारात्मक सेवाएं (संशोधन) अधिनियम, 2026 के प्रारूपण के संबंध में भी निर्णय लिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों में यह निर्देशित किया गया है कि कारागार नियमावलियों/मॉडल प्रिजन मैनुअल में प्रयुक्त 'दतन अपराधी' शब्द की परिभाषा संबंधित राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों के अनुरूप होनी चाहिए। संशोधन विधेयक को विधानसभा के आगामी सत्र में पुनः स्थापित किया जाएगा।

### 31 मार्च तक लागू रहेगी मुख्यमंत्री खाद्य योजना

केंद्र प्रायोजित योजना 'प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना' की कार्यान्वयन अवधि को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया गया है। इस क्रम में राज्य सेक्टर के अंतर्गत संचालित 'मुख्यमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना' की कार्यान्वयन अवधि को भी 31 मार्च 2026 तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। भविष्य में यदि केंद्र सरकार के स्तर पर इस योजना की अवधि विस्तारित होती है, तो राज्य में भी इसे विस्तारित माना जाएगा।

# राजधानी में गैस एजेंसी के स्वामी की दिनदहाड़े हत्या

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राजधानी में बुधवार को तिब्बती मार्केट के पास स्कूटी सवार दो शूटरों ने अमरदीप गैस एजेंसी के मालिक अर्जुन शर्मा (42) की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। प्रारंभिक जांच में इस घटना के पीछे पारिवारिक व 42 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति का विवाद सामने आया है। अर्जुन की पत्नी ने सास सहित 4 पर डालनवाला थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि बसंत विहार निवासी अर्जुन सुबह करीब 10:30 बजे परेड ग्राउंड में टेनिस खेलने के बाद अपनी कार में बैठने जा रहे थे। तिब्बती मार्केट के मंदिर के पास स्कूटी सवार दो बदमाशों ने उन्हें घेरकर नजदीक से गोली मार दी और फरार हो गए। एसपी के अनुसार, अर्जुन के परिवार में विवाद था और इसी कारण उनकी मां ने हाईकोर्ट से यह हवाला देते हुए सुरक्षा हासिल की थी कि उन्हें अपने बेटे से जान का खतरा है। इसी बीच, अर्जुन की पत्नी अभिलाषा ने अपनी सास बीना शर्मा सहित चार पर पति की हत्या का शक जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी जिसके आधार पर खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अर्जुन जीएमएस रोड स्थित भारत गैस एजेंसी के संचालक थे। वे कारगिल शहीद स्व. कर्नल आरसी शर्मा के बेटे थे। कुमार ने बताया कि, तहरीर में अभिलाषा ने कहा कि उनकी सास का विनोद उनियाल, उनकी पत्नी संगीता उनियाल तथा एसके मेमोरियल अस्पताल के मालिक डॉ. अजय के साथ रुपयों का लेन-देन होता था जिसका उनके पति अर्जुन विरोध करते थे और इसी बात को लेकर उनका अपनी मां से विवाद था। अभिलाषा ने इसी विवाद के कारण इन व्यक्तियों द्वारा उनके पति की हत्या करवाने का शक जताया है।

संबंधित पेज-2



साक्ष्य उठाती फील्ड यूनिट और लगी भीड़।

- पारिवारिक व करीबी से 42 करोड़ रुपये का संपत्ति विवाद आया सामने
- पत्नी ने सास समेत चार पर दर्ज कराया नामजद मुकदमा

# कनाडा में स्कूल में गोलीबारी, 10 की गई जान

वैंकूवर, एजेंसी

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में टंबलर रिज सेकेंडरी स्कूल और एक मकान में हुई गोलीबारी की घटना में हमलावर सहित 10 लोगों की मौत हो गई। कनाडाई प्राधिकारियों ने बताया कि 25 से अधिक लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। लगभग 2,400 लोगों की आबादी वाला टंबलर रिज शहर वैंकूवर से 1,000 किलोमीटर उत्तर में अल्बर्टा की सीमा के पास स्थित है।

प्रांतीय सरकार की वेबसाइट के अनुसार, टंबलर रिज सेकेंडरी स्कूल में सातवीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के 175 छात्र पढ़ते हैं। अधीक्षक केन फ्लॉयड ने बताया कि जांचकर्ताओं ने हमलावर की पहचान कर ली है, लेकिन उसका नाम जारी नहीं किया। न ही यह स्पष्ट है कि आरोपी ने इस घटना को अंजाम क्यों दिया। फ्लॉयड ने कहा, हम अभी इस बात को समझने की स्थिति में नहीं हैं कि इस त्रासदी का कारण क्या था। उन्होंने ने कहा कि पुलिस अभी यह जांच कर रही है कि पीड़ितों व आरोपी के बीच क्या संबंध थे। तलाशी के दौरान अधिकारियों को कई पीड़ित मिले।



- ब्रिटिश कोलंबिया में वारदात, 25 से अधिक लोग घायल, दो गंभीर

### संदिग्ध हमलावर भी मृत पाया गया

संदिग्ध हमलावर भी मृत पाया गया, जिसके शरीर पर खुद को चोट पहुंचाने के निशान दिखायी दे रहे थे। बयान में कहा गया है, संदिग्ध को छोड़कर छह अन्य व्यक्तियों को स्कूल के भीतर मृत पाया गया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया है। तीसरे व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी। पीस रिवर साउथ स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने मंगलवार को कहा कि सेकेंडरी स्कूल और टंबलर रिज एलिमेंटरी स्कूल दोनों में 'लॉकडाउन' लागू किया गया है यानी किसी को अंदर जाने या बाहर निकलने की अनुमति नहीं है।

# राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में एक मंत्री के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए हैं इसलिए सरकार ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने का फैसला किया है। रीजीजू ने बुधवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी का भाषण झूठ से भरा था और सत्तारूढ़ गठबंधन लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा किये गए झूठे दावों को सदन की कार्यवाही से हटाए जाने का अनुरोध करेगा।

केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान राहुल के भाषण के तुरंत बाद, रीजीजू ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य आसन को एक नोटिस देंगे, जिसमें नेता प्रतिपक्ष द्वारा बोले गए किसी भी कथन के प्रमाणीकरण की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने जो भी झूठ बोला है, हम उसे रिकॉर्ड से हटाए जाने की मांग करेंगे। हालांकि, राहुल गांधी ने अपने बयानों को प्रमाणित करने का वादा किया है, लेकिन मंत्री ने कहा, मुझे पता है कि वह उन्हें प्रमाणित नहीं कर सकते क्योंकि उन्होंने सदन में झूठ बोला है। रीजीजू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अक्सर जानबूझकर झूठ बोलते हैं और फिर संबंधित मंत्री का जवाब सुनने के बजाय सदन छोड़कर चले जाते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के पास लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पद के योग्य गंभीर स्वभाव वाला कोई व्यक्ति नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी का रुख यह है कि हम राहुल गांधी के झूठ का जवाब सदन के बाहर देंगे, लेकिन सदन के अंदर नोटिस जारी किया जाएगा। रीजीजू ने कहा कि राहुल गांधी ने बिना नोटिस दिये पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर एक गंभीर आरोप लगाया है, जो विशेषाधिकार हनन है।

उन्होंने कहा, हम आसन को आवश्यक सूचना देंगे। नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर चर्चा में कोई उपयोगी और ठोस योगदान नहीं दिया, बल्कि केवल कुछ बेबुनियाद आरोप लगाए। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को उस समय सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा है, जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। उन्होंने कहा, भाषण देने के बाद वह (राहुल) तुरंत सदन से बाहर चले गए, जबकि नियम यह है कि एक बार कोई सदस्य अपना भाषण दे दे, तो वह तुरंत सदन नहीं छोड़ सकता।



- राहुल गांधी के झूठे बयानों को सदन की कार्यवाही से हटाने का अनुरोध करेंगे : रीजीजू

### विपक्ष के नोटिस में कमियां पाई गईं

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के नोटिस में कमियां पाई गईं थी, जिसके बाद खुद बिरला ने इसमें सुधार करवा के कार्यवाही करने का निर्देश अपने सचिवालय को दिया। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि नोटिस में कुछ घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए चार जगहों पर वर्ष 2026 के बजाय 2025 लिखा गया था और इस आधार पर नोटिस को खारिज भी किया जा सकता था। सूत्रों ने बताया, विपक्षी सांसदों द्वारा मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के लिए दिए गए नोटिस में कमियां पाई गईं। घटनाओं का उल्लेख करते हुए चार बार फरवरी, 2025 लिखा गया है जिसके आधार पर नियमानुसार नोटिस को खारिज किया जा सकता था।

# रामपुर सीआरपीएफ शिविर पर आतंकी हमला मामले में सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें 2007 के रामपुर सीआरपीएफ शिविर आतंकी हमले के मामले में चार आरोपियों को दी गई मौत की सजा और एक अन्य को दी गई आजीवन कारावास की सजा निरस्त कर दी गई थी। रामपुर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शिविर पर 31 दिसंबर 2007 की रात को हुए हमले में सीआरपीएफ के आठ जवान मारे गए थे और पांच घायल हो गए थे।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार की याचिका पर आरोपियों को नोटिस जारी किये और मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की। पांचों आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एम एस खान पेश हुए। राज्य सरकार ने पिछले साल 29 अक्टूबर को उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के उस आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें इस मामले में चार लोगों को मृत्युदंड और एक अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उच्च न्यायालय ने मोहम्मद शरीफ, सबाउद्दीन, इमरान शहजाद, मोहम्मद फारूक और जंग बहादुर खान को हत्या एवं अन्य गंभीर आरोपों से यह कहकर बरी कर दिया था कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मुख्य अपराध के मामले को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। हालांकि, इसने जंग बहादुर खान समेत पांचों को शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1-ए) के तहत दोषी पाया और उन्हें 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। जंग बहादुर खान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा था, मामले का निस्तारण करने से पहले, हम निश्चित रूप से यह उल्लेख करना चाहेंगे कि यदि जांच और अभियोजन अधिक प्रशिक्षित पुलिस द्वारा किया गया होता तो इस मामले का परिणाम अलग होता।



- उत्तर प्रदेश सरकार की हाईकोर्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई को हुई सहमत
- 2007 के आतंकी हमले में चार आरोपियों को दी गई मौत की सजा कर दी गई थी निरस्त

## समुद्र में क्रैश लैंडिंग




सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र में एक यात्री विमान की क्रैश लैंडिंग होने से हड़कंप मच गया है। एडेन अब्दुले हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण पायलट को आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

### नरवणे की किताब पर जांच में शामिल होने के लिए पेंगुइन को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया को नोटिस जारी कर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक को सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। यह नोटिस ऐसे समय में जारी किया गया जब पुस्तक की स्थिति और अनधिकृत संस्करणों के कथित अवैध प्रसार के विरोध में दावे किए जा रहे हैं जिससे प्रकाशक, पूर्व सेना प्रमुख और वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियां एक व्यापक सार्वजनिक विवाद में शामिल हो गई हैं। पुलिस के अनुसार, विशेष प्रकोष्ठ ने नोटिस के माध्यम से प्रकाशक से औपचारिक रूप से संपर्क कर कई सवाल पूछे हैं।

निर्देश | गृह मंत्रालय ने पहली बार राष्ट्रगीत गायन को लेकर प्रोटोकॉल तय किए

# राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत के सभी छह छंद गाना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि जब भी राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' एक साथ गाए या बजाए जाएं तो बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखे गए राष्ट्रगीत के सभी छह छंद पहले गाए जाएं। आदेश में मंत्रालय ने पहली बार राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के गायन को लेकर प्रोटोकॉल तय किए हैं।

जिसके तहत राष्ट्रपति के आगमन, तिरंगा फहराए जाने और राज्यपालों के भाषण जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के सभी छह छंद (कुल अवधि तीन मिनट 10 सेकंड) गाए जाएंगे। यह आदेश 28 जनवरी को जारी किया गया। आदेश में कहा गया, जब भी राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान गाए या बजाए जाएं, तो राष्ट्रगीत पहले गाया या बजाया जाएगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जहां राष्ट्रगीत गाया जाएगा, वहां उपस्थित सभी लोगों को सावधान की मुद्रा में खड़ा होना होगा। इसमें कहा गया, जब भी राष्ट्रगीत का आधिकारिक संस्करण गाया या बजाया जाए, तो वहां मौजूद सभी लोगों को सावधान मुद्रा में खड़ा होना होगा लेकिन अगर किसी समाचार रील या वृत्तचित्र के दौरान राष्ट्रगीत फिल्म के हिस्से के रूप में बजाया जाए, तो दर्शकों से खड़े होने की अपेक्षा नहीं है क्योंकि इससे फिल्म दिखाने में रुकावट आएगी और सम्मान के बजाय अव्यवस्था एवं भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है। मंत्रालय ने कहा कि विद्यालयों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से की जानी चाहिए। केंद्र सरकार 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर रही है।




- जब भी राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान गाया या बजाया जाएं तो राष्ट्रगीत पहले हो

### छात्रों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के निर्देश

आदेश के अनुसार, राष्ट्रध्वज फहराने, सांस्कृतिक एवं औपचारिक कार्यक्रमों (परेड को छोड़कर), तथा किसी सरकारी या सार्वजनिक समारोह में राष्ट्रपति के आगमन जैसे अवसरों पर राष्ट्रगीत का आधिकारिक संस्करण सामूहिक गायन के साथ गाया या बजाया जाएगा। राष्ट्रगीत ऐसे अवसरों पर भी गाया जा सकता है, जो भले ही पूरी तरह औपचारिक समारोह न हों, लेकिन मंत्रियों आदि की मौजूदगी के कारण महत्वपूर्ण हों। ऐसे मौकों पर (वाद्य यंत्रों के साथ या बिना) राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन वांछनीय है। यह भी कहा कि उन सभी अवसरों की पूरी सूची देना संभव नहीं है, जहां राष्ट्रगीत का गायन किया जा सकता है लेकिन यदि मातृभूमि को सम्मान देने और उचित मर्यादा बनाए रखने के साथ राष्ट्रगीत गाया जाता है, तो इस पर कोई आपत्ति नहीं है। आदेश में विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे छात्रों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना विकसित करें।

स्टेट ब्रीफ

### अब्दुल मलिक को नहीं मिली जमानत

**नैनीताल :** हल्द्वानी दंगे के मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक को बुधवार को हाईकोर्ट ने जमानत नहीं दी जबकि इस मामले के तीन अन्य आरोपियों को राहत देते हुए जमानत दे दी। मलिक समेत छह अन्य आरोपियों के जमानत प्रार्थना पत्र पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में सुनवाई हुई। आरोपी मलिक की ओर से कहा गया कि दंगा के दिन शहर में मौजूद नहीं था। उसे गलत फंसाया गया है। जबकि सरकार की ओर से कहा गया कि वह षड्यंत्र में शामिल था और 30 जनवरी को वह हल्द्वानी में मौजूद था। खंडपीठ ने मोकीन अहमद सैफी, रईश अहमद अंसारी उर्फ दत्तू और जियाउर्रहमान को राहत दी है। बाकी अन्य आरोपियों की जमानत पर सुनवाई नहीं हो पायी।

### अवस्थापना सुविधाओं के विकास को 397.39 करोड़ रु. की स्वीकृति

**देहरादून :** राज्य सरकार ने विभिन्न अवस्थापना सुविधाओं के विकास आदि के लिए 397.39 करोड रु. की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। जनपद चमोली के अन्तर्गत विकास खण्ड नन्दानगर पार्किंग के निर्माण करने के लिए 3.20 करोड की धनराशि स्वीकृत करने का अनुमोदन किया किया है। विश्व बैंक सहायतित परियोजना, यू-प्रिपेयर को अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व मद में 30करोड़ रु. की धनराशि स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# साइंस, टेक्नोलॉजी में स्टार्टअप को हर जिले में 5 छात्राओं को मिलेगी छात्रवृत्ति

## विज्ञान में नवाचार करने के लिए में छात्राओं को वित्तीय संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, सुद्धोवाला (प्रेमनगर, देहरादून) में आयोजित 'शी फॉर स्टेम उत्तराखण्ड' विषयक कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

इस दौरान सीएम धामी ने राज्य की 20 प्रतिभाशाली बेटियों को 50-50 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि शी फॉर स्टेम के तहत हर जिले में पांच छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि स्टेम हेतु स्टार्टअप आरंभ करने के लिए में छात्राओं को वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। महिला प्रौद्योगिकी केंद्रों में स्वयं सहायता समूहो को जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस कार्यक्रम के माध्यम से होनहार बेटियों को स्टेम अर्थात साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स के क्षेत्रों में शिक्षा एवं करियर के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देने तथा महिलाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी महान विभूतियों का जीवन यह संदेश देता है कि जब नारी को अवसर मिलता है तो वह न केवल अपने लिए मार्ग बनाती है, बल्कि पूरे राष्ट्र को नई दिशा देने का सामर्थ्य रखती है। उन्होंने कहा कि यह संयोग नहीं है कि आज भारत में स्टेम क्षेत्रों से स्नातक होने वाले विद्यार्थियों में लगभग 42-43 प्रतिशत छात्राएं हैं, जो कई विकसित देशों की तुलना में अधिक है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि भारत की बेटियां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित के क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं तथा नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



छात्रा को छात्रवृत्ति प्रदान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### देहरादून में बन रही है देश की पांचवीं साइंस सिटी

मुख्यमंत्री ने बताया कि देहरादून में देश की पांचवीं साइंस सिटी बन रही है। यह साइंस सिटी उत्तराखंड को विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बेटियां बिना किसी बाधा के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें और देश-प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, सचिव रंजीत सिन्हा, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सफल महिलाओं का उदाहरण देकर प्रेरित किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक काल में भी अनेक महिलाओं ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण योगदान देकर देश का गौरव बढ़ाया है। धामी ने कहा कि वर्तमान भारत में डॉ. टेसी थॉमस, जिन्हें 'मिसाइल वुमन ऑफ इंडिया' कहा जाता है, ने अग्नि-4 और अग्नि-5 जैसी महत्वपूर्ण मिसाइल परियोजनाओं का नेतृत्व कर देश की सामरिक शक्ति को नई ऊंचाइयां दी हैं। साथ ही 'रॉकेट वुमन' के नाम से प्रसिद्ध डॉ. ऋतु करिधल ने मंगलयान जैसे ऐतिहासिक मिशन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया है।

# निर्माणाधीन रेलवे स्टेशनों के आसपास बनाए जाएंगे बाजार, क्षेत्र का होगा विकास

प्रमुख संवाददात, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड सरकार रेलवे स्टेशनों के आसपास के क्षेत्रों का पुनर्विकास करने के साथ स्थानीय लोगों के लिए बाजार विकसित करने की तैयारी में है। इस संबध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा सभी निर्माणाधीन रेलवे स्टेशनों में स्वयं सहायता समूहों, राज्य की स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार कोअधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में अभी से लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाए उन्हें होमस्टे एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन जागरूकता पर ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन रेलवे स्टेशनों के आसपास स्थित विभिन्न गांव, कस्बों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए भी रोड मैप तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों के आसपास के स्थानों का समुचित पुनर्विकास किया जाए। ताकि रेल परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भविष्य में बड़ी संख्या में उत्तराखंड आने वाले लोगों के आवागम को सुविधाजनक बनाया जाए।


सांकेतिक एआई इमेज।

- राज्य में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं की समीक्षा कर सीमए धामी ने दिए निर्देश

### संवेदनशील क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ाएं, हर स्तर पर तय हो जवाबदेही

**देहरादून :** मुख्यमंत्री धामी ने सख्त शब्दों में कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने डीजीपी को निर्देश दिए कि सभी प्रकार के अपराधों पर तत्काल मुकदमे दर्ज किए जाएं और अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उच्च स्तरीय बैठक ले रहे थे। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से आदतन एवं संगठित अपराध में संलिप्त अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में कानून का भय स्थापित हो और आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। कानून हाथ में लेने वालों, असामाजिक तत्वों और प्रदेश की शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।


नैनीताल में हल्के बादलों के साथ मौसम हुआ खुशमिजाज। ● अमृत विचार

### नैनीताल हल्के बादल छाए रहे

**नैनीताल :** नैनीताल में बुधवार मौसम सुहावना हो चला है। हालाकि हल्के बादल दिन में आते जाते रहे, लेकिन मौसम में खास असर नहीं डाल सके। दिन में धूप खिली रही और गर्माहट का एहसास हुआ। मगर सुबह और शाम की ठंड बरकरार है। जिस कारण लोग और हीटर का सहारा लेने को अभी मजबूर है। मौसम विभाग ने तीन दिन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने की संभावना के चलते बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई थी, जो अब जाती रही।

# रेल परियोजनाओं में एस्केप टनल सड़कों के रूप में किए जाएं विकसित

प्रमुख संवाददता, देहरादून

- कहा, कर्णप्रयाग से बागेश्वर तक रेल लाइन के विस्तार की संभावना पर हो कार्य
- टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का केन्द्र से किया जायेगा आग्रह

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में राज्य में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित रेल परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा राज्य में प्रस्तावित रेल परियोजनाओं में टनल के साथ बनने वाले एस्केप टनल को समानांतर सड़कों (पैरेलल रोड्स) के रूप में विकसित किया जा सके, इसकी व्यवस्था बनाई जाए।

उन्होंने कहा, ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना में बनी एस्केप टनल का भविष्य में किस प्रकार इस्तेमाल किया जा सकता है, इसपर भी कार्य योजना तैयार जाए साथ ही कर्णप्रयाग से बागेश्वर तक रेल लाइन के विस्तार की संभावना पर भी कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा उक्त परियोजना के अंतर्गत विभिन्न वैकल्पिक मार्गों पर भी विचार किया जाए। उन्होंने कहा परियोजना के निर्माण कार्य से अधिकांश क्षेत्र एवं जनता लाभान्वित हो सके इसके लिए अल्मोड़ा एवं सोमेश्वर क्षेत्र को भी जोड़ने की संभावनाओं पर कार्य किया जाए। सीएम ने टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना पर भी तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा केंद्र सरकार से टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किए जाने का आग्रह किया जाए, जिससे इसके निर्माण कार्य को गति मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऋषिकेश कर्णप्रयाग परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों के लिए इंटीग्रेटेड प्लान बनाया जाए।



रुद्रपुर जाने वाली सड़क पर रेलवे लाइन का गेट बंद होने से गन्ना सेंटर के पास लगा जाम।

### टांडा क्रॉसिंग बैरियर बंद होने से लगा जाम

**हल्द्वानी :** रामपुर रोड टांडा क्रॉसिंग बैरियर के बंद होने से बुधवार को वाहनों की आवाजाही ठप होने से भारी जाम लग गया। जिस दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस के अनुसार एक दिन पूर्व सूचना नहीं मिलने के कारण उनकी ओर से रूट डायवर्जन प्लान नहीं बनाया गया था। जिस कारण वाहनों का दबाव बढ़ते चला गया। बुधवार को देरी से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने गन्ना सेंटर चौराहे से बरेली रोड की ओर वाहनों को डायवर्ट किया, लेकिन टांडा बैरियर से लौटने वाले वाहनों के कारण सड़कों पर दबाव बढ़ गया। काफी मशक्कत के बाद सड़कों पर वाहनों की आवाजाही सामान्य हुई। इस दौरान जाम के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।


देहरादून में गोदान फिल्म देखते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों, दर्शकों संग देखी फिल्म गौदान

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को देहरादून स्थित सेन्ट्रियो मॉल, हाथीबड़कला में गाय संरक्षण पर आधारित फिल्म 'गौदान' देखी। इस दौरान उनके साथ कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, रेखा आर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। सीएम धामी ने फिल्म की विषयवस्तु को भारतीय संस्कृति, ग्राम्य जीवन और गौ-संवर्धन की परंपरा से जुड़ा अत्यंत सार्थक एवं प्रेरणादायी प्रयास बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आधारित इस फिल्म को राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड में टैक्स फ्री किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस फिल्म को देख सकें और गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता का व्यापक प्रसार हो सके। यह भी कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड को फिल्म निर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बिना अनुमति किसी भी कार्मिक का अवकाश नहीं होगा स्वीकार

संवाददाता, देहरादून

- आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने किया ग्राम नियोजन विभाग का औचक निरीक्षण
- बोले, कार्यकुशलता में शिथिलता स्वीकार्य नहीं

**अमृत विचार:** आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बुधवार को देहरादून के बंसत विहार स्थित नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्यप्रणाली परखी। निरीक्षण के दौरान सचिव ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी से बायोमेट्रिक उपस्थिति का विवरण और अनुपस्थित कार्मिकों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना अनुमति अथवा अनुचित कारण के किसी भी कार्मिक का अवकाश स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबध में निर्देश भी दिए गए थे। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन अनुशासन एवं समयपालन विभागीय कार्यकुशलता की आधारशिला है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

इस दौरान सचिव ने विभिन्न शाखाओं में चल रहे कार्यों की प्रगति, फाइल निस्तारण की स्थिति, योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं उत्तरदायी कार्य संस्कृति अपनाने के निर्देश दिए।

### प्रक्रियाओं को सुलभ बनाना समय की आवश्यकता

**देहरादून :** सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप विकास कार्यों में गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुए जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी एवं डिजिटल माध्यम से सुलभ बनाना समय की आवश्यकता है।

## राज्य आन्दोलनकारियों के आश्रितों की पेंशन बढ़ेगी

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आदोलन के दौरान शहीद हुए राज्य आन्दोलनकारियों के आश्रितों की पेंशन प्रतिमाह 3000 रु. से बढ़ाकर 5500 रूपये प्रतिमाह कर दी है।

वहीं, उस दौरान विकलांग होकर पूर्णत शय्याग्रस्त हुए राज्य आन्दोलनकारियों की पेंशन प्रतिमाह 20,000 से बढ़ाकर 30,000 रूपये प्रतिमाह और 07 दिन जेल गये अथवा राज्य आन्दोलन के दौरान घायल हुए राज्य आन्दोलनकारियों की पेंशन प्रतिमाह 6,000 रु. से बढ़ाकर 7,000 रूपये जबकि उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन के दौरान जेल गये या घायल श्रेणी से भिन्न अन्य राज्य आन्दोलनकारियों की पेंशन प्रतिमाह 4500 रु. से बढ़ाकर 5500 रूपये किये जाने को स्वीकृति दे दी है।

# वाहनों के क्रय में मानकों का रखें ध्यान: मुख्य सचिव

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में राज्य में आईसीजेएस- 2.0 के सफल क्रियान्वयन के लिए कंप्यूटर हार्डवेयर आदि क्रय किए जाने और डीआरडीओ द्वारा विकसित आधुनिक प्रणाली युक्त पांच वज्र वाहनों के क्रय के लिए स्टेट अपेक्स कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।

मुख्य सचिव ने उपकरणों एवं वाहनों के क्रय में भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों एवं स्वीकृत अनुदान के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यसचिव ने बैठक में निर्देश दिए कि प्रदेश में ईएफआईआर की प्रॉपर मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ऐसी ईएफआईआर पर तीन दिन के अंदर कार्यवाही हो यह सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सचिव शैलेश बगोली वी. षणमुगम, अपर सचिव निवेदिता कुकरेती, पुलिस महानिरीक्षक विम्मी सचदेवा, निदेशक आईटीडीए आलोक पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


मुख्य सचिव आनंद बर्धन सिंह।

# सटीक रेकी और बीच बाजार सनसनीखेज हत्या

- सुनियोजित साजिश.. सटीक रेकी और बीच बाजार सनसनीखेज हत्याकांड
- भीड़भाड़ वाले इलाके में पेशेवर अंदाज में वारदात, फुटेज में कैद हुई नीली स्कूटी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** अमरदीप गैस एजेंसी के स्वामी अर्जुन शर्मा की हत्या बेहद पेशेवर अंदाज में अंजाम की गई। सुनियोजित षड्यंत्र का पूरा ताना-बाना बुनने के बाद शूटरों ने पूरी रेकी और होमवर्क के बाद यह घटना की।

अर्जुन रोजाना परेड ग्राउंड में टेनिस खेलने आते थे। अपनी कार वह तिब्बती मार्केट के पास ही पार्क करते थे। हत्यारों ने इस वारदात को अंजाम देने में पल भर लगाया। सूत्रों के अनुसार, शूटरों को अर्जुन की पूरी टाइमिंग का पता था। अर्जुन ने परेड ग्राउंड से निकलकर पास ही मार्केट से एक ठेली से अनानास खरीदे थे। अनानास लेकर अर्जुन जैसे ही अपनी कार की तरफ बढ़े तो स्कूटी सवार दोनों शूटरों ने उन्हें करीब से गोली मार दी। सीसीटीवी फुटेज में नीले रंग की स्कूटी पर सवार दो हमलावर गोली मारकर फरार होते हुए कैद हुए। एसएसपी अजय सिंह ने कहा कि, हत्यारोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ट्रांजैक्शन और फोन कॉल डिटेल खंगाल रही है। उधर, इस घटना के पीछे कारणों को लेकर पुलिस शुरुआती तौर पर एक तीसरे शख्स की तलाश में है। पुलिस के अनुसार, मृतक अर्जुन की पत्नी अभिलाषा ने आरोप लगाया कि उनकी सास बीना शर्मा का तीन लोगों के साथ रुपयों का लेन-देन था। अर्जुन इसका विरोध करते थे। बताया गया कि 42 करोड़ से ज्यादा के संपत्ति विवाद में मां-बेटे दोनों पक्षों ने अपनी सुरक्षा को लेकर शिकायत की थी और मामला कोर्ट तक पहुंच गया था।

**एक पखवाड़े में दो हत्याओं से सनसनी:** एक पखवाड़े में राजधानी में दो हत्याओं से सनसनी फैल गई है। बीती दो फरवरी को मच्छी बाजार में एक युवती की सरेआम गला काटकर निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने आरोप लगाया कि, राजधानी में सरेआम हत्याएं होना इस बात का प्रमाण है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।


घटनास्थल पर जानकारी लेते आईजी गढ़वाल रेंज राजीव स्वरूप।

## जिला पंचायत कार्यालय में अधिवक्ता की हत्या

**रामपुर, अमृत विचार:** रामपुर में जिला पंचायत कार्यालय में बुधवार को हेड क्लर्क असगर अली ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से अधिवक्ता फारुख अहमद खान (45) को उनकी पत्नी गौसिया के सामने गोली मारकर हत्या कर दी। विवाद गौसिया के वेतन कटौती को लेकर हुआ।

फारुख और उनकी पत्नी कार्यालय पहुंचे और असगर अली से बात करने लगे, तभी विवाद बढ़ा और असगर ने तीन गोलियां चला दीं। घायल अधिवक्ता को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद वकीलों ने हंगामा किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी। इस घटना से मौके पर हड़कंप मच गया।

# स्कूली बच्चों ने लगाए आकर्षक स्टॉल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज, छोई रामनगर में आयोजित कौशलम ग्रैंड फिनाले में स्कूली बच्चों ने आकर्षक स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मकता, कौशल और उद्यमशीलता का शानदार परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता डॉ. रमेश चंद्र सत्यवली ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कौशलम कार्यक्रम के उद्देश्यों और उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

ग्रैंड फिनाले का शुभारंभ चित्रकार एवं पर्यावरण प्रेमी छात्रा शालू सैनी ने अतिथियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ फलदार पौधों का रोपण कर किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का अवलोकन जिला कौशलम समन्वयक डॉ. ज्योतिर्मय मिश्रा एवं डायट प्रवक्ता मनोज चौधरी ने किया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य बच्चों को 21वीं सदी के अनुरूप सभी कौशलों में दक्ष बनाकर उनमें उद्यमशील मानसिकता विकसित करना है। वहीं मनोज चौधरी ने कहा कि कौशलम कार्यक्रम बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी सीखने का मंच है। कौशलम प्रभारी अमरजीत सिंह चौधरी ने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा 11 व 12 के छात्रों ने अपने उत्पाद बनाकर उन्हें बाजार में बेचने की क्षमता का प्रदर्शन किया।



कौशलम ग्रैंड फिनाले में बच्चों के बनाए चित्र दिखाते शिक्षक।

## सिटी ब्रीफ

### गवर्नर गुरमीत सिंह आज एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर



**हल्द्वानी :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह गुरुवार एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। वह देहरादून से हेलीकॉप्टर से सुबह 10 बजे से प्रस्थान कर 11:15 बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज रामपुर रोड हल्द्वानी पहुंचेंगे। इसके बाद वह राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तथा वहां आरक्षित समय के दौरान विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित रहेंगे। फिर एसटीएच का निरीक्षण करेंगे तथा चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे। कार्यक्रम के बाद वह दोपहर 1:30 बजे हेलीकॉप्टर से देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

### रोडवेज कर्मियों का धरना प्रदर्शन जारी

**हल्द्वानी :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद (ट्रैफिक शाखा, हल्द्वानी) के बैनर तले कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के विरोध में चौथे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने सरकार की उदासीनता पर गहरी नाराजगी जताई। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है और अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा। धरने का संचालन पूर्व क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह नेगी ने किया। इस दौरान संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल, क्षेत्रीय मंत्री उमेश चंद्र जोशी, शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, मंत्री कौशल जोशी, शाखा मंत्री गोविंद बल्लभ जोशी रहे।

### एसएसपी ने सहायक अभियंता को दिया प्रशस्ति पत्र

**हल्द्वानी :** कोतवाली काठगोदाम और थाना चोरगलिया में द्वितीय श्रेणी के अन्तर्गत भवनों का निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता से कराने पर सहायक अभियंता को एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित किया। उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण इकाई देहरादून में नियुक्त एई जयांक पांडे ने एसएएससीआई योजना के अन्तर्गत कोतवाली काठगोदाम और थाना चोरगलिया में द्वितीय श्रेणी के अन्तर्गत भवनों का निर्माण कराया है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ दोषी को 3 साल कैद

**हल्द्वानी :** नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। स्पेशल जज पोक्सो मनमोहन सिंह की अदालत ने दोषी को तीन वर्ष का कठोर कारावास की सजा दी। अभियोजन के अनुसार यह घटना सितंबर 2024 में बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के इंद्रानगर इलाके की है। आरोपी शादाब पर क्षेत्र की ही एक नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ करता था। परिजनों की शिकायत पर बनभूलपुरा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। अभियोजन अधिकारी दीपा रानी ने बताया कि अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए तीन वर्ष के कारावास व पांच हजार का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड नहीं देनेपर दोषी को अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

### फरवरी में पारे की अब तक सबसे ऊंची छलांग

**हल्द्वानी :** फरवरी में इस समय पहाड़ से लेकर मैदान तक पारे में उछाल आ रहा है। इस वजह से दिन के समय धूप अपेक्षाकृत तेज है हालांकि रात के समय पारे में भारी गिरावट आ रही है। शहर में दिन के समय तेज धूप है जिससे पारा 25.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा जो सामान्य से करीब दो डिग्री ज्यादा है। फरवरी में अभी तक दर्ज किया सर्वाधिक तापमान है। न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री रहा। पहाड़ों में भी पारे में उछाल है।

## यूपी से यूके आकर वारदातों को अंजाम दे रहा था फिरोज, रामनगर व हल्द्वानी में एक के बाद एक की चेन स्नेचिंग की तीन वारदातें

# हल्द्वानी पुलिस के हत्थे चढ़ा योगी फोर्स का हाफ-एनकाउंटर वाला शातिर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जिस पेशेवर अपराधी फिरोज गांधी के सिर पर हत्या, हत्या का प्रयास समेत दर्जनों मुकदमे हैं, उसका योगी फोर्स ने हाफ-एनकाउंटर किया था, लेकिन वह सुधरा नहीं। उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड आकर उसने वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया।

पिछले कुछ दिनों में इस पेशेवर अपराधी फिरोज गांधी ने अपने साथी के साथ मिलकर हल्द्वानी से रामनगर तक चेन स्नेचिंग की तीन वारदातों को अंजाम दे डाला। फिलहाल फिरोज हल्द्वानी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है, लेकिन उसका साथी का अभी पता नहीं है। हालांकि एसएसपी का दावा है कि दूसरे की पहचान हो चुकी है और जल्द ही वो भी सलाखों के पीछे होगा। बुधवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बिठोरिया नंबर एक ऊंचापुल निवासी बीना पाठक पत्नी जगदीश चंद्र पाठक 4 फरवरी को अपनी दुकान पर मौजूद थीं, तभी दो लोग दुकान पर सामान खरीदने के बहाने आए और गले से मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए। इसी तरह 30 जनवरी को देवभूमि सैनिक कालोनी फतेहपुर गांधी आश्रम निवासी कमला देवी पत्नी स्व. उमेद सिंह के गले से शातिरों ने पता पूछने के बहाने मंगलसूत्र लूट लिया था। जबकि 6 फरवरी को को पीरूमदारा रामनगर क्षेत्र में वियजलक्ष्मी के गले का मंगलसूत्र लूट लिया गया था।पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने मुखानी से लूटे गए दोनों मंगलसूत्र और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद कर ली है। एसएसपी ने बताया कि इसके फरार दूसरे साथी की तस्दीक कर ली गई है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्त में आए आरोपी फिरोज का वर्ष 2022 में योगी फोर्स ने हाफ एनकाउंटर किया था, जिसकी वजह से वह अब भी लंगड़ा कर चलता है। खुलासे के दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और सीओ सिटी अमित सैनी रहे।



जिले में हुई चेन स्नेचिंग का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी व अन्य।

- फिरोज गांधी उड़ाए गए माल समेत गिरफ्तार, साथी की तलाश जारी

### दिल्ली में हुए चालान से मिली लीड

तीनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू की। 400 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इस दौरान लुटेरों की बाइक का नंबर एचआर 29एएफ 2325 मिल गया। पड़ताल की तो पता लगा कि इस मोटर साइकिल का दिल्ली में चालान हुआ था। यहीं से पुलिस को अहम लीड मिली। खबर मिली की आरोपी फिर वारदात की फिराक में हैं। कालाढूंगी रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने पेशेवर अपराधी पदमपुर थाना मिल्क खाना, तहसील स्वार रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी 36 वर्षीय फिरोज गांधी पुत्र नंदराम को धर दबोचा। जबकि दूसरी चलती मोटर साइकिल से कूद कर भाखड़ा के जंगल में फरार हो गया।

### जेल से निकला तो पड़े रुपयों के लाले, शुरू की लूटपाट

**हल्द्वानी :** पुलिस के मुताबिक, फिरोज पर हल्द्वानी कोतवाली, रामनगर और मुखानी में कुल 5 मुकदमे दर्ज हैं। हल्द्वानी में पूर्व में भी उसने चेन स्नेचिंग की वारदात की थी और इस मामले में वह जेल में बंद था। पिछले वर्ष अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में वह जेल से रिहा हुआ था। चूंकि फिरोज पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे में उसे मुकदमों में होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए रुपयों की जरूरत थी। फिरोज को अपराध के सिवा कुछ आता नहीं, ऐसे में उसने अपने खर्चों को पूरा करने के लिए फिर से अपराध शुरू कर दए।

### 18 लोगों की टीम ने पकड़ा शातिर अपराधी

**हल्द्वानी :** पुलिस टीम में मुखानी थानाध्यक्ष सुशील चंद्र जोशी, मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष जगदीप नेगी, एसआई नरेंद्र कुमार, अविनाश मौर्य, एएसआई सूरज सिंह, हेड कांस्टेबल इसरार नबी, कांस्टेबल अनिल गिरी, एसओजी से कांस्टेबल राजेश बिष्ट और अरविंद सिंह, कांस्टेबल कुंदन कठैत, धीरज सुगड़ा, रोहित, पूरन सिंह, बंशीधर जोशी, कुंदन शाही, महबूब अली, गुलशन गिरी और राजेंद्र बिष्ट थे। एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस टीम को 15 रुपए इनाम की घोषणा की गई है। साथ ही दूसरे अपराधी को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

# भ्रष्टाचार की मदहोशी में डूबा पाया गया हीरा नगर स्थित निर्वाण नशा मुक्ति केंद्र

## आयुक्त रावत ने केंद्र में छापामारी कर पकड़ीं तमाम अनियमितताएं, केंद्र के लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** निर्वाण नशा मुक्ति केंद्र में शासन व स्वास्थ्य विभाग के मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सरकार से मरीज का उपचार करने के नाम पर आर्थिक मदद लेने के बावजूद मरीजों से भी रकम वसूली जाती है। इन गड़बड़ियों का भंडाफोड़ बुधवार को उस वक्त हुआ जब आयुक्त दीपक रावत ने इस केन्द्र पर छापेमारी की। इसके बाद उन्हें जो कुछ मिला वह चौंका देने वाला रहा। कर्मचारी न तर्कसंगत जवाब दे सके और न ही सही कागजात दिखा सके। मानो यह नशा मुक्ति केन्द्र खुद ही भ्रष्टचार की मदहोशी में डूबा हो। आयुक्त ने मौके से ही एसीएमओ को इस केंद्र का लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए।

बुधवार को आयुक्त रावत हीरा नगर स्थित निर्वाण उन्मूलन एवं पुनर्वास केंद्र पहुंचें। यहां उन्होंने सर्वप्रथम केंद्र में भर्ती एक महिला मरीज का रिकॉर्ड चेक किया तो भारी गड़बड़ी मिली। फिर जब गाइडलाइन चेक की तो पता चला कि इस केंद्र में महिलाओं को भर्ती नहीं किया जा सकता है। छानबीन में सामने आया कि इस नशा मुक्ति केंद्र में सिर्फ पुरुषों को ही रखा जा सकता है लेकिन अवैध ढंग से महिला को भर्ती किया, वो भी तब जब वह नशे की आदी नहीं थी। ऐसे केंद्रों में सिर्फ नशे के आदी लोगों का ही उपचार किया जाता है लेकिन यहां नियमों का ताक पर रखकर मानसिक व अन्य बीमारी से पीड़ित लोगों को रखा था। भर्ती मरीजों का रजिस्टर की जांच की तो पता चला कि शासन से मिली स्वीकृति के अनुसार सिर्फ 30 मरीजों का ही भर्ती कर निशुल्क उपचार किया जा सकता है लेकिन यहां मरीजों की संख्या ज्यादा थी हालांकि रजिस्टर में उनके नाम भी दर्ज नहीं थे। सरकार से एनजीओ के माध्यम से नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती 30 मरीजों के उपचार के लिए हर माह आर्थिक मदद मिलती है फिर भी मरीजों से फीस वसूली जाती है जिसका कोई भी डाटा या रिकॉर्ड नहीं है। इस पर आयुक्त ने गुरुवार को 11 बजे तक सभी रिकॉर्ड पेश करने को कहा। केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरों का 15 दिनों का डाटा भी मांगा। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की भी फटकार लगाते हुए नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित चेकिंग को कहा। उन्होंने मौके पर ही निर्वाण नशा मुक्ति केन्द्र का लाइसेंस निरस्त करने निर्देश दिए। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी आदि थे।



हीरा नगर स्थित निर्वाण नशा मुक्ति केंद्र में महिलाओं से वार्ता करते आयुक्त दीपक रावत।



नशा मुक्ति केंद्र में रिकॉर्ड चेक करते आयुक्त रावत व सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान।

### मरीजों के आधार व पैन कार्ड भी नहीं लौटाए गए

**हल्द्वानी :** आयुक्त की छापेमारी में सामने आया कि कई मरीजों के आधार-पैन कार्ड, अन्य मूल दस्तावेज भी इस केंद्र में रखे हुए थे जबकि मरीज डिस्चार्ज हो गए थे। आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताई और संचालकों की फटकार लगाते हुए कहा कि यह कानूनन अपराध है, मरीजों को डिस्चार्ज करते ही उनके सभी दस्तावेज लौटाए जाए।

### न एमओ न फिजिशियन, दवा लिख रहे केंद्र के कर्मचारी

**हल्द्वानी :** आयुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुसार नशा मुक्ति केंद्र में मानसिक चिकित्सक, फिजिशियन एवं मेडिकल ऑफिसर अनिवार्य रूप से तैनाती का नियम व शर्त है। यहां कोई एमओ या फिजिशियन नहीं था सिर्फ एक मानसिक चिकित्सकी की तैनाती है। वह भी सप्ताह में सिर्फ दो बार ही मरीजों को देखने आते हैं, वह भी नियमित नहीं है। यह भी खुलासा हुआ कि मरीजों को दवाइयां भी केंद्र में तैनात कर्मचारियों की ओर से लिखी जाती है जो कि नियमों के खिलाफ है।

### ऐसा खुली निर्वाण में चल रहे खेल की पोल

**हल्द्वानी :** आयुक्त दीपक रावत की जनसुनवाई में एक बुजुर्ग आए। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि उनकी बेटी सरकारी कर्मी है। उसका पति आए दिन उसकी बेटी को प्रताड़ित करता है, फिर बीमारी का बहाना बनाकर निर्वाण नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा देता है जबकि उसकी बेटी किसी भी किस्म का नशा नहीं करती है। आरोप लगाया कि उसकी बेटी को कई दफा इस केंद्र में भर्ती कराया गया है। शिकायत की पड़ताल पर आयुक्त निर्वाण नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे और जब उसका रिकॉर्ड चेक किया तो कोई डाटा नहीं मिला। इस तरह केंद्र के संचालन में हो रही गड़बड़ियों का भंडाफोड़ हो गया।

# पठान का ट्वीट: ईवीसीएल के दावों को बताया झूठा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित होने वाली एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग (ईवीसीएल) के विवादों में घिरने के बाद अब पूर्व भारतीय दिग्गज क्रिकेटर इरफान पठान का बड़ा बयान सामने आया है। पठान ने अपने अधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से ट्वीट (एक्स) कर कहा कि उनका इस लीग से कोई संबंध नहीं है, उनका नाम गलत ढंग से इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने अपने ट्वीट में एक औपचारिक बयान जारी करते हुए लिखा कि 19 अक्टूबर 2025 को ही उन्होंने ईवीसीएल के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया था। स्पष्ट किया कि आयोजकों ने अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया था, जिस वजह से उन्हें यह फैसला लेना पड़ा। ट्वीट में कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि अनुबंध खत्म होने के बावजूद आयोजक उनके नाम और चेहरे का इस्तेमाल लीग को प्रमोट करने के लिए कर रहे हैं, जो अनधिकृत और भ्रामक हैं।

गौलापार स्टेडियम में 3 फरवरी से इस बहुचर्चित टी-20 लीग का आगाज होना था। बड़े-बड़े खिलाड़ियों के नाम पर इस टूर्नामेंट का प्रचार किया गया था, लेकिन धरातल पर आयोजकों पर धोखाधड़ी और अनियमितताओं के आरोप लगने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और मुख्य आयोजक विकास ढाका को गिरफ्तार किया गया। हालांकि कोर्ट ने विकास ढाका को जमानत दे दी है लेकिन पठान के इस ट्वीट ने लीग की विश्वसनीयता पर आखिरी कील ठोंक दी है। पठान ने ट्वीट के जरिए प्रशंसकों को आगाह किया है कि वह इस लीग से जुड़े उनके किसी भी पुराने या नए विज्ञापन को सच न मानें। उन्होंने कहा, मेरे नाम का उपयोग कर कोई भी दावा किया जा रहा है तो झूठा है। मैं मीडिया प्लेटफॉर्म्स और जनता से अनुरोध करता हूं कि वे इस लीग से मुझे जोड़ने वाली किसी भी सामग्री को नजरअंदाज करें। इस पूरे प्रकरण ने उत्तराखंड में क्रिकेट आयोजनों के नाम पर चल रहे खेल को बेनकाब कर दिया है।





I am issuing this statement to clarify that I have no association with the Epic Victory Cricket League (EVCL).

My contract with EVCL was formally terminated on 19th October 2025. This termination was a direct result of EVCL's material breach of the terms of the agreement.

It has come to my attention that my name and image are still being used to promote EVCL without my consent.

Please be advised that any claim of my involvement, endorsement, or commitment to EVCL is false and unauthorized. I request all media platforms and the public to disregard any promotional content linking me to this league.

इरफान पठान द्वारा ट्वीट।

# दुष्कर्म का आरोपी दबोचा निकाह का दिया था झांसा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पुलिस ने निकाह का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि ग्राम टांडा मल्लू निवासी महिला ने शिकायत में कहा कि उसकी 23 वर्षीय पुत्री को गांव के युवक जुनैद पुत्र नवाब ने निकाह का वादा कर बहला-फुसलाया और उससे लगातार संपर्क बनाए रखा। आरोपी लंबे समय तक निकाह की बात टालता रहा। आरोप है कि एक फरवरी को युवक युवती को काशीपुर ले गया, जहां उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद उसने अगले दिन निकाह करने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। बाद में पता चला कि आरोपी किसी अन्य युवती से निकाह करने की तैयारी कर रहा है। इससे आहत होकर युवती ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 1 मार्च से चलेगी होली स्पेशल लालकुआं-राजकोट ट्रेन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए रेलेव प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए लालकुआं-राजकोट-लालकुआं साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी चलाने की घोषणा की है। यह विशेष ट्रेन मार्च में कुल पांच फेरों के लिए चलाई जाएगी, जिससे उत्तराखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। लालकुआं-राजकोट साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 1 से 29 मार्च तक प्रत्येक रविवार को लालकुआं से दोपहर 12:35 बजे चलेगी। यह ट्रेन किच्छा, बहेड़ी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, बदायूं, सोरो, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जंक्शन, भरतपुर, दौसा, जयपुर, फुलेरा, नावा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना, डेगाना, मेड़ता रोड, गोटन, जोधपुर, लूनी, समदड़ी, मोकलसर, जालोर, मोदरान, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलड़ी, पाटन, महेसाणा जंक्शन, वीरमगाम, सुरेंद्रनगर और वांकानेर जंक्शन होते हुए अगले दिन शाम 6:10 बजे राजकोट पहुंचेगी।

वापसी में यह स्पेशल ट्रेन 2 से 30 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को राजकोट से रात 10:30 बजे प्रस्थान करेगी। वांकानेर, सुरेंद्रनगर, वीरमगाम, महेसाणा, पाटन, भीलड़ी, धनेरा, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी, जोधपुर, जयपुर, मथुरा जंक्शन, बदायूं, बरेली जंक्शन, बरेली सिटी, इज्जतनगर, भोजीपुरा, बहेड़ी और किच्छा होते हुए तीसरे दिन सुबह 5:15 बजे लालकुआं पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें दिव्यांगजन कंपार्टमेंट के 2, स्लीपर श्रेणी के 11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1 और सामान्य द्वितीय श्रेणी के 4 कोच शामिल हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर, संजीव शर्मा ने बताया कि होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी यात्रियों से समय रहते रिजर्वेशन कराने की अपील की है।



- साप्ताहिक होगी यह ट्रेन, कुल पांच फेरे लगाएगी
- किच्छा, बहेड़ी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बदायूं होते हुए पहुंचेगी राजकोट

### होली को लेकर चलाई जाएंगी अतिरिक्त रोडवेज बसें

**हल्द्वानी :** होली को लेकर उत्तराखंड परिवहन निगम भी अतिरिक्त व्यवस्थाएं करेगा। रोडवेज यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली, देहरादून, लखनऊ, राजस्थान सहित अन्य प्रमुख रूटों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। पर्वतीय क्षेत्रों के लोग मैदानी शहरों से होली मनाने बड़ी संख्या में हल्द्वानी से होते हुए पर्वतीय क्षेत्रों को जाते हैं। हल्द्वानी डिपो के एआरएम संजय पांडे ने बताया कि होली को लेकर हर साल की तरह की इस बार भी प्रमुख रूटों पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा।

## डिजिटल देवभूमि

### उत्तराखंड में बिजली बिल संग्रह का 81.65% हिस्सा ऑनलाइन, एक दशक में 2.74% से 80% पार

# बिजली बिल के डिजिटल भुगतान में ऐतिहासिक उछाल

नरेंद्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य में बिजली बिलों के भुगतान के तरीके में पिछले एक दशक के दौरान बड़ा बदलाव देखने को मिला है। डिजिटल माध्यम से होने वाले बिजली बिल भुगतान का प्रतिशत वर्ष 2014-15 में जहां मात्र 2.74 प्रतिशत था, वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिसंबर 2024 तक यह बढ़कर 81.65 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि राज्य में सरकारी बिलों के भुगतान में डिजिटल लेनदेन बढ़ रहा है।

ऊर्जा निगम के जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार वर्षवार आंकड़ों पर नजर डालें तो 2014-15 में डिजिटल कलेक्शन 2.74 प्रतिशत था। इसके बाद 2015-16 में यह बढ़कर 4.97 प्रतिशत और 2016-17 में 8.37 प्रतिशत हो गया। 2017-18 में यह 11.12 प्रतिशत और 2018-19 में 19.20 प्रतिशत तक पहुंच गया। शुरुआती पांच वर्षों में वृद्धि क्रमिक रही, लेकिन 2019-20 से इसमें तेज उछाल देखने को मिला। वर्ष 2019-20 में डिजिटल भुगतान का प्रतिशत 37.96 रहा, जो पिछले वर्षों की तुलना में दोगुने से अधिक वृद्धि दर्शाता है। इसके बाद 2020-21 में यह आंकड़ा 61.44 प्रतिशत तक पहुंच गया।




### कोविड-19 में मिला बढ़ावा

**हल्द्वानी :** कोविड-19 महामारी के दौरान संपर्क रहित भुगतान की आवश्यकता और ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया। वर्ष 2021-22 में डिजिटल कलेक्शन 71.23 प्रतिशत, 2022-23 में 75.30 प्रतिशत और 2023-24 में 78.11 प्रतिशत दर्ज किया गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिसंबर 2024 तक यह आंकड़ा 81.65 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

> डिजिटल लेनदेन में कहीं भी बैठे बिजली बिल का भुगतान हो जाता है। हम भी ऑनलाइन माध्यम से बिल की सूचना ग्राहक को देते हैं।
> **- प्रदीप कुमार**, ईई, नगर, ऊर्जा निगम, हल्द्वानी

### ऑनलाइन भुगतान में 1.5 प्रतिशत की छूट

**हल्द्वानी :** ऑनलाइन भुगतान में ऊर्जा निगम की ओर से 1.5 प्रतिशत की छूट है। विभिन्न थर्ड पार्टी एप जैसे आरटीजीएस, एनईएफटी, सीएससी, यूपीआई आदि से बिलों का भुगतान हो रहा है। माना जा रहा है अगले कुछ सालों में यह भुगतान 90 से 95 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।

## फायरिंग की झूठी सूचना देने पर हुआ चालान

**हल्द्वानी :** पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे फतेहपुर निवासी युवक ने डायल 112 पर कॉल कर ऊंचापुल क्षेत्र में फायरिंग की सूचना दी। कॉल को गंभीर मानते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर पड़ताल की तो फायरिंग जैसा कुछ मिला ही नहीं। सामने आया कि दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी-हाथापाई हुई थी। मुखानी थाना प्रभारी सुशील जोशी ने बताया कि मामले में फर्जी सूचना देने वाले युवक का 5 हजार रुपये का चालान काटा गया और भविष्य में इस तरह की भ्रामक सूचना न देने की चेतावनी दी गई है।

# सुबह टहलने निकले वृद्ध नहर में मृत मिले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर से टहलने निकले लापता बुजुर्ग की मौत हो गई। उनका शव नहर में पड़ा मिला।

मूलरूप से अल्मोड़ा निवासी 65 वर्षीय प्रमोद राम पुत्र स्व.जमन राम काठगोदाम में कलसिया पुल के पास परिवार के साथ किराए के मकान में रहते थे। वह रोजना की तरह मंगलवार सुबह साढ़े 4 बजे घर से टहलने निकले थे लेकिन फिर घर नहीं लौटे। परिजनों ने तलाश की लेकिन पुलिस को सूचना नहीं दी। इधर, बुधवार को काठगोदाम पुलिस को कॉल टैक्स नहर में शव पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। इस बीच सूचना पाकर प्रमोद का बेटा संजय भी मौके पर पहुंच गया, जिसने शव की शिनाख्त की। उसने पुलिस को बताया कि पिता को कम दिखाता था, चलने-फिरने में भी परेशानी होती थी। आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं कारणों से वह हादसे का शिकार हो गए। काठगोदाम एसओ विमल मिश्रा ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### युगमंच का 30वां होली महोत्सव 27 से

**नैनीताल :** युगमंच के तत्वावधान में 30वां होली महोत्सव 27 फरवरी से नयना देवी मंदिर परिसर में चीर बंधन के साथ प्रारंभ होगा। इसकी तैयारियों को लेकर विभिन्न संगठनों की बैठक हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ खड़ी बोली होली गायन से होगा, जबकि अपराह्न तीन बजे रामलीला मंच पर उद्घाटन होगा। चार मार्च तक चलने वाले महोत्सव में बैठकी होली, स्वांग व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ होल्यार नरेश चम्याल, हेमंत पंत सहित दो महिला होल्यारों को सम्मानित किया जाएगा।

### भारत बौद्धिक्स परीक्षा में स्नेहा चौथे स्थान पर

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर की शिक्षा विभाग की छात्रा स्नेहा मुरारी ने भारत बौद्धिक्स राष्ट्रीय परीक्षा–2026 में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्हें 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। परीक्षा 31 जनवरी 2026 को दो चरणों में आयोजित हुई, जिसमें लिखित परीक्षा और ऑनलाइन साक्षात्कार शामिल था।

# जनता को परेशान न करें प्राधिकरण कर्मचारी

## जिलाधिकारीने जिला विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों को दी सख्त हिदायत, लगाई फटकार

- **सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में उठी 183 शिकायतें, समाधान के निर्देश**

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में जनता की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल।

**अमृत विचार:** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। प्राधिकरण के अधिकारियों का कोई कोई स्थान न होने की शिकायत पर डीएम रयाल ने कहा राह चलते दुकानदारी नहीं चलेगी।

उन्होंने प्राधिकरण कर्मियों से कहा आमजन का शोषण बर्दाश्त नहीं होगा इसलिए वह हद में रहें, काबू में रहें। उन्होंने प्राधिकरण को तहसील कार्यालय में कमरा तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। उन्होंने प्राधिकरण के कर्मियों को निर्देश दिए कि पुराने मकान के मरम्मत अथवा एक कमरा बनाने वाले की केवल सूचना लें और इनफॉर्मेशन लिस्ट में अपडेट करें, कॉमर्शियल निर्माण कार्य के लिए सिंगल विंडो सिस्टम में आवेदन कराया जाए।

**अलग-अलग समस्याओं, मांगों पर दिए निर्देश :** सलमान सलमानी ने 115 बच्चों के सापेक्ष टीचर्स तैनाती की मांग की जिसपर डीएम ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्राइमरी स्कूल खताडी में टीचर्स की संख्या 4 करने के निर्देश दिए। प्रधान पीपलसाना हरीश द्वारा ट्राइबल एरिया में रोड निर्माण की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने ट्राइबल एरियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए गांव वासियों की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क निर्माण सहित अन्य सभी स्टीमेट बनाकर टीएसपी यानि ट्राइबल सब एरिया प्लान में प्रपोज्ड करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिए।

जिलाधिकारी ने नवीन भट्ट की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कहा कि ग्राम प्रधानों के पास वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार होते हैं तथा प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार की चूक न हो इसलिए नव निर्वाचित प्रधानों को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश जिला पंचायतराज अधिकारी को दिए।

रश्मि ने 3 केवी का सोलर प्लांट लगाने के बाद स्टेट सब्सिडी न मिलने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक उरेडा को निर्देश दिए कि जिले में 31 मार्च 2025 से पहले स्टॉल किए गए सभी सोलर प्लांट स्वामियों जिन्हें स्टेट की सब्सिडी नहीं मिली है, उन सभी से प्रक्रियाएं एवम् औपचारिकताएं पूरी कराते हुए शासन में प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। सभासद राहुल रावत ने कोसी नदी से भू- कटाव रोकने हेतु ड्रेजिंग की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने मानसून से पहले एहतियातन कदम उठाने, नदी का बहाव चैनलाइज करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अभियंताओं को दिए। सभासद नवीन सुनेजा द्वारा बिजली के तार झूलने की शिकायत का संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए कि रामनगर शहर में जहां भी तार झूल रहे हैं, पेड़ क्षतिग्रस्त हैं या पेड़ों के लोपिंग की जरूरत है, बरसात का इंतजार न करते हुए सभी वार्डों में टीम बनकर कार्यवाही करें।

अशोक खुल्बे द्वारा ढिकुली में अवैध कब्जे से संबंधित की गई शिकायत का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पुराने रिकॉर्ड खोलकर देखने और शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने काशीपुर-रामनगर रोड पर रात्रि में एक ही स्थान पर बार-बार दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट्स पर हाईमास्क लाइट लगवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### शिविर में इन लोगों की रही मौजूदगी

विधायक दीवान सिंह बिष्ट, चेयरमैन हाजी मोहम्मद अकरम, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष अमिता लोहनी, पूर्व बीडीसी सदस्य महावीर रावत समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



मेला स्थल का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलीक।

# एसडीएम ने लिया शिवरात्रि मेले की तैयारियों का जायजा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** 14 से 16 फरवरी तक भीमताल ब्लॉक की पिनरौ ग्राम सभा स्थित छोटा कैलाश में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय शिवरात्रि मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। उप जिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलीक ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित किए गए। दोपहिया वाहनों के लिए भटेलिया में तथा चारपहिया वाहनों के लिए ओपन थिएटर और पर्यटक आवास गृह में पार्किंग व्यवस्था की गई है। इस वर्ष पहली बार पूरे मेला क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा जाएगा। हल्द्वानी से आने वाले वाहन लमजाला मार्ग से होकर भटेलिया तक जाएंगे। बिजली विभाग ने 65 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगाया है, जबकि आदि कैलाश विकास समिति ने जलापूर्ति की व्यवस्था की है। दावाग्नि से बचाव की जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपी गई है।

# आईटीबीपी की 34वीं वाहिनी में मनाया सेवानिवृत्त सैनिक दिवस

संवाददाता, लालकुआं



आईटीबीपी 34वीं वाहिनी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सेवानिवृत्त जवान व अधिकारी।

**अमृत विचार:** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) की 34वीं वाहिनी, हल्दूचौड़ में कमांडेंट अनिल सिंह बिष्ट के नेतृत्व में सेवानिवृत्त सैनिक दिवस उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों के योगदान को स्मरण करना और उनके साथ आत्मीय संवाद स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर पूर्व सैनिकों एवं पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तंबोला प्रतियोगिता में पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके बाद सामूहिक भोज का आयोजन हुआ। कमांडेंट अनिल सिंह बिष्ट ने कहा कि पूर्व सैनिक संगठन की अमूल्य धरोहर हैं और उनका समर्पण राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है। पूर्व सैनिकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि वीके उप्रेती और पीएस डंगवाल ने हिमवीर जवानों के साहस की सराहना की। कार्यक्रम में द्वितीय कमान हेमंत कुमार, एसएमओ डॉ. चन्द्रशेखर, सहायक सेनानी शेखर चन्द्र पुनेठा, सहायक सेनानी कृष्ण सिंह दीक्षित, सहायक सेनानी दीपक सहरावत, सहायक सेनानी/एमओ डॉ. आयरीश मैथ्यू, सूबेदार रश्मि रंजन, मंच सूत्रधारक-अनिल यादव रहे।

# अधिवक्ता कल्याण की सोच वालों को समर्थन का ऐलान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** बार काउंसिल चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि संगठन अब केवल नाम, प्रचार या व्यक्तिगत समीकरणों के आधार पर किसी भी प्रत्याशी का समर्थन नहीं करेगा। समर्थन उन्हीं प्रत्याशियों को दिया जाएगा, जिनके पास अधिवक्ताओं के कल्याण और न्यायिक प्रणाली में सुधार के लिए स्पष्ट विजन और ठोस कार्ययोजना होगी।

एसोसिएशन के अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे एवं सचिव गौरव गोला ने बताया कि संगठन ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि कुल 11 प्रत्याशियों को मतदान किया जाएगा, जिनमें 6 पुरुष और 5 महिला प्रत्याशी शामिल होंगे। यह निर्णय संतुलन, विविधता और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिया गया है। सचिव गौरव गोला ने कहा कि संगठन केवल औपचारिकता के लिए समर्थन नहीं देगा। समर्थन उन्हीं प्रत्याशियों को मिलेगा, जो अपने घोषणापत्र में अधिवक्ताओं के अधिकारों, कल्याण योजनाओं और पेशे की गरिमा बनाए रखने के लिए व्यावहारिक नीति प्रस्तुत करेंगे।

एसोसिएशन की संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रत्याशियों का चयन योग्यता, ईमानदारी, प्रतिबद्धता, स्पष्ट विजन और ठोस कार्ययोजना के आधार पर किया जाएगा। केवल लोकप्रियता के आधार पर चुनाव लड़ने वालों को समर्थन नहीं मिलेगा।

# लालकुआं कोतवाली का निरीक्षण

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** अपर पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल ने लालकुआं कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कोतवाली के विभिन्न कक्षों, मालखाने, बैरकों एवं आवासीय भवनों का निरीक्षण किया और अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को आपसी समन्वय व मित्रवत व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए।

दोपहर बाद कोतवाली पहुंचे एएसपी कत्याल ने भवन, कर्मचारी बैरक व मालखाने का भ्रमण किया। उन्होंने शस्त्र ड्रिल, अभिलेखों, ऑनलाइन पोर्टल्स की जांच तथा महिला हेल्पडेस्क का भी निरीक्षण किया। महिला हेल्पडेस्क पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एएसपी ने विवेचनाओं में गुणवत्ता लाने और मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने पर जोर दिया।



लालकुआं कोतवाली के वार्षिक निरीक्षण के दौरान एएसपी हल्द्वानी। • अमृत विचार

### एसपी ने कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

**नैनीताल।** एसपी ने वार्षिक निरीक्षण के दौरान कोतवाली में अभिलेखों व मालखाने में माल का रखरखाव उचित नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कोतवाल को लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए। बुधवार को एसपी यातायात व अपराध डॉ. जगदीश चंद्र ने मल्लीताल कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान कोतवाली परिसर व मैस में सफाई व्यवस्था जांची। वहीं, मालखाने में माल का रखरखाव ठीक नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। एसपी ने कोतवाली स्तर पर की जा रही विवेचनाओं व ऑनलाइन पोर्टल पर मिल रही शिकायतों के निस्तारण की भी जांच की। उन्होंने ऑनलाइन शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने व विवेचनाओं के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में सीओ रविकांत सेमवाल, कोतवाल हेम पंत, एसएसआई दिनेश जोशी, एसआई मोहम्मद यूनुस व आशा बिष्ट रहे।

### मिनिस्ट्रीयल कर्मियों का कार्यबहिष्कार जारी

**नैनीताल:** लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन ने पारस्परिक स्थानांतरण की मांग को लेकर प्रांतीय खंड कार्यालय में अनिश्चितकालीन कार्यबहिष्कार शुरू कर दिया है। यह आंदोलन सोमवार से जारी है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष हिमेश सनवाल ने बताया कि पूर्व में स्थानांतरण प्रमुख अभियंता स्तर से किए जाते थे, जिससे प्रक्रिया सरल और समयबद्ध रहती थी। वर्तमान में शासन स्तर से स्थानांतरण होने के कारण मामलों में अनावश्यक देरी हो रही है। संगठन ने चेतावनी दी है कि शीघ्र समाधान न होने पर आंदोलन को तेज किया जाएगा। कार्यबहिष्कार के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रकाश चन्द्र आर्या, पूरन बिष्ट, किशन सिंह, सुनील कोहली, अंकिता नयाल, घनश्याम सत्यवली, जीवन पाण्डे आदि रहे।

# भोलापुर डालकन्या में शिवरात्रि महोत्सव 14 से

संवाददाता, धानाचूली

- **महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन**

**अमृत विचार:** ओखलकांडा के भोलापुर–डालकन्या स्थित शिव मंदिर में 14 व 15 फरवरी को दो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवक मंगल दल डालकन्या के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बिष्ट ने दी। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। आयोजकों के अनुसार 13 फरवरी को शाम 5 बजे तक वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए टीमों का पंजीकरण किया जाएगा। केवल पंजीकृत टीमें ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी। 14 फरवरी को सुबह 9 बजे शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद प्रातः 10 बजे वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। रात्रि 9 बजे से क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले होंगे। शाम 9 बजे लोकगायक राकेश पनेरू एवं पंजीकृत सांस्कृतिक दलों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति किए जाएंगे।

### स्वयंसेवक शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**भीमताल:** सामाजिक चेतना केंद्र, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडौन में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम 'उल्लास' के अंतर्गत स्वयंसेवी शिक्षकों (वीटीएस) को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर लोगो को साक्षर बनाना है।

जनपद नैनीताल में लगभग 24 हजार असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित की जा रही है। बुधवार को प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा एवं सीआरसी समन्वयक भगवान सिंह बर्गली ने किया। धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने कहा कि वर्ष 2027 तक शत-प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य है। संदर्भदाता ललित शर्मा ने स्वयंसेवी शिक्षकों को कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी।

# संस्कृति व संस्कार ही भारत की पहचान

संवाददाता, कालाढूंगी



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करती साध्वी रितु भारती व अन्य।

**अमृत विचार:** रामलीला मैदान में सकल सनातन समाज समिति द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता साध्वी ऋतु भारती एवं सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए साध्वी ऋतु भारती ने कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कार ही भारत को महान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि इस देश में नारी को देवी के समान सम्मान दिया जाता है। सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है, जिसमें 16 संस्कारों, ग्रंथों और पुराणों के माध्यम से जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जाती है। बच्चों को इन संस्कारों से जोड़ना आज समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी सोशल मीडिया के माध्यम से रिश्ते तय कर रही है, जो अधिक समय तक नहीं टिक पाते। आज चरित्र में गिरावट के कारण वैवाहिक जीवन प्रभावित हो रहा है, जो चिंता का विषय है। सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर ने जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए हिंदू समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में हनुमान चालीसा पाठ के साथ राष्ट्र की सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए संकल्प लिया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के छात्रों ने देशभक्ति एवं धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नगर प्रचारक घनश्याम बोरा, विधायक बंशीधर भगत, महापौर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा आदि रहे।

### 18 लोगों के चालान काटे, जुर्माना वसूला

**भवाली:** कोतवाली पुलिस द्वारा श्यामखेत व भवाली क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों और किरायेदारों के सत्यापन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

पिछले कई दिनों से पुलिस द्वारा लगातार सत्यापन की कार्रवाई की जा रही है, जिसमें मकानों में रह रहे किरायेदारों एवं बाहर से आए लोगों की जांच की जा रही है। इस अभियान के तहत बिना सत्यापन कराए रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एसएसआई आसिफ खान ने बताया कि अब तक 18 लोगों के चालान पुलिस एक्ट की धारा 81 के अंतर्गत किए गए हैं। इनसे कुल 4500 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने बताया कि सत्यापन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। सत्यापन अभियान के दौरान बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी तैनात रहे।

# कर्मियों ने कार्य दक्षता व प्रशासनिक कौशल बढ़ाने के नये तरीकों को जाना

संवाददाता, धानाचूली



आईवीआरआई मुक्तेश्वर में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित वैज्ञानिक एवं कर्मचारी।

**अमृत विचार:** भारत सरकार द्वारा विकसित आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के अंतर्गत भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) मुक्तेश्वर परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के 104 कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर अपनी कार्य दक्षता एवं प्रशासनिक कौशल को सुदृढ़ किया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की कार्य क्षमता बढ़ाना, व्यावसायिक एवं प्रशासनिक कौशल विकसित करना तथा लोक सेवा के प्रति सेवा भाव को मजबूत बनाना रहा। इस दौरान प्रतिभागियों को संवेदनशील, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स डॉ. गीता चौहान एवं डॉ. विकास चंदर ने आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म की अवधारणा, इसके प्रभावी उपयोग और नागरिक-केंद्रित प्रशासन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही डिजिटल लर्निंग, सकारात्मक कार्य संस्कृति एवं सतत क्षमता निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। समापन अवसर पर संयुक्त निदेशक डॉ. यशपाल सिंह मलिक ने कर्मचारियों से अपने दैनिक कार्यों में कर्मयोगी पथ अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण संस्थान की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के साथ कर्मचारियों में सेवा, समर्पण और उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं।

# दो कमरे का घर और बिजली बिल आया 18,937 रुपये

संवाददाता, कालाढूंगी




बिजली मीटर सांकेतिक फोटो।

**अमृत विचार: कालाढूंगी:** क्षेत्र में लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी से उपभोक्ता परेशान हैं। अधिकारियों के दावों के विपरीत, उपभोक्ताओं को राहत मिलने के बजाय समस्याएं बढ़ गई हैं। इससे लोगों में आक्रोश है।

बुधवार को विजयपुर, गुलजापुर व पूरनपुर गांवों के दर्जनों ग्रामीण बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायत लेकर बिजलीघर पहुंचे और एसडीओ से समाधान की मांग की। उपभोक्ताओं का कहना है कि 40 से 45 दिनों में 15 से 19 हजार रुपये तक के बिल आ रहे हैं। हेमा मेहता ने बताया कि दो कमरों के मकान का 44 दिन का बिल 18,937 रुपये आया है। प्रेमा तिवारी ने कहा कि मजदूरी कर परिवार चलाने के बावजूद 8,000 रुपये का बिल मिला है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। कुछ उपभोक्ताओं ने कहा कि पुराने लैंप और लालटेन के दिन ही बेहतर थे। कहा कि विभाग इस परेशानी को दूर करे।

### उत्तराखंड की हर्षिता कोहली हुईं सम्मानित

**रामनगर:** दिल्ली में आयोजित नेशनल प्रेस्टीज अवॉर्ड 2026 के भव्य समारोह में उत्तराखंड की कुमाऊनी अभिनेत्री हर्षिता कोहली को सम्मानित किया गया। बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर ने उन्हें मंच पर यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। यह अवॉर्ड उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान और कुमाऊनी कला को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए दिया गया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद हर्षिता कोहली ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि उत्तराखंड और कुमाऊनी संस्कृति का सम्मान है। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से क्षेत्रीय सिनेमा और लोकसंस्कृति के प्रचार-प्रसार में जुटी हुई हैं। हर्षिता कई कुमाऊनी फिल्मों और म्यूजिक वीडियो में अभिनय कर चुकी हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'डीएफओ डायरी' में उनके अभिनय को दर्शकों ने सराहा।

# वार्षिकोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

संवाददाता, नैनीताल

- **छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया**
- **अटल उत्कृष्ट विद्यालय का वार्षिकोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया**

**अमृत विचार:** अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका विद्यालय का वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। ताइक्वांडो समेत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने विद्यालय को दो कंप्यूटर देने की घोषणा की।

समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई। बाद में विद्यालय बैंड में छात्राओं ने देशभक्ति के धुनों से दर्शकों की मंत्रमुग्ध कर दिया। इस बीच कुमाऊनी लोक नृत्य व गीतों की धूम रही तो विभिन्न प्रांतों के गीत संगीत से राष्ट्रीय एकता परिचय दिया। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने छात्राओं की ओर से प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की खूब प्रशंसा की और अव्वल छात्राओं को सर्टिफिकेट और मैडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ खेलों व अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लें। प्रधानाचार्य जयश्री ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति पर प्रकाश डाला और अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेन्द्रसिंह अधिकारी, लता महरोलिया, विजय कुमार समेत शिक्षिका व छात्राएं मौजूद थे।

**सिटी ब्रीफ**

### छह दिन बाद न्यूरोसर्जरी के मरीजों को मिली राहत

**हल्द्वानी :** एसटीएच में सिरदर्द, रीढ़ की चोट, माइग्रेन, मिर्गी, लकवा आदि बीमारियों के मरीज को छह दिन बाद राहत मिली है। न्यूरोसर्जन की ओपीडी में डॉक्टर ने छह दिन बाद मरीजों को देखा है। उल्लेखनीय है कि न्यूरोसर्जन डॉ. अमित देवल ने नौकरी छोड़ दी है। साथ ही डॉ. अभिषेक राज अवकाश पर चले गए थे। ऐसे में गुरुवार से कोई भी न्यूरोसर्जन अस्पताल में ड्यूटी पर नहीं थे। ऐसे में न्यूरोसर्जन के बिना मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ रहा था। अब डॉ. अभिषेक राज वापस आ गए हैं और बुधवार को उन्होंने मरीजों को देखा। साथ ही अब न्यूरोसर्जरी के ऑपरेशन का इंतजार कर रहे मरीजों का भी राहत मिलेगी।

### यूकेडी पदाधिकारी पर की कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी :** पहाड़ी आर्मी ने उत्तराखंड क्रांति दल के एक पदाधिकारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली में तहरीर दी। जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल और नगर अध्यक्ष भुवन पांडे ने कहा कि बिना सबूत के यूकेडी पदाधिकारी ने उनके लोगों के ऊपर आरोप लगाए हैं। जिलाध्यक्ष महिला प्रेमा मेर ने कहा कि एक मारी गई पहाड़ की बेटी का अपमान किया है। जिला नगर अध्यक्ष कविता जीना ने कहा कि यूकेडी पदाधिकारी को अतिक्रमण करने वालों पर प्रेम क्यों आ रहा है। पीड़ित परिवार के लोगों ने कहा कि भैरव चौक में तीन पहाड़ी परिवारों को उनकी दुकान और मकान का अधिकार से वंचित किया गया है। कोरोना समय में उनको आग लगने के कारण मकान दुकान को सिर्फ रिपेयर करने के लिए खाली करवाया गया और पूरी जमीन मकान के साथ किसी और को बेच दिया।

### प्रणव व ध्रुव, अदिती व अशीष कौर जीते

**हल्द्वानी :** आप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान की ओर से आइटा अंडर-14 सुपर सीरीज 2026 शुरू हो गई है। बुधवार को बालक वर्ग के सेमीफाइनल मैच में महाराष्ट्र के प्रणव गायकवाड ने हरियाणा के तेकूपवन तेजा को 6-0, 6-1 से, इसी वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में उप्र के ध्रुव सिंह ने रबीब खान को 6-4,7-5 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में उप्र की अदिति सिंह ने गुजरात की प्रगति ठक्कर को 6-2, 6-2 व दूसरे सेमीफाइनल में चंडीगढ़ की अशीष कौर ने उप्र की सौंदर्या जायसवाल को 6-3,6-2 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पहुंची माहिरा भाटिया को प्रतिभावान खिलाड़ी पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया। वर्तमान में माहिरा भाटिया भारत की 26वीं रैंक की प्लेयर है। इससे पूर्व वर्ष 2024 में यह पुरस्कार सूद ब्रदर्स व मानस तिवारी जबकि अर्थव चौथरी व तुषार शर्मा को वर्ष 2025 के इमर्जिंग प्लेयर पुरस्कार से नवाजा गया था।

हल्द्वानी में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का ऐसा हाल है कि मानो बीमारों का इलाज बीमार स्वास्थ्य सेवाएं ही कर रहीं

# मरीजों या इलाज करने वाली व्यवस्था के लिए करें प्रार्थना ?

- **11 फरवरी को मनाया जाता है विश्व बीमार दिवस, हल्द्वानी में वही हाल जो पिछले कई सालों से है बरकरार**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हर साल 11 फरवरी को विश्व बीमार दिवस मनाया जाता है। यह दिवस इसलिए मनाया जाता है कि जो गंभीर अथवा लाइलाज बीमारी से पीड़ित हैं उनके ठीक होने की प्रार्थना की जाए और साथ ही उनके परिजनों को भी संबल दिलाया जा सके। हालांकि इन सबमें बड़ी भूमिका स्वास्थ्य सेवाओं की भी होती है लेकिन हल्द्वानी में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का ऐसा हाल है कि मानो बीमारों का इलाज बीमार स्वास्थ्य सेवाएं ही कर रही हैं।

इन्हीं स्वास्थ्य सेवाओं के साथ 11 फरवरी को भी मरीजों का उपचार किया गया है। पिछले कई सालों से ऐसा ही हो रहा है। हालांकि आने वाले सालों में यही उम्मीद की जानी चाहिए कि स्थितियां बेहतर हों।

### कम डॉक्टरों के साथ एसटीएच में मिल रहा है उपचार



**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में डॉक्टरों और फैकल्टी की भारी कमी है, जो 45 से 50 प्रतिशत तक खाली पदों के साथ काम कर रहा है। प्रमुख विभागों में विशेषज्ञ डॉक्टरों (स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट) की कमी से ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे मरीजों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। कॉलेज में 99 से अधिक पद खाली हैं। अभी हाल ही में 24 डॉक्टरों का चयन हुआ था लेकिन उनमें से नौ डॉक्टरों ने ज्वाइन ही नहीं किया। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि डॉक्टरों के साक्षात्कार करवाए जाएंगे और नए डॉक्टरों की नियुक्ति की उम्मीद है।

### बिना कार्डियोलॉजिस्ट के कैथलैब तैयार

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का अलग ही उदाहरण है। यहां भवन और मशीनें पहले लगा दी जाती हैं और उसके बाद डॉक्टर का इंतजार किया जाता है। इसी तरह एसटीएच में कैथलैब को बनाकर तैयार कर दिया गया है लेकिन कार्डियोलॉजिस्ट नहीं है। इस वजह से तैयार होने के बाद भी कैथलैब को बंद रखा गया है।

### बेस अस्पताल में स्टाफ की कमी



**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में तीन ओटी हैं। इसके बावजूद यहां पर एक भी ओटी टेक्निशियन नहीं है। यहां के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को ओटी टेक्निशियन के तौर पर काम में लगाया जाता है। अस्पताल में नर्सों और वार्ड बॉय की भी कमी है। नर्सों की ड्यूटी 24 घंटे की होती है। इसलिए उनसे शिफ्ट में काम लिया जाता है। अभी हाल ही में न्यूरोसर्जन के इस्तीफे के बाद अस्पताल में न्यूरोसर्जरी की ओपीडी बंद हो गई है। पीएमएस डॉ. केएस दताल ने बताया कि स्टाफ के लिए शासन में कहा गया है। स्टाफ आने के बाद सुविधाएं और भी बेहतर हो जाएंगी।

### महिला अस्पताल के भी यही हाल



**हल्द्वानी :** महिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ और जांच मशीनों की कमी के चलते स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। विशेषज्ञों की कमी के कारण ओपीडी और जांच सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अस्पताल में रोजाना लगभग 300 महिलाएं ओपीडी में पहुंच रही हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के चलते सभी को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। गंभीर मामलों में वेंटिलेटर, अल्ट्रासाउंड और अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध न होने से मरीजों को रेफर करना मजबूर बन गया है।



2 नागा रेजीमेंट के स्थापना दिवस समारोह में मौजूद पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

### कारगिल की वीर गाथा ने भरा जोश, जमकर झूमा नागा रेजीमेंट

**हल्द्वानी :** कारगिल युद्ध की वीरगाथाएं एक बार फिर हल्द्वानी में गूंज उठीं, जब 2 नागा रेजीमेंट के पूर्व सैनिकों ने अपना 42वां स्थापना दिवस उत्साह और गौरव के साथ मनाया। बुधवार को कमलुवागांजा रोड स्थित एक होटल में हुए समारोह में सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर सुमेर भदौरिया मुख्य अतिथि के रूप में और सेवानिवृत्त कर्नल बीरेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को नमन के साथ हुई। इसके बाद पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध के अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह कठिन परिस्थितियों में भी भारतीय जवानों ने साहस और रणनीति से मोर्चा संभाला। रेजिमेंट के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए पूर्व सैनिकों ने बताया कि अदम्य साहस और वीरता के लिए 2 नागा रेजीमेंट को सेना मेडल और महावीर चक्र जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के परिजनों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक पहाड़ी परिधान में सजी वीर नारियों और वीरांगनाओं की प्रस्तुतियों ने माहौल को भावुक हो गया। इस अवसर पर वीरांगनाओं और शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सुरेश चंद्र भट्ट, हीरा सिंह, राजेंद्र सिंह, भीम सिंह मौजूद रहे।

# दुर्व्यवहार व फाइलें गायब होने से नाराज अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा

## जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर जनपद भर की राजस्व कोर्ट में कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता, 23 फरवरी से बेमियादी आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जिला न्यायालय के अधिवक्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार और सरकारी कार्यालयों से फाइलें गायब होने के मामलों को लेकर जिला बार एसोसिएशन ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि अधिकारियों से वार्ता के दौरान उनके साथ गरिमापूर्ण व्यवहार नहीं किया जाता और कई महत्वपूर्ण फाइलें गायब हो रही हैं, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए।

महासचिव दीपक रुवाली ने कहा कि न्यायिक अधिकारी समय पर न्यायालय में नहीं बैठते तथा राजस्व न्यायालयों में गैर-विधिक व्यक्तियों से कार्य कराया जा रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ।

धरने की सूचना पर एडीएम विवेक राय मौके पर पहुंचे और लिखित आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो 23 फरवरी से हल्द्वानी व रामनगर सहित अन्य बार एसोसिएशनों के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में शंकर चौहान, दीपक दत्त, ओंकार गोस्वामी, नीरज साह, ज्योति, प्रकाश सिंह बोरा, प्रताप सिंह पडियार, शरद साह, अरुण बिष्ट, अनिल बिष्ट, कमल चिलवाल, सुभाष जोशी, रवि आर्या, मनीष कांडपाल, दीपक दानू, नीरज गोस्वामी, जितेंद्र बंगारी रहे।



बुधवार को नैनीताल में कलेक्ट्रेट में विभिन्न मांगों को लेकर धरना देते अधिवक्तागण। ● अमृत विचार



जजी कोर्ट में कार्य वहिष्कार कर नारेबाजी करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### कालाढूंगी में मुंसिफ न्यायालय खोलने की मांग

**कालाढूंगी :** तहसील क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने कालाढूंगी में मुंसिफ न्यायालय स्थापित करने की मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी बिपिन पंत को सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि जिला मुख्यालय से दूरी और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए यहां मुंसिफ कोर्ट आवश्यक है। उन्होंने बताया कि न्यायालय न होने से वादकारियों को दूर जाना पड़ता है, जिससे समय और धन की हानि होती है। तहसील में पर्याप्त स्टाफ और समय व्यवस्था न होने से कार्य प्रभावित हो रहा है। पटवारियों की लापरवाही और न्यायिक कार्यों में हस्तक्षेप पर भी चिंता जताई गई। कई अधिवक्ता इस दौरान मौजूद रहे। इस दौरान अधिवक्ता खीम सिंह बोरा, प्रमोद जोशी, केडी बधानी, वीर सिंह ठकुना, विनोद गोयल, विनय जोशी, चंचल गुप्ता, गोपाल बिष्ट, चंदन सिंह बिष्ट, जगदीश चंद्र, शुभम उपाध्याय, अवतार सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे ।

### हल्द्वानी में अधिवक्ताओं ने किया कामकाज ठप

**हल्द्वानी :** नौ सूत्रीय मांग को लेकर आग्रह, सांकेतिक प्रदर्शन और लिखित शिकायत देने के बावजूद जब समाधान नहीं निकला तो अधिवक्ताओं ने बुधवार को कार्य बहिष्कार कर दिया। इस दौरान जजी और एसडीएम कोर्ट में अधिवक्ताओं ने कोई काम किया नहीं किया। चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो 23 फरवरी को प्रदेश की अन्य बार एसोसिएशन को शामिल कर बेमियादी प्रदर्शन किया जाएगा। हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर पंत ने बताया कि जिले के राजस्व न्यायालयों में अनियमितताओं के समाधान के लिए अधिवक्ताओं ने हड़ताल की है। कई बार उन्हें न्यायिक अधिकारियों का साथ नहीं मिलता। आरोप लगाया कि जिले के ऐसे न्यायिक अधिकारियों का व्यवहार उनके प्रति सहज और गरिमापूर्ण नहीं है। सचिव मोहन सिंह बिष्ट ने बताया कि न्यायिक अधिकारियों का न्यायालय में बैठने एवं उठने का समय निश्चित होना चाहिए। राजस्व वादों में भेजे गये सम्मन, आदेश वाहिकाओं में तामीली रिपोर्ट समय से दाखिल होनी चाहिए। उपाध्यक्ष सुनील पुंडीर ने बताया कि अकृषक, दाखिल खारिज की रिपोर्ट तय समय पर आए। संयुक्त सचिव योगेश लोहनी और कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा कि राजस्व कोर्ट में चल रहे वादों एवं अन्य विधिक कार्यवाहियों में सूची व प्रत्येक पृष्ठ में पत्रांक संख्या आवश्यक रूप से दर्ज हों।

### राजस्व अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**रामनगर :** राजस्व विभाग से जुड़े मामलों में हो रही अनियमितताओं और देरी के विरोध में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। रामनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी के नेतृत्व में वकीलों ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से कुमाऊं आयुक्त को ज्ञापन भेजा। अधिवक्ताओं ने जमीन के दाखिल-खारिज मामलों में अनावश्यक विलंब, समान प्रकरणों में भिन्न निर्णय, बार-बार तारीख मिलने और अधिकारियों की उदासीनता पर नाराजगी जताई। श्री तिवारी ने बताया कि पूर्व में जिलाधिकारी से भी इस संबंध में मुलाकात की गई थी, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। वकीलों का कहना है कि राजस्व न्यायालयों में व्याप्त अव्यवस्थाओं के कारण आम जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो 23 फरवरी से अन्य बार एसोसिएशनों के साथ अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान गणेश कुमार गगन, बालम सिंह बिष्ट, हीरा सजवान, बृजमोहन,निसारुद्दीन,जावेद खान, उमाशंकर टम्टा, जगतपाल सिंह रावत, जगदीश जोशी, अरुण रौतेला,रुबीना रहे।

# ऊंचापुल पर जाम की वजह अतिक्रमण इन्हें हटाने का प्रयास स्टे से थमा : भगत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने ऊंचापुल चौराहे पर लगने वाले ट्रैफिक जाम को लेकर सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ चलाए जा रहे अभियान पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जाम की मुख्य वजह चौराहे पर अतिक्रमण है, जिन्हें हटाने के प्रयास कोर्ट से मिले स्टे के कारण रुके हुए हैं। विधायक भगत ने कहा कि कुछ लोग उन्हें इस समस्या के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, वीडियो बनाकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि उन्होंने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी अपराध, अतिक्रमण या अनैतिक कार्य करने वालों को संरक्षण नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि चिन्हित अतिक्रमणकर्ताओं को कोर्ट से स्टे ऑर्डर मिला हुआ है, जिसके चलते प्रशासन अतिक्रमण हटा नहीं पा रहा है। ऐसे में राजनीतिक लाभ के लिए उन पर झूठे आरोप लगाकर जनता के बीच उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप लगाया कि वास्तव में यह लोग खुद भगवा धारण कर भ्रम फैला रहे हैं, तथ्यहीन आधार पर उनकी बदनामी कर रहे हैं। जनता से अपील की है कि वे तथ्यों को समझें और सोशल मीडिया में चलाए जा रहे भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें।

विधायक बंशीधर भगत ने स्पष्ट किया है कि वे कानून के दायरे में रहकर ही काम करते हैं और अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन अदालती आदेश का सम्मान करना जरूरी है। साथ ही भ्रामक बातें प्रसारित कर अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहे लोगों को पहचानना भी आवश्यक है, जिससे स्वस्थ समाज के निर्माण में किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो।

# पीएसपी हॉस्पिटल में मंगल व शुक्रवार को निशुल्क ओपीडी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पीएसपी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को लेकर प्रबंधकों ने जानकारियां साझा की। उन्होंने बताया कि पीएसपी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कुमाऊं क्षेत्र का सबसे अत्याधुनिक 250 बेड वाला अस्पताल है, जो आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस है।

अस्पताल के चेयरमैन जगदीश पिमोली ने बताया कि अस्पताल की स्थापना का उद्देश्य हल्द्वानी में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यहां शीघ्र ही ब्लड बैंक की सुविधा भी प्रारंभ की जाएगी। मंगलवार और शुक्रवार को सभी मरीजों के लिए निशुल्क ओपीडी की व्यवस्था की गई है। साथ ही एमआरआई, कार्डियक सीटी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड सहित सभी प्रमुख जांचों पर विशेष छूट प्रदान की जा रही है। ब्रैकियल प्लेक्सस सर्जन डॉ. पीएस भंडारी ने बताया कि ब्रैकियल प्लेक्सस के इलाज की उन्नत सुविधा पीएसपी हॉस्पिटल में उपलब्ध है। यहां दुर्घटना के कारण नसों में आई चोट, हाथों की नसों की क्षति, तथा जन्मजात नसों की कमजोरी जैसी जटिल समस्याओं का सफल उपचार किया जा रहा है। इस दौरान निदेशक प्रेम पिमोली आदि रहे।

# कॉर्बेट में मोबाइल प्रतिबंध को लेकर नेचर गाइड असमंजस में

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** सीटीओ में मोबाइल फोन के उपयोग पर रोक को लेकर नेचर गाइडों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जिम कॉर्बेट नेचर गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद बुधानी के नेतृत्व में गाइडों ने पार्क प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की।

ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश (पैरा 48.5) का हवाला देते हुए कहा कि कोर हेबिटेट क्षेत्र में मोबाइल उपयोग पर रोक को लेकर विभागीय स्तर पर स्थिति स्पष्ट की जाए। यह आदेश केवल कोर एरिया तक सीमित है या बफर एरिया में भी लागू होता है, क्योंकि आदेश में बफर क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। पर्यटकों के मोबाइल फोन और लॉकर की चाबी की जिम्मेदारी गाइड या चालक पर न डाली जाए। उन्होंने कहा कि गाइड जंगल में अवैध गतिविधियों की जानकारी देते हैं। ऐसे में उन्हें वायरलेस सेट उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही सभी सफारी गेटों पर सघन जांच की भीजाए, ताकि प्रतिबंधित वस्तुएं जंगल में न पहुंचें। इस दौरान अनिल चौधरी, कैलाश पापने, राजेश नेगी मौजूद रहे।



कार्बेट के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते नेचर गाइड। ● अमृत विचार



रक्तदात प्रशांत अग्रवाल को सम्मानित करते डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी।

### लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने 15 वर्षों से रक्तदान कर रहे प्रशांत का किया सम्मान

**हल्द्वानी :** लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने पिछले 15 वर्षों से रक्तदान करने वाले प्रशांत अग्रवाल को लायंस रक्तदान सम्मान से नवाजा। संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने प्रशांत अग्रवाल को शॉल ओढ़ाकर, लायंस प्रेसिडेंट ब्लड बैंक सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में ब्लड बैंक की स्थापना नहीं हुई थी, तब से प्रशांत रक्तदान कर रहे हैं। वह 50 बार रक्तदान कर चुके हैं। इससे पूर्व प्रशांत को मोबाइल ब्लड बैंक की उपाधि भी दी जा चुकी है। इस दौरान डॉ. अनुज अग्रवाल, निशुल अग्रवाल, ज्योति पांडे, संदीप कुकसाल, अनुजकांत अग्रवाल रहे।

# सीपीआर का ज्ञान, हृदयघात से बचाए जान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज के स्किल सेंटर में तीन दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम शुरू हुआ। इमरजेंसी मेडिसिन विभाग, जेपीएनएटीसी एम्स नई दिल्ली के विशेषज्ञों यहां चिकित्सकों को मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में बेसिक लाइफ सपोर्ट और ट्रॉमा मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया।

एम्स दिल्ली के डॉ. बीएल मनीष कुमार ने कहा कि सीपीआर एक प्रकार की प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) है। यदि कोई व्यक्ति सांस लेने में असमर्थ हो जाए, सांस बंद हो जाए या वह बेहोश हो जाए तो कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) से जान बचाई जा सकती है। क्रिटिकल केयर की जानकारी के अभाव में गंभीर मरीजों को बचाना कठिन हो जाता है। प्रशिक्षुओं को समझाया कि हृदयाघात की स्थिति में पहला एक घंटा गोल्डन ऑवर माना जाता है। इसी समयावधि में त्वरित और सही उपचार देकर मरीज का जीवन बचाया जा सकता है। कहा कि कई बार एम्बुलेंस या अन्य चिकित्सा सुविधाएं समय पर उपलब्ध नहीं हो पाती हैं तो ऐसे में सीपीआर जीवन रक्षक साबित होता है। इस दौरान डमी से नर्सिंग ऑफिसर संगीता अफारिया, गीता सिन्हा, जगदीश चन्द्र और क्लिनिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑफिसर ने चिकित्सकों को सीपीआर और बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर डॉ. एके सिन्हा, डॉ. एससी जोशी, डॉ. परमजीत सिंह, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. ऋतु रखोलिया, डॉ. दीपा देउपा (नोडल ऑफिसर, स्किल सेंटर), डॉ. जहांआरा रहे।



राजकीय मेडिकल कॉलेज में सीपीआर का प्रशिक्षण प्रशिक्षण लेते डॉ. परमजीत सिंह।

# लापता ज्वैलर नरेंद्र की पत्नी ने भी लगाए आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र के लामाचौड़ से लापता हुए ज्वैलर नरेंद्र सिंह रावत की पत्नी पूजा बुधवार को एसएसपी से मिलने पहुंचे। पूजा ने उनके पति के खिलाफ तहरीर देने वालों पर आरोप लगाए और कहा कि उक्त लोगों ने जबरन उनकी दुकान खुलवाई और सामान उठा कर ले गए। मामले में एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी को निर्देश दिए हैं।

कुरिया गांव निवासी नरेंद्र सिंह रावत बीती 6 फरवरी से नरेंद्र लापता है। पूजा ने अपने पति की गुमशुदगी भी मुखानी थाना में दर्ज कराई है। आधा दर्जन लोगों ने आरोप लगाया था कि नरेंद्र ने उनसे पुराने गहने नए बनाने के नाम पर लेकर फरार हो गया। एसएसपी का कहना है कि उनकी पहली प्राथमिकता नरेंद्र को तलाश करने की है। मुखानी एसओ को निर्देशित किया है कि जब लोगों ने तहरीर दी है तो वह खुद मामले में दखल कैसे दे सकते हैं। उन्होंने व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया है।

अमृत विचार

हल्द्वानी, गुरुवार, 12 फरवरी 2026

रुद्रपुर

# इंदिरा चौक अब त्रिशूल के नाम से जाना जाएगा

## मुस्लिम कारीगरों ने किया निर्माण, बोले-मेयर सीएम करेंगे अनावरण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** रुद्रपुर का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले इंदिरा चौक को अब त्रिशूल चौक के नाम से जाना जाएगा। त्रिशूल चौक की एक खास बात यह भी है कि चौक का निर्माण जिन मिस्त्री या फिर मजदूरों ने किया है, वह मुस्लिम समुदाय के लोग थे। जिनके द्वारा एक बार फिर कौमी एकता का संदेश देने की पहल की है। संभावना है कि 14 फरवरी को सीएम पुष्कर सिंह धामी त्रिशूल चौक का लोकार्पण करेंगे।

बताते चले कि जैसे ही हम रामपुर हाईवे से रुद्रपुर की सीमा में प्रवेश करते हैं तो सबसे पहले इंदिरा चौक का प्रवेश द्वार पड़ता है। मेयर विकास शर्मा ने कुर्सी संभालते ही इंदिरा चौक को त्रिशूल चौक और डीडी चौक को डमरू चौक बनाने की घोषणा की थी। त्रिशूल लगभग बनकर तैयार हो चुका है। चौक के निर्माण कार्य की खास बात यह है कि निगम ने चौक बनाने का ठेका मुस्लिम समुदाय के कुशल मिस्त्री को दिया था। जिस त्रिशूल को हिंदू समाज आस्था की दृष्टि से देखता है, उसका निर्माण मुस्लिम समुदाय के मिस्त्री और मजदूरों द्वारा किया गया है। जो कि कौमी एकता का संदेश देने के साथ ही चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना था कि वास्तव में मुस्लिम समुदाय ने यह सिद्ध कर दिया है कि कर्म से बड़ा कुछ नहीं और कौमी एकता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है। ऐसे में प्रबल संभावना यह भी है कि 14 फरवरी को सीएम पुष्कर सिंह धामी विशाल त्रिशूल का अनावरण कर सकते हैं।



कुछ इस तरह दिख रहा त्रिशूल चौक। ● अमृत विचार

### बोले मेयर : कौमी एकता का गुलदस्ता है शहर

**रुद्रपुर :** महापौर विकास शर्मा ने बुधवार को त्रिशूल चौक का स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की प्रगति को समझा। इस दौरान ठेकेदार ने बताया कि त्रिशूल चौक का निर्माण पूर्ण हो चुका है और लोकार्पण के बाद सार्वजनिक हो जाएगा। पूछे गए सवाल पर मेयर विकास शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार त्रिशूल चौक के निर्माण में मुस्लिम समुदाय ने बेहतर कार्य किया है, वह कौमी एकता की मिसाल है। तराई भाबर कौमी एकता का गुलदस्ता है।

## सिटी ब्रीफ

### जुआरी पति ने बच्चों संग पत्नी को घर से निकाला

**बाजपुर :** ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी एक महिला ने पति और सास पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पांच बच्चों की मां पीड़िता का आरोप है कि उसका पति जुआ खेलने का आदी है और अपनी जमीन तक हार चुका है।पीड़िता के अनुसार, अब पति और सास दहेज के लिए दबाव बना रहे हैं और विरोध करने पर बच्चों समेत उसे घर से निकाल दिया है। गंभीर आरोप है कि पति अपने ही बच्चों को अपनाने से इनकार कर अपमानजनक बातें करता है। मायके की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बेसहारा हुई महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय और सुरक्षा की मांग की है।

### दो पक्षों के विवाद में बुजुर्ग महिला हुई लहूलुहान

**बाजपुर :** ग्राम इटव्वा में मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में हुई मारपीट में 77 वर्षीय बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, दुर्गा बाई पत्नी हरिओम सिंह का दूसरे पक्ष से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था, जिसने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। मारपीट के दौरान बुजुर्ग महिला को गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को तुरंत उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तहरीर के आधार पर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## विदेश भेजने के नाम पर 28 लाख की ठगी

- पीड़िता ने एसएसपी से मांगी जान की भीख

**रुद्रपुर:** किच्छा के ग्राम दोपहरिया निवासी एक महिला ने कबूतरबाज से तंग आकर एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता सोनिया गोस्वामी का आरोप है कि अमित पांडे नामक व्यक्ति ने ऑस्ट्रेलिया का वीजा दिलाने के नाम पर उनसे 28 लाख रुपये की मांग की थी। रकम का एक हिस्सा लेने के बाद आरोपी ने युद्ध का बहाना बनाकर ऑस्ट्रेलिया भेजने से इनकार कर दिया।

पीड़िता के अनुसार, जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी, तो आरोपी ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया और अब 29 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहा है। आरोप है कि कबूतरबाज ने उनके पति की चेकबुक और दस्तावेज भी हड़प लिए हैं और जमीन बेचकर पैसे न देने पर बदमाशों से हमला करवाने की धमकी दे रहा है।

धमकियों से परेशान पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वह आत्महत्या करने को मजबूर होगी। एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

# प्रॉपर्टी विवाद में रिटायर्ड नेवी ऑफिसर ने बताई वास्तविकता

- कब्जाधारक ने बल्लू के खिलाफ खोला मोर्चा
- बोले: बल्लू ने दिया धोखा, समझा था भाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आवास-विकास स्थित एक पुश्तैनी कोठी को लेकर उपजा विवाद अब तूल पकड़ चुका है। गोवा से आए रिटायर्ड नेवी ऑफिसर मुकेश बत्रा ने प्रेस वार्ता कर बलविंदर सिंह बल्लू पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बत्रा का कहना है कि उन्होंने बल्लू को छोटा भाई मानकर संपत्ति बेचने का अधिकार दिया था, लेकिन उसने दस्तावेजों में हेराफेरी कर धोखाधड़ी की।

बत्रा के अनुसार, वर्ष 2023 में 55 लाख रुपये में संपत्ति का सौदा तय हुआ था, लेकिन उन्हें कोई भुगतान नहीं मिला। आरोप है कि बल्लू ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे संपत्ति अपने नाम कराने की कोशिश की और बिना अनुमति के बिजली मीटर भी लगवा लिया। नेवी अफसर ने बताया कि आवास विकास परिषद की एनओसी न होने के कारण रजिस्ट्री रुक गई, जिससे उनकी संपत्ति हड़पने की कोशिश विफल रही।

मुकेश बत्रा ने पुलिस पर भी सवाल उठाए हैं कि आरोपी ने उनके खिलाफ ही झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द न्याय नहीं दिया, तो वह अपनी पत्नी के साथ पुलिस कार्यालय के सामने आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे।

### सुखवंत सुसाइड की हो सकती है पुनरावृत्ति : बल्लू



बलविंदर सिंह।

**रुद्रपुर :** रिटायर्ड नेवी अधिकारी एवं कब्जा धारक ने अपना पक्ष रखकर असलियत बताई। वहीं आरोपी बलविंदर सिंह बल्लू ने कहा कि संपत्ति में पार्टनर रहे अधिवक्ता कुलवीर सिंह ढिल्लो ने अधिवक्ता होने की चालाकी दिखाई और संपत्ति को हड़पने का आरोप लगाया। वहीं कब्जाधारक रिटायर्ड नेवी ऑफिसर पर अधिवक्ता के साथ मिलकर पैसा हड़पने की साजिश करार दिया। बल्लू का कहना था कि उनके पास संपत्ति खरीद के सभी दस्तावेज मुहैया है। यदि प्रशासन ने न्याय नहीं दिलाया तो एक बार फिर सुखवंत सुसाइड प्रकरण की पुनरावृत्ति हो सकती है। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### संपत्ति की आड़ में हड़पे लाखों रुपये: ढिल्लो



नेवी ऑफिसर मुकेश बत्रा।

**रुद्रपुर :** एक दौर वो था कि जब बलविंदर-कुलवीर को जिगरी यार कहा जाता था। वहीं वर्तमान में दोस्त अधिवक्ता कुलवीर ने कहा कि पैसों के लालच में दोस्त ने मुझे धोखा दिया है। बताया कि जिस वक्त रिटायर्ड नेवी अधिकारी की संपत्ति खरीदी थी, उस वक्त बलविंदर भी पार्टनर था। बाद में पता चला कि दोस्त ने संपत्ति खरीद के दो दस्तावेज बनाए और संपत्ति अपनी पत्नी के नाम दर्ज करने की कोशिश की। यही कारण है कि वर्तमान में दोस्त से लाखों रुपये लेने भी हैं।

# 15 सदस्यीय एथलीट टीम जबलपुर रवाना



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जबलपुर रवाना होते पंत विवि के मास्टर्स एथलीट। ● अमृत विचार

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** विवि की 15 सदस्यीय मास्टर्स एथलीट टीम तीन-दिवसीय 45वीं इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने बुधवार को जबलपुर (मध्य प्रदेश) रवाना हो गई। 13-15 फरवरी तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का आयोजन गोकलपुर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड जबलपुर में किया जा रहा है।

बीती सात जनवरी को मझोला में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलीट प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर इन सभी एथलीटों का चयन इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

टीम के मैनेजर डॉ. संदीप कुमार व कोच सुदीष राय हैं। टीम के अन्य सदस्यों में पूनम त्रिपाठी, उर्मिला तड़ियाल, डॉ. संदीप कुमार, राजेंद्र उरांव, वजीर अहमद, सुदीष राय, रजनीष कुमार पांडे, राकेश कुमार यादव, पंकज सिंह, संतोष कुमार सिंह, प्रभाकर जोशी, सुरेश राजपूत, अशोक कुमार, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता व राजेश जुकारिया हैं। टीम में उत्तराखंड की ओर से राज्य सचिव धर्मपाल शर्मा, ओपी मंडोला भी शामिल हैं।

## माइनिंग चेकपोस्ट पर जमकर हंगामा

**बाजपुर:** रामराज रोड स्थित एनएनटोपा क्षेत्र में बुधवार को कैलाश बैड मिनरल (माइनिंग कंपनी) के चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच को लेकर भारी हंगामा हुआ। खनन वाहन चालकों और माइनिंग टीम के बीच शुरू हुई कहासुनी ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वाहन चालकों का आरोप है कि रॉयल्टी और वैध दस्तावेज दिखाने के बावजूद कर्मचारी उन्हें परेशान करते हैं और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और तूल पकड़ गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा के आवास के सामने स्थित इस नाके पर बार-बार वाहन रोकने से यातायात बाधित होता है।

# फॉरेस्ट फायर मॉक अभ्यास में नहीं हो कोई चूक

संवाददाता,रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने कहा कि 18 फरवरी को होने वाले फॉरेस्ट फायर मॉक अभ्यास की तैयारियों में कोई चूक नहीं हो, इसका अधीनस्थ विशेष तौर पर ध्यान रखें। ताकि वनाग्नि की रोकथाम को कारगर कदम उठाए जा सकें।

बुधवार को जिला आपदा प्रबंधन सभागार में डीएम ने मॉक अभ्यास की तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि वनाग्नि प्रबंधन व नियंत्रण की दिशा में वन प्रभागों में विद्यमान संसाधनों की उपलब्धता व उपयोगिता, प्रतिक्रिया की क्षमता, अर्न्तविभागीय समन्वय, समुदायों की सहभागिता आदि का अभ्यास करना बेहद जरुरी है। जिसका उद्देश्य अपने तंत्र को आपदा के दृष्टि से आंकलन व सुदृढ़ करना है। सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर दायित्वों का निर्वहन करें। डीएम ने डीएफओ व उप जिलाधिकारी को सजग रहने का आदेश दिया। निर्देश दिए कि वनों से लगे गांव के लोगों को वनाग्नि के प्रति जागरूक करें। आह्वान किया जाए कि वनाग्नि की घटना होते ही फौरन आपदा कंट्रोल रूम, पुलिस व वन विभाग को सूचित करें। प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान में इस वर्ष वनाग्नि की संभावनाएं अधिक बताई गई हैं। 15 फरवरी से 15 जून तक फायर सीजन होता है। इसलिए सभी अधिकारी सक्रिय होकर आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 18 फरवरी को वनाग्नि नियंत्रण मॉक अभ्यास सुबह साढे. दस बजे संजय वन में होगा। इस मौके पर एसडीएम गौरव पांडेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, पुलिस निरीक्षक अर्जुन सिंह, रवि रावत, अग्नि सुरक्षा अधिकारी चंदन, फायरमैन प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता लोनिवि भुवन भास्कर पांडेय, पशु चिकित्साधिकारी एसके शर्मा आदि मौजूद रहे।



अधीनस्थों के साथ बैठक करते डीएम। ● अमृत विचार

# महिला सिपाही पर किया हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आकाश दुबे की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मृतक की पत्नी (महिला सिपाही), सास और मामा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आदर्श कॉलोनी निवासी विश्वामित्र दुबे ने अपनी बहू नैना तिवारी, जो 31वीं पीएसी में तैनात है, पर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बेटे की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है।

मृतक के पिता के अनुसार, आकाश और नैना ने मार्च 2024 में प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के भड़काने पर नैना ने आकाश को बेरोजगारी के ताने देकर प्रताड़ित करना और तलाक का दबाव बनाना शुरू कर दिया। 20 अप्रैल 2024 की रात विवाद के बाद आकाश का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला। पिता का दावा है कि पत्नी और उसके रिश्तेदारों ने मिलकर आकाश की हत्या की और इसे सुसाइड दिखाने के लिए शव लटका दिया।

# 'बड़ा भाई' बोलकर विधायक पर कसा तंज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय पर तीखा हमला बोला है। बुधवार को प्रेस वार्ता में भुल्लर ने तंज कसते हुए विधायक को ''बड़ा भाई'' और ''कुशल राजनीतिज्ञ'' तो कहा, लेकिन साथ ही उन पर और उनके परिवार पर गरीबों की जमीन हड़पने के गंभीर आरोप मढ़े।

भुल्लर ने कहा कि अरविंद पांडेय ने 25 साल से झूठ की राजनीति के दम पर कुर्सी बचाई है, जबकि क्षेत्र विकास को तरस रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब विधायक की अपनी सरकार ने उनके परिवार के खिलाफ जमीन हड़पने की जांच बैठाई और नोटिस चस्पा किए, तो अब सच्चाई सामने आनी चाहिए। भुल्लर ने मुख्यमंत्री धामी से मांग की कि विधायक की ''अकूत संपत्ति'' और कथित 'माफियागिरी' की सीबीआई जांच कराई जाए, जैसा कि विधायक खुद दावा कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि विधायक के गलत कार्यों के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।



पत्रकारों से वार्ता करते यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भुल्लर। ● अमृत विचार

### दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता का समापन

**काशीपुर :** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की ओर से विभिन्न खेलों में दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता का समापन हुआ। बुधवार शाम को स्टेडियम में 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें करीब 370 खिलाड़ियों ने वेटलिफ्टिंग, ताइक्वांडो, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग में पंजीकरण कराकर ट्रायल दिए। एथलेटिक्स कोच ओमप्रकाश सिंह, बॉक्सिंग कोच मुकेश बेलवाल, सिकंदर पटेल, ताइक्वांडो कोच नीरज कुमार, वेटलिफ्टिंग कोच पवन शर्मा ने दूसरे दिन अभ्यर्थियों की ऊंचाई, वजन, बॉल फेंकना, वर्टिकल जंप, मुक्केबाजी, मुकाबला, दौड़ आदि को परखा। केंद्र के सहायक निदेशक अनिल कुमार द्विवेदी ने बताया कि दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता संपन्न हो गई है।

# पाल कंप्यूटर को देना होगा 19600 हर्जाना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने नया सीपीयू बता कर पुराना सीपीयू देने के मामले की सुनवाई की और पाल कंप्यूटर को 19600 रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया।

46वीं वाहिनी पीएसी के रहने वाले जीवन सिंह कनवाल ने बताया कि सात जनवरी 2024 को उसने पाल कंप्यूटर से एक नया सीपीयू खरीदा था। जिस पर फर्म द्वारा दस हजार का कोटेशन और एक हजार रुपये का पुराना सीपीयू खरीदा था। नया सीपीयू बताते हुए सीपीयू लगाकर 7800 रुपये यूपीआई कर दिए। नौ जनवरी को जब सीपीयू खराब हुआ और जैसे ही सीपीयू खोला तो अंदर पार्ट्स पुराने व जंक लगे हुए थे। जब इस संबंध में जानकारी जुटाई तो फर्म स्वामी आनाकानी करने लगा। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष राजीव कुमार खरे, सदस्य नवीन चंद्र चंदोला, डॉ. मनीला की खंडपीठ ने निर्णय दिया कि फर्म को 45 दिन के अंदर 9900 रुपये, पांच हजार रुपये मानसिक क्षति और 2000 रुपये वाद व्यय देने का आदेश दिया।

**हालात** अवज्ञा आंदोलन में गांधी के साथी रहे स्व. नारायण दत्त के परिजन उपेक्षा के कारण सरकारी सुविधाओं को तरसे

# देश आजाद कराने में दादा को ताम्रपत्र, होटलों में बर्तन मांज रहा पौत्र

अमृत विचार एक्सक्लूसिव

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार:** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत के बदौलत आज देश को आजाद हुए 78 वर्ष बीत चुके हैं। लेकिन देश को आजाद कराने वाले कुछ स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार सरकारी उपेक्षा के चलते आज भी बदहाली के आंसू बहा रहे हैं। ऐसे ही एक स्वतंत्रता सेनानी और ताम्र पत्र से सम्मानित स्व. नारायण दत्त पंत का पौत्र शंकर दत्त पंत आज होटलों में बर्तन मांजकर गुमनामी की जिंदगी जीने को मजबूर है।

बागेश्वर के कांडा तहसील स्थित खंतोली ग्राम में वर्ष 1899 में नारायण दत्त पंत का जन्म हुआ था। देश में ब्रिटिश हुकूमत देख 33 वर्ष की उम्र में वह अपने भाई दो भाइयों कीर्ति बल्लभ व गोवर्धन पंत के साथ गांधी जी द्वारा चलाए जा रहे सविनय अवज्ञा आंदोलन में कूद गए। अंग्रेजों के खिलाफ इस आंदोलन में उन्हें बिट्रिश हुकूमत ने 11 अप्रैल 1932 को जेल भेज दिया। तीन महीने तक अजमेर की मॉडर्न जेल में रहने के बाद नारायण दत्त देश को आजाद कराने की गांधी जी की मुहिम में जुट गए। जिसके बाद ब्रिटिश पुलिस आए दिन उनके घर पर दबिश मारती रही। कभी वह महिलाओं के कपड़े पहनकर, कभी गौशाला आदि में छुपकर अपनी जान बचाते और देश की आजादी में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। आज इस सेनानी परिवार के सम्मान को न तो केंद्र सरकार और न ही तत्कालीन यूपी अथवा वर्तमान की उत्तराखंड की सरकार ने बरकरार रखा है।



शांतिपुरी के होटल में बर्तन मांज रहा शंकर दत्त पंत। ● अमृत विचार

### तत्कालीन सीएम कमलापति ने ताम्रपत्र से नवाजा

**पंतनगर :** स्व. पंत के पौत्र शंकर दत्त पंत ने बताया कि वर्ष 1980 में दादा की मृत्यु के बाद उनका परिवार लालकुआं तहसील में बिंदुखत्ता के रावत नगर तृतीय में आकर बस गया था। उसके दादा पांच भाई थे। सभी स्वतंत्रता सेनानी थे। उसके पिता भी पांच भाई थे, वह सभी भारतीय सेना का हिस्सा रहे हैं। उसके दादा को देश के 25वें स्वतंत्रता दिवस पर यूपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने ताम्रपत्र से नवाजा था। वर्ष 2018 में उसके पिता जगदीश चंद्र पंत की मृत्यु के बाद वह शासन-प्रशासन में चक्कर काटता रहा, लेकिन उसे आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला।

### सरकारी सुविधाओं के लिए खाईं दर-दर की ठोकरें

**पंतनगर :** शंकर ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी होने के नाते उनके आश्रितों को सरकार की ओर से मिलने वाली सरकारी नौकरी, पेंशन, आवास, उनके नाम पर सड़क और पेट्रोल पंप आदि जैसी कोई सुविधा नहीं दी गई। इस सम्मान के लिए उसके पिता ने भी जीवित रहते लंबी लड़ाई लड़ी और 2018 में उनकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद उसने अधिकारियों से लेकर विधायक, और मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। जिससे आज वह होटलों में बर्तन आदि मांजने पर मजबूर है।

# दुग्ध उत्पादों पर दिया प्रशिक्षण

- जनजातीय महिलाओं से आय में वृद्धि करने का आह्वान

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि संचार विभाग की ओर से दुग्ध आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों से जनजातीय महिलाओं का सशक्तिकरण पर दो-दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आईसीएआर से वित्तपोषित उपयोजना के तहत इस प्रशिक्षण में सितारगंज के सिसोना गांव की जनजातीय महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

प्रधान अन्वेषक डॉ. अर्पिता शर्मा कांडपाल के दिशा निर्देश में आयोजित प्रशिक्षण का शुभारंभ निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने किया। उन्होंने 'स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के महत्व' पर व्याख्यान देते हुए दुग्ध उत्पादन में स्वच्छता एवं गुणवत्ता मानकों की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. अजय प्रभाकर ने 'दुग्ध उत्पादन में चारे के महत्व' पर व्याख्यान देते हुए दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं पशुओं के स्वास्थ्य सुधार में संतुलित आहार की भूमिका स्पष्ट की। डॉ. अनीता आर्या ने व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें छेना, बर्फी, पेड़ा, आइसक्रीम तथा फिंगर मिलेट (मंडुआ) लस्सी जैसे दुग्ध आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्माण का प्रदर्शन किया गया। डॉ. सुनील कुमार ने 'स्वच्छ दुग्ध उत्पादन हेतु पशु प्रबंधन एवं देख-भाल' पर व्याख्यान देते हुए पशुओं की उचित देखभाल एवं रोग नियंत्रण के उपायों पर प्रकाश डाला। डॉ. जेपी जायसवाल ने दुग्ध उत्पादों के मूल्य निर्धारण, विपणन चैनलों एवं प्रचार-प्रसार से संबंधित प्रभावी विपणन रणनीतियों पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. निर्मला भट्ट ने बताया कि दुग्ध उत्पादों के माध्यम से किस प्रकार मूल्य संवर्धन कर महिलाओं की आय में वृद्धि की जा सकती है। डॉ. अर्पिता ने बताया कि मोबाइल ऐप एवं सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाएं किस प्रकार नवीन तकनीकों, सरकारी योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं बाजार संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। इस दौरान प्रतिभागी महिलाओं ने अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। साथ ही प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सामग्री एवं आवश्यक इनपुट वितरित किए गए। ताकि वे अपने घर एवं समुदाय स्तर पर दुग्ध आधारित मूल्य संवर्धित उद्यमों को प्रारंभ कर सकें।

ब्रीफ न्यूज

## दिनेशपुर पूर्व सभासद रंगकर्मी बाछाड़ का निधन

**दिनेशपुर :** नगर के पूर्व सभासद रंगकर्मी मनोरंजन बाछाड़ (60) का आकस्मिक निधन हो गया है। बुधवार सुबह अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। परिजन उन्हें तत्काल चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनकी मृत्यु के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पूर्व सभासद बाछाड़ बांग्ला जात्रागान के अभिनेता थे। दोपहर बाद स्थानीय नगर के मोक्ष धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। निधन पर नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, वरिष्ठ रंगकर्मी चंद्रकांत मंडल, भाजपा नेता हिमांशु सरकार, रंगकर्मी मनोज राय उर्फ मुन्ना, पूर्व सभासद सुकुमार सरकार, सभासद सत्यजीत विश्वास व राखाल मंडल, विजय ढाली, जगमोहन पंत, अनिल मिश्रा, अशोक कालड़ा, सागर सिंह ने शोक जताया है।


मनोरंजन। (फाइल)

## पूर्व लेखाकार सागर का लंबी बीमारी के बाद निधन

**बाजपुर :** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति, जनजाति एवं शोषित वर्ग उत्थान समिति के राष्ट्रीय महासचिव व इंटर कालेज बाजपुर के पूर्व लेखाकार डोरी लाल सागर उर्फ बाबूजी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार मोक्ष धाम बाजपुर में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग अंतिम विदाई देने पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डोरी लाल सागर शोषित वर्ग की आवाज बुलंद करने वाले सशक्त व्यक्तित्व थे। उनके निधन पर इंटर कालेज बाजपुर के अध्यक्ष अविनाश शर्मा, प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह, जिपं सदस्य जितेंद्र कुमार शर्मा, सत्येंद्र यादव, राजेंद्र सिंह बेदी, एडवोकेट सूरज सागर, भाजपा नेता राजेश कुमार सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया।

## खूनी संघर्ष मामले में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**खटीमा :** इस्लामनगर में नौ दिन पूर्व दो पक्षों के बीच हुए हिंसक विवाद में पुलिस ने दूसरे आरोपी जावेद उर्फ फूल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इससे पहले पुलिस शमशुद्दीन नामक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। विवाद के दौरान चाकू और तलवारों के हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। मामला तब और गंभीर हो गया था जब हमलावर नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भी मारपीट पर उतारू हो गए, जिससे डॉक्टर को पुलिस बुलानी पड़ी थी।

# गूलरभोज चेयरमैन चुघ को पितृ शोक

संवाददाता, गूलरभोज

**अमृत विचार:** नगर पंचायत चेयरमैन सतीश चुघ के पिता समाजसेवी रामलाल चुघ (82) का मंगलवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। निधन का समाचार सुनते ही उनके आवास संतोषनगर में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। समाजसेवी रामलाल चुघ अपने पीछे पत्नी नारायणी देवी व पुत्र हेमराज चुघ, बलदेवराज चुघ, सोमनाथ चुघ व सतीश चुघ सहित तीन पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस दौरान व्यापार मंडल ने शोक में आधे दिन बाजार बंद रखा।


रामलाल चुघ। (फाइल)

बुधवार को नगर के मोक्ष धाम में समाजसेवी रामलाल चुघ की अंत्येष्टि की गई। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडेय, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, दिनेशपुर नपं पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, पूर्व प्रधानाचार्य गौरीदत्त बुधौरी, वरिष्ठ व्यापारी नेता प्रमोद कुमार गुप्ता, कोपा पूर्व प्रधान मनोज देवराड़ी, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य बाबू सिंह तोमर, अमित कुमार गुप्ता, संदीप कुमार, हरीश छाबड़ा, संजीव गुप्ता, सुखविंदर सिंह, अजय अरोरा, सुरेंद्र सिंह, विजय कुमार, मोहन सिंह पवार, कुंदन सिंह मेहता, सोमनाथ, भूपेंद्र आर्य, बलराम मंडल, गोविंद राजभर, दीवान सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह, नरेश कुमार आदि शामिल थे।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बरहैनी ग्रामीण मंडल ने किया कार्यक्रम

# पं. दीनदयाल के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बरहैनी ग्रामीण मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद और अंत्योदय की विचारधारा आज भी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर राष्ट्रनिर्माण की सशक्त नींव रखी, जो आज भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है। वक्ताओं ने कहा कि पं.दीनदयाल का जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उनके विचारों को अपनाकर ही एक सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण कन्नू जोशी, महामंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट, बूथ अध्यक्ष जगदीश सिंह, ग्राम प्रधान चनकपुर रोहित सेमवाल, सतपाल सिंह, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।


बरहैनी में पं.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता।


खटीमा में पं.दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## भाजपाइयों ने पं. उपाध्याय को किया याद

**खटीमा :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सितारगंज रोड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दान सिंह रावत, नंदन सिंह खड़ायत, डॉ. नवीन भट्ट, सतीश भट्ट, हिमांशु बिष्ट, गोपाल बोरा, अमित पांडेय, रमेश जोशी, कैप्टन गंभीर सिंह धामी, दिनेश अग्रवाल, जीवन धामी, विक्की रस्तोगी, गोविंद मेहता, किशन सिंह किन्ना, सतीश भट्ट, विश्वनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# 15 बाल वैज्ञानिकों का राज्य स्तर के लिए चयन

## दो दिवसीय जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का समापन, कार्यक्रम भी हुए

- मेधावी बच्चों ने अपने मॉडलों का किया प्रदर्शन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** नगर के श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी विकास खंडों से आए 191 छात्र-छात्राओं ने अपने अभिनव वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन कर अपनी मेधा का लोहा मनवाया। कठिन चयन प्रक्रिया के बाद 15 मेधावी छात्रों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

चयनित छात्रों में रिदमप्रीत कौर, बानी सिंह, आर्यन, कोमल, कृष्णा, गौरव नाथ, दीपांशु गहतोड़ी, कार्तिक सिंह, पूजा भारद्वाज, नंदिनी, विधि, देशरतन श्रीवास्तव, चेतन चंद, राहुल पोखरिया एवं खुशबू भारद्वाज शामिल हैं। खटीमा के सर्वाधिक 6 बच्चों का चयन हुआ है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह ने बच्चों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और नवाचार को नई दिशा मिलती है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी गिरधारी लाल गोयल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।



किच्छा स्थित इंटर कॉलेज में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक। ● अमृत विचार

## विद्यालय को मिली 500 कुर्सियों की सौगात

**किच्छा :** कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शोभा गोयल, सुनीता बंसल व अन्य ने विद्यालय को 500 कुर्सियां देने की घोषणा की। प्रधानाचार्य मुकेश अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। इस दौरान निर्णायक की भूमिका नोएडा से आए सुनील भास्कर, देवभूमि फाउंडेशन के सीईओ डॉ कमल रावत, गोपाल सिंह नेगी द्वारा निभाई गई। जबकि मंच संचालन प्रवक्ता अंकित पांडे ने किया। कार्यक्रम में शुभम मित्तल, सीमा त्रिवेदी, आमोद सक्सेना, फ़ैज़ अहमद, भारत सिंह, राजीव सिंह, वीरेंद्र कुमार, पूनम, तबस्सुम, गजेंद्र कुमार, प्रदीप जोशी आदि मौजूद रहे।


किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# गदरपुर पालिका ने कराए करोड़ों के विकास कार्य

- पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर ने दी एक साल के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद ने बीते एक वर्ष में विकास कार्यों की नई मिसाल पेश करते हुए नगर के 11 वार्डों में 8 करोड़ 58 लाख 27 हजार रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कराए हैं। यह जानकारी नगर पालिका चेयरमैन मनोज गुंबर मिंटू ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इन कार्यों में मुख्य रूप से सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत, नालियों की व्यवस्था, जल निकासी सुधार, पार्कों का सौंदर्यीकरण तथा जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

मनोज गुम्बर के अध्यक्ष बनने के पश्चात नगर क्षेत्र में लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए पालिका प्रशासन ने योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को नई गति दी। सड़कों के निर्माण से जहां आवागमन सुगम हुआ है, वहीं नालियों के निर्माण और अच्छी व्यवस्था से जलभराव की समस्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। पार्कों के सौंदर्यीकरण से स्थानीय लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक वातावरण उपलब्ध हुआ है। चेयरमैन मनोज गुंबर ने कहा कि गदरपुर को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित करना उनका संकल्प है। उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में कराए गए विकास कार्य नगर की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किए गए हैं और आने वाले समय में भी यह विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे।

उन्होंने नागरिकों से सहयोग बनाए रखने तथा नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में सहभागिता निभाने की अपील भी की। स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय बाद नगर में व्यापक स्तर पर काम दिखाई दे रहा है।

लोगों को उम्मीद है कि भविष्य में भी इसी तरह योजनाबद्ध विकास से गदरपुर एक आदर्श नगर के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा।

# शिविर में 25 लोगों के किया रक्तदान

- लायंस क्लब खटीमा सेवा की ओर से किया गया आयोजन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** लायंस क्लब खटीमा सेवा की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें 25 यूनिट रक्तदान किया गया।

न्यू लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में क्लब के सदस्यों सहित झनकट, नानकमत्ता आदि क्षेत्रों से आए रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। क्लब अध्यक्ष डॉ.उमेश कुमार सुनदास ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जनोपयोगी शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। प्रोग्राम चेयरमैन जितेंद्र पारूथी ने रक्तदान के फायदे गिनाते हुए कहा कि यह बेहद पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में आयरन की मात्रा नियंत्रित रहती है और इससे कोलेस्ट्रॉल भी कम होता है। ब्लड बैंक की एमडी नीलम ज्याला ने सभी रक्तदाताओं को आभार जताया और स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, सचिव मनोज कन्याल, कोषाध्यक्ष पुष्पा धपोला, कमल असवाल, कल्पना चंद, जेई गौरव कुमार, जेई भरत कन्याल, राजाराम अमित पांडे मौजूद रहे।



खटीमा में रक्तदाता को प्रमाण पत्र देते विधायक भुवन कापड़ी। ● अमृत विचार

# मामा व युवक ने भांजी से किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** शक्तिफार्म क्षेत्र में रिश्तों को कलंकित करने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक युवती के साथ पहले नौकरी दिलाने के बहाने पहले युवक और फिर मदद के नाम पर सगे मामा ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता के अनुसार, बैकुंठपुर निवासी अविनाश विश्वास ने उसे नौकरी देने के बहाने रुद्रपुर बुलाया और होटल में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। शादी और नौकरी का झांसा देकर वह लगातार पीड़िता का शोषण करता रहा। अविनाश से तंग आकर युवती ने अपने मामा विपिन गाईन को आपबीती सुनाई। मामा ने शिकायत करने के बहाने उसे नैनीताल ले जाकर खुद भी मर्यादा लांघ दी और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। हद तो तब हो गई जब 10 सितंबर 2025 को घर में अकेला पाकर दोनों आरोपियों ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस और सीएम पोर्टल पर कई बार शिकायत की, लेकिन सुनवाई न होने पर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

# झोपड़ियां राख, गोवंश की मौत

- भीषण आग लगने से हुआ लाखों रुपये का नुकसान

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** गऊघाट क्षेत्र में तड़के लगी अज्ञात कारणों से भीषण आग ने भारी तबाही मचाई है। इस अग्निकांड में मोहम्मद शाह पुत्र शमशेर शाह की दो झोपड़ियां और एक गौशाला जलकर राख हो गई। घटना में गौशाला में बंधे एक गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि घर में रखी नकदी और कीमती सामान जलकर राख हो गया।

ग्रामीणों के अनुसार, पीड़ित परिवार के घर में दो दिन पूर्व ही विवाह समारोह संपन्न हुआ था। शादी का नया सामान, कपड़े, बर्तन और बिस्तर झोपड़ियों में ही रखे थे, जो इस आग की भेंट चढ़ गए। घटना से पीड़ित परिवार को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

सूचना मिलते ही दमकल प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने मिनी हाईप्रेशर पंप की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास की अन्य झोपड़ियां जलने से बच गईं। कलकत्ता पुलिस चौकी की टीम ने भी राहत कार्य में सहयोग किया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से प्रभावित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की है।


किच्छा में आग पर काबू पाते दमकलकर्मी। ● अमृत विचार

# कांग्रेस के धरने के बाद किए 17 वाहनों के चालान

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कांग्रेसियों द्वारा एसडीएम कार्यालय पर दिए गए धरने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। मंगलवार देर शाम तहसील प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने रुद्रपुर मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 वाहनों के चालान किए और 3 बाइकों को सीज कर दिया।विगत दिनों डंपर की टक्कर से एक महिला की मौत और बढ़ती दुर्घटनाओं से नाराज कांग्रेसी विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ की अगुवाई में धरने पर बैठ गए थे। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की अनदेखी के चलते ओवरलोड डंपर सड़कों पर 'काल' बनकर दौड़ रहे हैं। एसडीएम गौरव पांडे द्वारा कार्रवाई के आश्वासन के बाद यह संयुक्त अभियान शुरू किया गया। एसडीएम गौरव पांडे, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी और सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम ने इंटरार्क कंपनी के सामने घेराबंदी कर वाहनों के दस्तावेजों की जांच की। अचानक हुई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। उधर, देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने कार्रवाई का स्वागत तो किया, लेकिन सुझाव दिया कि यह अभियान केवल छोटे वाहनों तक सीमित न रह जाए।

पहल | मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य कुमाऊं मंडल विकास निगम करेगा

# 29 .06 लाख से होगा दुर्गा मंदिर का सौंदर्यीकरण

- शासन ने प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के विशेष प्रयासों से ग्राम सभा रुदपुर को बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद, रुदपुर स्थित प्रसिद्ध बसंती देवी मां दुर्गा मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए शासन ने प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है।

रुदपुर स्थित इस मंदिर में हर वर्ष भव्य धार्मिक आयोजन होते हैं, जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री से इसके सौंदर्यीकरण की मांग की थी। जन आस्था का सम्मान करते हुए मंत्री बहुगुणा ने इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा था। अब तकनीकी समिति के परीक्षण और संस्तुति के बाद 29.06 लाख रुपये के बजट को मंजूरी दे दी गई है।


ग्राम रुदपुर स्थित बसंती देवी मां दुर्गा मंदिर। ● अमृत विचार

सचिव उत्तराखंड शासन, धीरज सिंह गर्ब्याल ने इस संबंध में निदेशक पर्यटन निदेशालय को आदेश जारी कर दिए हैं। मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा कराया जाएगा। मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिलने पर ग्राम प्रधान रितु वैध, मनोज सरकार, डॉ संजय बाछाड़, रवि हीरा, आनंद मंडल, सुकुमार वैध, प्रशांत मंडल, दिनेश बाला समेत तमाम ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया। लोगों ने इस पर खुशी जताई है।

# हिंद में जूनियर्स ने दी सीनियर्स को विदाई

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** हिंद पब्लिक स्कूल में 11वीं के बच्चों ने सीनियर्स 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। एमडी नीरज कुमार ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन के अनुभव साझा किए और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आस्था चौधरी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर, दिया राणा और युनुस को स्पा ऑफ द ईव, आदित्य कुमार मिस्टर फेयरवेल और अभिलाषा भट्ट को मिस फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया। वहीं दीपांशु ओझा को मिस्टर हिंद और हर्षिता शर्मा को मिस हिंद घोषित किया गया। विजेताओं को ताज पहनाकर एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, उप प्रधानाचार्या पूजा जोशी, उपासना बिष्ट, रोली सक्सेना, पूजा पांडे, मनीषा उपाध्याय, रंजीत मेहरा, पुष्पा धामी, रजत भटनागर, राधिका पोखरिया, पूजा गुलाटी, ममता बिष्ट, शशि कश्यप, कविता बिष्ट, निकिता राय मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### चोरी की स्कूटी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर :** कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर को चोरी की गई स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बीती 8 फरवरी को कुर्मांचल कॉलोनी निवासी उमेश पांडेय ने कोतवाली में अपनी स्कूटी चोरी होने की तहरीर दी थी। पुलिस ने चोर के खिलाफ धारा 303(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जानकारी के आधार पर पुलिस ने सुभाष नगर के पास घेराबंदी कर आरोपी हिमांशु आर्या निवासी श्यामपुरम को चोरी की स्कूटी के साथ दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, हिमांशु एक शातिर अपराधी है और उसके विरुद्ध नैनीताल के हल्द्वानी थाने में भी पहले से मुकदमे दर्ज हैं।

### ऑटोमोबाइल शोरूम से स्पेयर पार्ट्स चोरी

**काशीपुर :** बाजपुर रोड पर एक ऑटोमोबाइल शोरूम से चोर स्पेयर पार्ट्स चुरा कर ले गए। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। बाजपुर, वार्ड नंबर 11 निवासी तजिन्दर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आकांक्षा ऑटोमोबाइल काशीपुर में वाइस प्रेसिडेंट के पद पर कार्यरत है। बीती 08 फरवरी की रात 11:30 बजे कोई अज्ञात चोर शोरूम का ताला तोड़कर कंपनी के काफी स्पेयर पार्ट्स चुरा कर ले गया है। जिसका आकलन किया जा रहा है। बताया कि शोरूम में लगे सीसीटीवी में भी चोरी की वारदात कैद हो गई है।

### रिसोर्ट में खड़ी बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** बाबा रिसोर्ट से शादी समारोह के दौरान एक बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बैंक कॉलोनी, रामनगर रोड निवासी तरुण तिवारी बीती 9 फरवरी की रात बाइक से एक विवाह समारोह में गया था। जहां से उसकी बाइक लगभग 8:40 बजे बाबा रिसार्ट की पार्किंग से चोरी हो गई। बाइक में उनका बैग रखा था, जिसमें हेलमेट, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड सहित अन्य जरूरी कागजात मौजूद थे। उन्होंने आशंका जताई है कि दस्तावेजों का दुरुपयोग किया जा सकता है। बताया कि घटना के बाद रिसोर्ट में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें एक युवक बाइक, हेलमेट और बैग ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।

### सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

**काशीपुर :** राजकीय पॉलीटेक्निक की एनएसएस यूनिट एक की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। बुधवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय कचनाल गाजी में आयोजित शिविर के सातवें दिन पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसमें नेहा कांडपाल प्रथम, तनीषा बिनवाल द्वितीय, आदित्य राज तृतीय स्थान पर रहे। बौद्धिक सत्र में अमित रस्तोगी, अशोक शर्मा, पीएलवी हेमा, मनीषा विश्वास एवं गायत्री ने जाति, स्थायी निवास, अन्य प्रमाण पत्रों को बनवाने के लिए सहायता करने की बात कही। मौके पर प्रधानाचार्य बीपी सिंह, राजीव यादव, जितेश सुंद्रियाल, जीतेंद्र चौहान, सुहेल खान, रामेश्वर सिंह मौजूद रहे।

### विधिक शिविर में बच्चों को किया जागरूक

**खटीमा :** ज्ञान भारती विद्या मंदिर हाई स्कूल कंजाबाग में प्रधानाचार्य गणेश दत्त मुरारी की अध्यक्षता पर अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस पर विधिक जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कैंप में पैनल अधिवक्ता एमसी भट्ट, शहाना बेगम, पीएलवी आरबी सिंह राणा, पिंकी राणा, माया देवी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि 11 फरवरी को प्रत्येक वर्ष विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

# तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को कुचला

## घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे 74 पर एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कनटोपा गांव निवासी गुरीदासी (85) पत्नी हरलाल के रूप में हुई है। बुजुर्ग महिला बुधवार को हाईवे से पैदल घर लौट रही थी। धौलपुर के पास गदरपुर की ओर से तेज गति से आ रही एक कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को रुद्रपुर भेज दिया। थानाध्यक्ष रविंद्र बिष्ट ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के जरिए कार का नंबर मिल गया है। शीघ्र ही उसे पकड़ लिया जाएगा। गुरीदासी के परिवार में उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। पड़ोसियों ने बताया कि गुरीदासी एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखती थीं और अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए मजदूरी करती थीं।


गुरीदासी। (फाइल)

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बाजपुर :** रामराज रोड पर मंगलवार रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में 33 वर्षीय युवक की जान चली गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, सूरी फार्म चकरपुर निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ सोनू (33) पुत्र स्व. जसवंत सिंह एक स्टोन क्रशर पर काम करता था। मंगलवार रात करीब सात बजे जब वह काम से घर लौट रहा था, तभी रामराज रोड स्थित जीजीआईसी स्कूल के मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल गुरप्रीत को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे तीन और दो साल की दो छोटी बेटियों और परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गया है। पिता की मृत्यु के बाद गुरप्रीत ही परिवार का एकमात्र सहारा था। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।


गुरप्रीत सिंह (फाइल)

### विधायक बेहड़ ने घायल युवकों को पहुंचाया अस्पताल

**किच्छा :** नगर के रुद्रपुर मार्ग पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। रुद्रपुर से किच्छा की ओर आ रहे क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने जब घायलों को सड़क पर तड़पते देखा, तो उन्होंने तुरंत अपना काफिला रोका और मानवता का परिचय देते हुए मदद के लिए हाथ बढ़ाए। जानकारी के अनुसार, ईंटरार्क कंपनी के पास एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में किच्छा निवासी सुनील कुमार और शाहजहांपुर निवासी आशीष कटिहार गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। विधायक बेहड़ ने तत्काल टोल प्लाजा से एंबुलेंस मंगवाई और घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। विधायक खुद अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों को इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के कड़े निर्देश दिए। हादसे में एक युवक की टांग टूटने की पुष्टि हुई है। विधायक ने घायलों का हाल-चाल जाना और उनके हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि लापरवाही के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाना अनिवार्य है।

### बाइक फिसलने से युवक की मौत

**काशीपुर :** ढेला पुल पर एक तेज रफ्तार बाइक सवार फिसलकर गिर गया। हेलमेट न पहने होने की वजह से बाइक सवार के सिर पर गंभीर चोटें आईं। घायल ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर लंबा जाम लगा रहा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। टीचर कॉलोनी मोहल्ला महेशपुरा निवासी 37 वर्षीय मनीष पाल मंगलवार शाम बाइक से सरवरखेड़ा से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह ढेला पुल के बीच पहुंचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और वह सड़क पर जा गिरा, इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। आसपास के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मृतक की पत्नी को मामले की जानकारी दी। मृतक के साले राजेश पाल ने बताया कि मृतक के माता-पिता का पहले ही स्वर्गवास हो चुका है। उसकी पत्नी रेनू पाल और 11 वर्षीय बेटा विशान पाल का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया कि मृतक ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था।


मनीष पाल। (फाइल)

### डंपर चालकों पर दर्ज किया मुकदमा

**काशीपुर :** बीते दिनों कुंडेश्वरी में अलग-अलग सड़क हादसों में अनिल कुमार और जयपाल सिंह की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर लापरवाही से वाहन चलाने वाले डंपर चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तहरीर में ढकिया कला निवासी करनपाल सिंह ने बताया कि 8 फरवरी की रात करीब 10:15 बजे उनका पुत्र अनिल कुमार अपने चचेरे भाई विनीत के साथ मोटरसाइकिल से महादेव नगर से घर लौट रहा था। बिल्लू की पुलिया के पास सामने से आ रहे ट्रक के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए गलत साइड में आकर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। दूसरी ओर, ग्राम शिवनगर निवासी गुड्डू ने तहरीर में बताया कि 9 फरवरी की सुबह करीब 7:45 बजे वह अपने पिता जयपाल सिंह के साथ मोटरसाइकिल से शमशान चौराहे की तरफ जा रहे थे। रास्ते में जब वे देशराज के खेत के पास रुके, तभी डंपर का चालक वाहन को अत्यधिक गति और लापरवाही से चलाते हुए गलत दिशा में ले आया। डंपर ने सड़क किनारे खड़े जयपाल सिंह को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कोतवाली निरीक्षक हरेंद्र चौधरी ने बताया कि दोनों मामलों में लापरवाह अज्ञात चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस फरार चालकों की तलाश कर रही है।

# मेयर बाली ने विकास कार्यों की दी सौगात


काशीपुर में सड़कों का शिलान्यास करते महापौर दीपक बाली व पार्षद।

संवाददाता, काशीपुर

- 2.62 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया

**अमृत विचार:** नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास की रफ्तार बढ़ाते हुए महापौर दीपक बाली ने 2 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 12 सड़कों और एक नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

महापौर ने वार्ड नंबर 4 के केशवपुरम में 39 लाख रुपये की लागत से बहल्ला नदी तक बनने वाले नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके साथ ही वार्ड नंबर 8 की रामपुरम कॉलोनी, गायत्री कुंज, गौतम कुंज्याल मार्ग और शिव विहार में पीसीसी टाइल, सड़क और नालियों के निर्माण कार्यों की नींव रखी। वार्ड नंबर 5 (कुआं खेड़ा) में भी मेन रोड से पार्क तक और विभिन्न आवासीय गलियों में सड़कों के निर्माण का शिलान्यास किया गया।

शिलान्यास के दौरान महापौर दीपक बाली ने वार्ड वासियों को आश्वस्त किया कि शहर के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जो सड़कें वर्तमान योजना में छूट गई हैं, उनका निर्माण कार्य भी जल्द ही प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और स्थानीय निवासी भारी संख्या में मौजूद रहे।

# नादेही के सीसीओ और एससीडीआई निलंबित

संवाददाता, जसपुर

- चीनी मिल बीज ढुलाई घोटाले में एमडी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** बाजपुर चीनी मिल में तीन साल पुराने गन्ना बीज परिवहन मामले में हुई वित्तीय अनियमितताओं पर उत्तराखंड सहकारी चीनी मिल संघ के एमडी पीसी दुम्का ने बड़ी गाज गिराई है।

एमडी ने वर्तमान में नादेही चीनी मिल में तैनात प्रभारी मुख्य गन्ना अधिकारी डॉ. राजीव अरोरा और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक (एससीडीआई) दीपिका सेमवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह मामला वर्ष 2022-23 का है, जब दोनों अधिकारी बाजपुर चीनी मिल में तैनात थे। उन पर गन्ना बीज ढुलाई के नाम पर बिना बिलों के फर्जी भुगतान कर मिल को वित्तीय हानि पहुंचाने का आरोप लगा था। एमडी द्वारा किच्छा चीनी मिल के अधिशासी निदेशक की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने दिसंबर में अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें दोनों को दोषी पाया गया। निलंबन की अवधि के दौरान दोनों अधिकारियों को डोईवाला चीनी मिल से संबद्ध कर दिया गया है। नादेही चीनी मिल के जीएम सीएस इमलाल ने आदेश की पुष्टि करते हुए बताया कि एमडी ने उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी संस्तुति की है। इस बड़ी कार्रवाई से प्रदेश की अन्य चीनी मिलों में हड़कंप मचा हुआ है।


सरस्वती एकेडमी बिरागबाग के चयनित बच्चों को मिठाई खिलातीं चेयर पर्सन।

### सरस्वती की दो और जीआईसी बंडिया की एक छात्रा इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित

**खटीमा :** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग की दो छात्राओं खुशबू भारद्वाज और पूजा भारद्वाज का चयन राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किच्छा स्थित श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। एकेडमी की छात्राओं खुशबू भारद्वाज और पूजा भारद्वाज ने अपने अभिनव वैज्ञानिक मॉडल से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। बच्चों की इस सफलता पर चेयरपर्सन ज्योति पाल और प्रधानाचार्य राम यश ने बधाई दी है। इधर राजकीय इंटर कॉलेज बंडिया की नंदिनी ने शिक्षिका हेमा कापड़ी के मार्गदर्शन में प्रोटोटाइप तैयार किए जाने पर चयन हुआ है।

# कांग्रेसी नेता के निधन पर जताया शोक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत मंगलवार देर शाम गिरीताल स्थित पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सहगल के निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने उनके पिता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वर्गीय रमेश चंद्र सहगल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

गौरतलब है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. रमेश चंद्र सहगल का 1 फरवरी 2026 को आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शाम करीब 7 बजे गिरीताल स्थित आवास पर पहुंचे और स्व. रमेश चंद्र सहगल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट की और इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया।


काशीपुर में स्व. सहगल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि स्व. सहगल ने संगठन को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका निधन पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वहां पर प्रदेश सचिव अरुण चौहान, अर्पित मेहरोत्रा, त्रिलोक सिंह अधिकारी, जय सिंह गौतम, उमेश जोशी, मनोज जोशी समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।


निर्माणाधीन सहकारी कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करते एआर एचआर एचसी खंडूरी।

### संयुक्त सहकारी कॉम्प्लेक्स का एआर ने किया निरीक्षण

**बाजपुर :** रामराज रोड पर बनने जा रहे उत्तराखंड के पहले संयुक्त सहकारी कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य का बुधवार को जिला सहायक निबंधक (एआर) एचसी खंडूरी ने स्थलीय निरीक्षण किया। यह कॉम्प्लेक्स बहु-प्रथम, बहु-द्वितीय किसान सेवा सहकारी समिति और क्रय-विक्रय सहकारी समिति के संयुक्त सहयोग से तैयार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एआर खंडूरी ने बताया कि वर्तमान में पुरानी बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण का कार्य चल रहा है, जिसके बाद जल्द ही नए भवन का विधिवत शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह प्रोजेक्ट सहकारिता क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर माना जा रहा है। इस दौरान एडीओ को-ऑपरेटिव संजय म्यान, प्रबंध निदेशक हेम कांडपाल, राजकुमार शर्मा सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# दिनेशपुर में औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर पर की छापेमारी

संवाददाता, दिनेशपुर

- बाला मेडिकल स्टोर को बंद करने के आदेश दिए

**अमृत विचार:** औषधि निरीक्षक की टीम ने बुधवार को नगर के मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तीन मेडिकल स्टोरों में अनियमितता मिलने पर उन्हें तत्काल बंद करा दिया गया। निरीक्षण की सूचना पर दवा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। कई मेडिकल स्वामियों ने अपनी प्रतिष्ठान बंद कर चले गए। औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला और निधि की टीम ने गूलरभोज मार्ग स्थित बाला मेडिकल स्टोर व दो अन्य मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इस दौरान अनियमितता मिलने पर बाला मेडिकल स्टोर को बंद करने के आदेश दिए गए। जिन मेडिकल स्टोर में अनियमितता पाए जाने पर उन्हें तत्काल बंद कराकर नोटिस जारी किए गए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि मेडिकल स्टोर पर दवा को सीसीटीवी की निगरानी में बेचने का आदेश है। सभी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर सुनिश्चित किया जा रहा है कि सीसीटीवी लगा है या नहीं। साथ ही अन्य चीजों का भी निरीक्षण किया गया। अनियमितता पाए जाने पर तीन मेडिकल स्टोर पर दवा की बिक्री पर रोक लगाकर उन्हें नोटिस जारी किया गया है।

निरीक्षण टीम ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। मेडिकल स्टोर पर दवा की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा किसी भी मेडिकल स्टोर अनियमितता में पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि जिले में मेडिकल स्टोर की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक कई मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर पर दवा की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा।


किच्छा में बालिका को सामग्री सौंपते मुख्य अतिथि संजीव सिंह। ● अमृत विचार

### बच्चों को वितरित की गईं स्वच्छता किट

**किच्छा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से किशनपुर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डेटॉल इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सामग्री वितरित की गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों में बचपन से ही स्वच्छता की आदतें विकसित करना और कीटाणुओं से बचाव के प्रति जागरूक करना सराहनीय कदम है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को साबुन, हार्पिक, पर्यावरण अनुकूल डायरी और पेन सहित 'स्वच्छता किट' प्रदान की गई। डेटॉल इंडिया के स्टेट हेड संजय सिंह ने बच्चों को हाथ धोने के सही तरीकों और व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ब्रह्मानंद पुरोहित, धनंजय सिंह, विशाल चौहान, नवीन सिंह, करण गंगवार, कमलेश दुबे आदि मौजूद रहे।

**आस्था** | धार्मिक अनुष्ठान के बाद ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

# मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम सभा नमूना स्थित दूधिया कॉलोनी के शिव मंदिर में बुधवार को मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिवलिंग स्थापना के उपरांत विधि-विधान से पूजन, हवन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

पंडित प्रियांकु शर्मा एवं रंजीत शर्मा द्वारा वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कराई गई। मंत्रोच्चारण से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए और धर्म लाभ अर्जित किया। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार, भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष यशपाल राजहंस, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट, हीरालाल, बलवंत सिंह, सुरेश सैनी, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह सैनी, सुनीता, लता, रामगोपाल, सुरेश, प्रेम, प्रसाद आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


काशीपुर में शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### कांवड़ियों के लिए लगाया चिकित्सा शिविर

**काशीपुर :** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी काशीपुर शाखा इकाई के तत्वावधान में ढेला नदी पार बैलजुड़ी चौराहे पर कांवड़ियों के सेवार्थ आयोजित चार दिवसीय निःशुल्क रेडक्रास चिकित्सा शिविर का शुभारंभ एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. संदीप दीक्षित ने फीता काटकर किया। सोसाइटी सचिव अरुण पंत ने बताया कि शिविर में विगत वर्षों की भांति शिव भक्त कांवड़ियों के स्वास्थ्य उपचार के लिए चिकित्सकों और दवाइयों की भरपूर व्यवस्था कर दी गई है। सोसायटी चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा, उपाध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, सुखविंदर सिंह पन्नू, अनीता पंत, कौशलेश गुप्ता, डॉ. भारत गोला मौजूद रहे।

### चोरी की शराब और नकदी के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने देशी शराब की दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई शराब और नकद रुपये बरामद किये हैं। किलावली कुंडा रोड निवासी विजय कुमार ने थाना में तहरीर देते हुए बताया था कि सात फरवरी की रात रोजाना की भांति अपनी काली वाइन एंड बेवरेज शॉप को बंद करके गया था। रात के समय चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर माल्टा शराब की चार पेटी चोरी कर ली थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कचनाल गाजी को जाने वाली सड़क पर डिग्री कॉलेज के पिछले गेट से आगे पुराने हॉस्टल के पास आरोपी गुरमीत सिंह निवासी डिफेंस कॉलोनी श्यामपुरम कॉलोनी को पकड़ा। आरोपी के पास एक सफेद कट्टे के अंदर 135 ट्रेटा पैक माल्टा देशी शराब और 1250 रुपये नकद बरामद किया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया।

# महंगे अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे रोगियों को

संवाददाता सितारगंज

- सितारगंज में सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुमित मंडल देंगे परामर्श

**अमृत विचार :** मूत्र एवं गुर्दे से संबंधित बीमारी वाले मरीजों को परामर्श लेने के लिए अब महंगे अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उप जिला अस्पताल सितारगंज में उन्हें यह सुविधा मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी।

सीएमएस डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि नागरिकों को उच्च स्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी यूरोलॉजी ओपीडी प्रारंभ की जा रही है। हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुमित मंडल प्रत्येक बुधवार को अस्पताल में ही मूत्र एवं गुर्दे से संबंधित बीमार मरीजों को निःशुल्क परामर्श देंगे। उन्होंने बताया कि यूरोलॉजी विभाग में मूत्र एवं पुरुष जनन तंत्र से संबंधित विभिन्न जटिल बीमारियों का परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। जैसे-गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट ग्रंथि का बढ़ना, बार-बार पेशाब आना या पेशाब में जलन, मूत्र मार्ग संक्रमण, पेशाब रुक-रुक कर आना या पेशाब बंद हो जाना, पेशाब में खून आना, मूत्र असंयम, मूत्रमार्ग संकुचन, पुरुष बांझपन, जन्म जात मूत्र एवं जनन तंत्र की विकृतियां शामिल हैं।

ब्रीफ न्यूज

## पालिका पुस्तकालय को भेंट कीं 542 किताबें

**रानीखेत :** नगर पालिका परिषद रानीखेत, चिलियानौला स्थित पुस्तकालय में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र रानीखेत की सहायक क्षेत्रीय निदेशक रुचि आर्या एवं कार्यालय सहायक उमाशंकर नेगी द्वारा पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय की ओर से पुस्तकालय को विभिन्न विषयों से संबंधित कुल 542 पुस्तकों की भेंट की गई, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों एवं पाठकों को अध्ययन में सहयोग प्राप्त हो सकेगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण रावत, अधिशासी अभियंता दीपा परिहार सहित पालिका के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## बनबसा में बहुउद्देशीय जनसेवा शिविर कल

**बनबसा :** सरकार की 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' योजना के तहत 13 फरवरी को सुबह 9 :30 बजे से बनबसा में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर खटीमा हाईवे स्थित नैनीताल बैंक के सामने मैदान में लगेगा। नगर पंचायत के ईओ दीपक बुढलाकोटी ने बताया कि शिविर में राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, श्रम, पेयजल, विद्युत, पशुपालन, बैंकिंग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। आधार कार्ड शिविर भी लगेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा देवी ने लोगों से अधिक संख्या में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

## सड़क पर पलटा रेत से भरा डंपर, चालक घायल

**टनकपुर :** बुधवार को डंपर वाहन संख्या-यूके 03 सीए-4342 चल्थी से रेता भरकर टनकपुर की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि चल्थी और सिन्याड़ी के बीच चढ़ाई में वाहन की कमानी का नक्का टूटने से वह सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि वाहन खाई में नहीं गिरा। खटीमा निवासी चालक सलमान घायल हो गया। अस्पताल के चिकित्सक डा. मोहम्मद उमर ने बताया कि चालक की हालत सामान्य है।

## महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**रानीखेत :** ताड़ीखेत में रानीखेत पुलिस द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों व विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक बृजमोहन भट्ट एवं पुलिस टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा नए आपराधिक कानूनों में महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी।

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए व्यवस्थाओं में न रहे कमी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को डीएम ने परीक्षाओं के पारदर्शी व नकलविहीन संचालन को लेकर शिक्षा विभाग की बैठक ली। उन्होंने परीक्षाएं निष्पक्ष व शांति से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट में बैठक में डीएम अंशुल सिंह ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान अनियमितता या नकल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तत्काल तैनाती करने, प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्था करने, सीसीटीवी, पेयजल, विद्युत, फर्नीचर आदि की व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए। वहीं, उत्तराखंड सरकार की ओर से लागू सख्त नकल विरोधी कानून का प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए।

उन्होंने सभी एसडीएम को विशेष सतर्कता बरतने तथा परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों का रैंडम निरीक्षण, चेकिंग करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। यहां बैठक में सीडीओ रामजी शरण शर्मा, सीईओ हरिराम कोहली, एसडीएम सदर संजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, बेसिक समेत समस्त खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के लिए डीएम आकांक्षा की अनूठी पहल, स्कूलों में पहुंचे अधिकारी

# 101 अफसरों ने 101 स्कूलों में 5096 छात्रों से किया संवाद

- परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 11 फरवरी को जिले के समस्त 101 शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा संबंधी जागरूकता एवं प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभिनव पहल के अंतर्गत 101 अधिकारियों ने 101 विद्यालयों में पहुंचकर कुल 5096 विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उन्हें बेहतर परीक्षा तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।



राबाइंका बागेश्वर में विद्यार्थियों को संबोधित करतीं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे।

जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बागेश्वर में बोर्ड परीक्षा देने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शोभा टम्टा ने जिलाधिकारी को कुमाऊनी पिछौड़ा ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा का समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और इस अवधि का अधिकतम उपयोग अध्ययन में किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देने, पिछले 10 वर्षों के प्रश्नपत्रों का नियमित अभ्यास करने तथा उन्हें वास्तविक परीक्षा की तरह हल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।

उन्होंने यह भी बताया कि कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ तैयारी करनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने अपने अध्ययन काल के अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान भी किया। बोर्ड परीक्षार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा यह विशेष नवाचार किया गया, जिसके अंतर्गत सभी विद्यालयों में जिला स्तरीय अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने राजकीय इंटर कॉलेज मंडलसेरा तथा अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने राजकीय इंटर कॉलेज रवाईखाल में विद्यार्थियों से संवाद कर मार्गदर्शन किया। जनपद के अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# पानी ढोने में बीत रहा दिन, 800 से अधिक आबादी पेयजल को तरसी

### ग्राम पंचायत सल्ला के परेशान ग्रामीणों ने डीएम से समस्या के समाधान की मांग की

- सर्वे के बाद सड़क निर्माण नहीं होने पर भी जताई नाराजगी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** भैसियाछाना ब्लॉक के ग्राम पंचायत सल्ला के ग्रामीण पानी और सड़क सुविधा की मांग को लेकर मुखर हो गए है। बुधवार को ग्रामीणों ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान ज्ञापन सौंप समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

ग्रामीणों ने कहा कि विकासखंड भैसियाछाना का ग्राम सल्ला लंबे समय से पानी की समस्या से झूज रहा है। जल जीवन मिशन की योजना भी लंबे समय से लंबित पड़ी हुई है। वहीं, ग्राम पंचायत के लिए बनाई गई बिनसर वैकल्पिक पेयजल लाइन भी बंद पड़ी हुई है। इससे 800 से अधिक की आबादी पेयजल के लिए परेशान है। ग्रामीण मजबूरन नौलों धारों से अपनी प्यास बूझाने को मजबूर है। वहीं, पूरा दिन पानी ढोने में लग रहा है। ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि गर्मियों के दिनों में महिलाएं पानी का इंतजाम करने में जुटी रहती हैं। ऐसे में महिलाओं के लिए जीवन यापन करना संघर्ष भरा हो गया है। ग्रामीणों ने डीएम से क्षेत्र में पेजयल की व्यवस्था को दूरस्थ कर लोगों को राहत देने की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम प्रधान सरिता टम्टा, गांव चलो अभियान के संयोजक विनय किरौला, महिला समूह की अध्यक्ष प्रीति बजेठा, पूरन सिंह देवडी, मुन्नी देवी, प्रेमा देवी, सुजीत टम्टा, कमला देवड़ी, सीमा भोज, पीएस देवडी, मंजू ठठोला, नीमा देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।



जिलाधिकारी अंशुल सिंह को ज्ञापन सौंपती सल्ला गांव की महिलाएं। ● अमृत विचार

### डीएम ने दिया जल्द निरीक्षण को आश्वासन

ग्रामीण पूरन सिंह देवडी ने बताया की पीएमजीएसवाई से स्वीकृत सल्ला गाव का में सड़क का सर्वे होने के बावजूद आज तक सड़क निर्माण नहीं हो पाया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने डीएम को बताया कि सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार शासन प्रशासन को अवगत कराया है। लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। इधर, डीएम ने अधिकारियों को क्षेत्र का निरीक्षण कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं, ग्रामीणों को जल्द क्षेत्र का निरीक्षण करने आश्वासन दिया।

## पार्किंग निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** सीएम घोषणा के अंतर्गत पानुवानौला में प्रस्तावित पार्किंग निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर बुधवार को डीएम अंशुल सिंह ने बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कार्यों में अब तक अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी जताते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि वन भूमि हस्तांतरण के लिए प्रस्ताव को पोर्टल पर अपलोड करने से पूर्व सभी आवश्यक औपचारिकताएं एवं विभागीय प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली जाए। साथ ही प्रस्ताव अपलोड करने से पहले वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव का परीक्षण भी करा लिया जाए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या आपत्ति के कारण अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समयसीमा में समस्त कार्यवाही पूर्ण कर पार्किंग निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। कहा कि पानुवानौला क्षेत्र में पार्किंग निर्माण से स्थानीय निवासियों एवं पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। यहां बैठक में डीएफओ प्रदीप धौलाखंडी, कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# सभी वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन जरूरी



टनकपुर में पूर्णागिरि मेले को लेकर बैठक लेते परिवहन विभाग के अधिकारी।

संवाददाता, टनकपुर

- परिवहन विभाग ने टैक्सी चालकों मालिकों व टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों संग की बैठक

**अमृत विचार:** 27 फरवरी से शुरू होने वाले मां पूर्णागिरि मेले में यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने को लेकर परिवहन विभाग ने टैक्सी यूनियन, वाहन स्वामियों एवं चालकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में मेला अवधि के दौरान यातायात प्रबंधन, निर्धारित रूट, पार्किंग व्यवस्था, ओवरलोडिंग से बचाव, अनुशासित वाहन संचालन तथा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर विस्तार से चर्चा की गई।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुरेन्द्र कुमार एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मनोज बगोरिया ने चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी वाहन चालकों से मेला अवधि में विभाग का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि पूर्णागिरि मेला अवधि में वाहन संचालन के लिए सभी वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा। टैक्सी यूनियनों को निर्देशित किया गया कि वे सभी वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन कराते हुए तीन दिन के भीतर सत्यापित चालकों एवं वाहनों की सूची कार्यालय में उपलब्ध कराएं। चालकों से तीर्थयात्रियों के साथ शिष्ट आचरण से पेश आने और निर्धारित किराए से अधिक न लेने के भी निर्देश दिए गए। बाद में एआरटीओ कार्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। सभी चालकों एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा की शपथ ली। इस अवसर पर परिवहन उप निरीक्षक आनंद सिंह बिष्ट, परिवहन सहायक निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, आरक्षी महेन्द्र पाल, नीरज कुमार, किशन कुमार आर्य सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो वाहन सीज, 215 का चालान

- परि परिवहन विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार:** चम्पावत में परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए विशेष जांच अभियान में नियमों की अनदेखी पर कड़ी कार्रवाई की गई। एक स्कूल बस बिना फिटनेस, परमिट, टैक्स और बीमा के बच्चों को लेकर दौड़ती पाई गई। जांच के दौरान सभी दस्तावेज अपूर्ण मिलने पर एआरटीओ (प्रवर्तन) मनोज बगोरिया ने बस को सीज कर दिया।

इसी प्रकार लोहाघाट में नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़े गए एक चालक का वाहन भी सीज किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान कुल 215 वाहनों का चालान किया गया तथा 21 चालकों के दस्तावेज जब्त किए गए। बिना हेलमेट 130, बिना सीट बेल्ट 50, बिना बीमा 13, बिना टैक्स 10, ओवरस्पीड 8, बिना फिटनेस 5, बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र 6, ओवरलोडिंग 4, ट्रिपल राइडिंग 4 और मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने पर 2 चालान किए गए। संयुक्त अभियान में उत्तराखंड परिवहन निगम की एक बस का भी चालान किया गया। अभियान में परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।



टनकपुर-चम्पावत हाईवे पर रोडवेज बस की जांच करती परिवहन विभाग की टीम।

## तीन युद्धों में लड़े लाल सिंह रौतेला का निधन

**हल्द्वानी :** बागेश्वर जिले के कमस्यार घाटी के नरगोली गांव निवासी पूर्व सैनिक लाल सिंह रौतेला का बुधवार को बागेश्वर में सरयू घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। सेना के सिग्नल कोर से हवलदार पद से सेवानिवृत लाल सिंह रौतेला का मंगलवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। वह 1956-57 में सेना में भर्ती हुए। उन्होंने 1962 में भारत-चीन और 1965 व 1971 में भारत-पाकिस्तान के साथ युद्धों में हिस्सा लिया था। तीनों युद्धों में उन्होंने वीरता प्रदर्शित की थी। वह 1977 में सेना से रिटायर हुए। वह भरापूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। उनके निधन पर विधायक सुरेश सिंह गड़िया, पूर्व विधायक ललित सिंह फर्स्वाण, हरीश ऐठानी, जिपं सदस्य सरोज आर्या, जगमोहन रौतेला, ग्राम प्रधान चन्द्रशेखर रौतेला आदि ने शोक जताया है।



लाल सिंह (फाइल)।

# पं दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों में चलने का संकल्प लिया।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिलख्वाल ने कहा कि पंडित उपाध्याय नये समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के विकास के पक्षधर थे। उसी दिशा में आज भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है। कहा भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल के विचारो पर चल कर ही दुनिया की नंबर वन पार्टी बनी है। यहां कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री दर्शन रावत, मेयर अजय वर्मा, सहसंयोजक जिला मंत्री कमल बिष्ट, महामंत्री प्रकाश भट्ट, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नवीन बिष्ट, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, पूर्व जिलामंत्री देवाशीष नेगी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष नीरज संगा आदि रहे।



अल्मोड़ा में पं. दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**टनकपुर :** जिले व मंडल के भाजपा पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि पर टनकपुर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शिवराज सिंह कठायत, रोहिताश अग्रवाल, हरीश चन्द हैसियत, नित्यानंद भट्ट जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्म, पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर, मंडल महामंत्री हरीश चन्द, हंसा जोशी आदि रहे।

## सम्मेलन में जुटेंगे देशभर के वैज्ञानिक

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा में राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन के आयोजन को लेकर बुधवार को विज्ञान केंद्र अल्मोड़ा के प्रभारी डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में देशभर के वैज्ञानिक जुटेंगे। जो विज्ञान केंद्रों के भविष्य विषय पर चर्चा करेंगे।

मानसखंड विज्ञान केंद्र अल्मोड़ा के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी डॉ. जोशी ने बताया कि विज्ञान केंद्र आगामी 13 से 15 फरवरी तक 21वें राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय प्रमुखों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन उत्तराखंड राज्य में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। सम्मलेन का उद्घाटन उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी की ओर से किया जाएगा।

# ले. कर्नल वेद प्रकाश बने बागेश्वर के डीएसडब्ल्यूओ

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार:** फुलारगांव, चंपावत निवासी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल वेद प्रकाश चंद्र जोशी का चयन बागेश्वर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के पद पर हुआ है। उनके चयन पर गौरव सेनानी कल्याण समिति, पूर्व सैनिक संगठन बनबसा-टनकपुर के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



वेद प्रकाश चंद्र जोशी।

पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने बताया कि लेफ्टिनेंट कर्नल जोशी ने अपने सैन्य जीवन की शुरुआत फाइटिंग फोर्स इन्फेंट्री बटालियन (17 कुमाऊं) से की तथा मिलिट्री इंटेलिजेंस खुफिया इकाई में भी सेवाएं दीं। इसके बाद उन्होंने सैन्य अभिलेख विभाग में कार्य करते हुए लगभग 38 वर्षों तक सम्मानपूर्वक सेवा प्रदान की और सेवानिवृत्त हुए। सैन्य सेवा के दौरान उनकी वीरता और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भारत सरकार द्वारा उन्हें सेना मेडल (गैलेंट्री), थलसेनाध्यक्ष प्रशस्ति पत्र तथा आर्मी कमांडर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कैप्टन हरिश्चंद्र कापड़ी, गोविंद वल्लभ भट्ट, पुष्कर कापड़ी, पीएन जोशी, राजेंद्र अधिकारी रहे।

आंदोलन | अल्मोड़ा के निर्माण खंड में मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने किया प्रदर्शन, सरकार पर उपेक्षा का लगाया आरोप

# कार्यबहिष्कार पर डटे रहे मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** पारस्परिक स्थानांतरण समेत विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर लोनिवि के मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों को रोष बढ़ते जा रहा है। बुधवार को भी कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर कार्यबहिष्कार पर रहे। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

उत्तरांचल लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीय एसोसिएशन के आह्वान पर कर्मचारियों ने कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। कहना था कि वह लंबे समय से पारस्परिक स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन कई बार मांग के बावजूद भी पारस्परिक स्थानांतरण नहीं किए गए हैं। कहा कि मांगों के पूरा नहीं होने पर मजबूरन कर्मचारियों को कार्यबहिष्कार करना पड़ रहा है। इधर कर्मचारियों के कार्यबहिष्कार से तमाम काम लटके हुए हैं। कर्मचारियों ने 12 फरवरी तक मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। यहां प्रदर्शन करने वालों में टीका सिंह खोलिया, शंकर सिंह, भीम सिंह, नंदन सिंह, नंदू, अंकित तिवारी, मीनाक्षी तिवारी, पान सिंह, सुनील फर्त्याल, रमेश महेरा आदि थे।



अल्मोड़ा में प्रदर्शन करते लोनिवि के मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी। ● अमृत विचार

# हत्या के चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** एक व्यक्ति की हत्या के मामले में विशेष सत्र न्यायालय ने चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

यह मामला दिसंबर 2018 का है। बड़पास निवासी दीपक कुमार ने जनवरी 2019 में पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसके भाई पप्पू कुमार ने धौन निवासी महिला से प्रेम विवाह किया था। 18 दिसंबर 2018 को पप्पू घर से चम्पावत के लिए निकला था, लेकिन लापता हो गया। बाद में उसका शव धौन के पास एक होटल के समीप खाई में मिला। जांच में सामने आया कि पप्पू का रविश, कैलाश, नवीन और नरेश भट्ट से विवाद हुआ था। परिजनों ने जातिगत रंजिश के चलते हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने धारा 302 व एससी/एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया।

सुनवाई के बाद जिला जज अनुज कुमार संगल ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता विद्यादत्त जोशी ने पैरवी की।



हम खेलना बंद नहीं करते, क्योंकि हम बूढ़े हो जाते हैं। हम बूढ़े हो जाते हैं, क्योंकि हम खेलना बंद कर देते हैं।

-जार्ज बर्नाड शॉ, आइरिश लेखक

## डीपफेक पर शिकंजा

एआई के दौर में डीपफेक लोकतंत्र, निजता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। आईटी नियमों में हालिया संशोधन, डीपफेक और एआई-जनित सामग्री की नई परिभाषाएं, निर्दिष्ट सामग्री को शीघ्रता से हटाने का अनिवार्य प्रावधान नियामकीय ढांचे को ताकत देंगे। ये इस चुनौती से निबटने का सराहनीय प्रयास है। संशोधित नियमों में 'एआई-जनित या सिंथेटिक मीडिया', 'डीपफेक', 'मॉर्फ्ड या मैनिपुलेटेड कंटेंट' और 'भ्रामक लेबलिंग' जैसी स्पष्ट परिभाषाएं शामिल करने के बाद प्लेटफॉर्म का यह तर्क कि सामग्री 'यूजर-जनरेटेड' है, इसलिए उनकी जिम्मेदारी सीमित है, कुतर्क में बदल गया है। अब यदि कोई ऑडियो-वीडियो एआई जनित है और उसे वास्तविक बताकर प्रसारित किया गया, तो साफ बताना होगा। गंभीर मामलों में शिकायत होने के तीन घंटे के भीतर सोशल मीडिया इंटरमीडियरी को इसे हटाना या निष्क्रिय करना होगा। यह प्रावधान महत्वपूर्ण सोशल मीडिया इंटरमीडियरी, मैसेजिंग सेवाओं, वीडियो-शेयरिंग साइट्स और होस्टिंग प्रदाताओं सभी पर लागू होगा।

आईटी अधिनियम की धारा 79 के तहत प्लेटफॉर्म को 'सेफ हार्बर' सुरक्षा मिलती है, यानी यूजर की पोस्ट के लिए वे स्वतः दोषी नहीं माने जाते। अब नए नियमों के तहत यदि प्लेटफॉर्म समयबद्ध तरीके से डीपफेक हटाने, लेबलिंग और शिकायत-निवारण अपनाएंगी, तभी उनकी सेफ हार्बर सुरक्षा बचेगी। इसका अर्थ है कि अब उनकी जिम्मेदारी अधिक है और बचाव की गुंजाइश थोड़ी कम, हालांकि इन संशोधनों के बाद भी यह चुनौती बाकी है कि नियम मुख्यतः शिकायत-आधारित हैं, कंटेंट हटाने की प्रक्रिया तब सक्रिय होती है, जब कोई यूजर शिकायत करे और सरकार उस संबंधित सामग्री को फ्लैग करे। डीपफेक का शिकार स्थानीय पुलिस के साइबर सेल में एफआईआर दर्ज करा सकता है, साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट कर सकता है अथवा ग्रिवेंस ऑफिसर को ईमेल के जरिये औपचारिक शिकायत दर्ज करा सकता है। पर सवाल यह है कि हर यूजर दिन रात इसकी बात पर निगरानी नहीं रख सकता कि वह कब कहां और किस प्लेटफॉर्म पर डीपफेक का शिकार हो चुका है। इस मामले में आम उपयोगकर्ता विकल्पहीन नजर आता है, इसलिए भले ही एआई टूल्स सुलभ हैं और 'क्राइम-एज़-ए-सर्विस' मॉडल ने इसे संगठित अपराध का रूप दे दिया हो, नये नियमों के सख्त लेबलिंग, त्वरित टेकडाउन और ट्रेसबिलिटी से नुकसान को किंचित कम किया जा सके, लेकिन अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्लेटफॉर्म को प्रोएक्टिव मॉनिटरिंग, एआई-आधारित डिटेक्शन और जोखिम-आधारित फ्लैगिंग अपनानी ही होगी। सर्विस प्रोवाइडर समय सीमा में कार्रवाई नहीं करता, तो सेफ हार्बर तत्काल समाप्त होने, भारी जुर्माने के साथ उसके विरुद्ध आपराधिक मामला बनना चाहिए, लेकिन यहां स्पष्ट आर्थिक दंड और पीड़ित के लिए क्षतिपूर्ति तंत्र का अभाव है, जो नियमों को कमजोर बनाएगा। जब तक अनुपालन न करने पर ठोस दंड, जैसे- राजस्व-आधारित जुर्माना, अस्थायी निलंबन या लाइसेंस शर्तें स्पष्ट न हों, तब तक नियमों की प्रभावशीलता सीमित रहेगी।

### प्रसंगवश

## स्वराष्ट्र, स्वभाषा के पक्षधर थे महर्षि दयानंद सरस्वती

महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती ऐसे युग पुरुष थे, जिन्होंने सामाजिक कुरीति उन्मूलन, स्त्री शिक्षा को प्रोत्साहन, सामाजिक समरसता के लिए काम कर समाज सुधार की नई क्रान्ति का सूत्रपात किया। उन्होंने देश में स्वराज्य तथा आजादी की भावना को सुदृढ़ किया। महर्षि दयानंद और उनका आदर्श था- 'कृण्वंतो विश्वमार्यम्' ॥ अर्थात, हम पूरे विश्व को श्रेष्ठ बनाएं, हम पूरे विश्व में श्रेष्ठ विचारों का, मानवीय आदर्शों का संचार करें, इसलिए, 21वीं सदी में आज जब विश्व अनेक विवादों में फंसा है, हिंसा और अस्थिरता में घिरा हुआ है, तब महर्षि दयानंद सरस्वती जी का दिखाया मार्ग करोड़ों लोगों में आशा का संचार करता है।

उनका जन्म 12 फरवरी, 1824 को गुजरात के टंकारा में एक पारंपरिक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनका नाम मूल शंकर तिवारी था। उनके माता-पिता यशोदाबाई और लालजी तिवारी समर्पित हिंदू थे। छोटी उम्र में ही उनमें आध्यात्मिक ज्ञान के प्रति गहरी रुचि विकसित हो गई और उन्होंने मूर्ति पूजा, अनुष्ठानों और अंधविश्वासों पर प्रश्न उठाए।



सुधांशु टाक
लेखक

19 वर्ष की उम्र में सांसारिक जीवन त्यागकर, वे सत्य की खोज में लगभग 15 वर्षों तक एक तपस्वी के रूप में भ्रमण करते रहे। उन्होंने मथुरा में स्वामी विरजानंद से शिक्षा प्राप्त की, जिन्होंने उन्हें हिंदू धर्म से भ्रष्ट प्रथाओं को समाप्त करने तथा वेदों के सच्चे अर्थ को पुनर्स्थापित करने के लिए काम करने का आग्रह किया। जब महर्षि दयानंद जी का जन्म हुआ, तब देश सदियों की गुलामी से कमजोर पड़कर अपनी आभा, अपना तेज, अपना आत्मविश्वास, सब कुछ खोता चला जा रहा था। प्रतिपल हमारे संस्कारों को, हमारे आदर्शों को, हमारे मूल्योंर को चूर-चूर करने की लाखों कोशिशें होती रहती थीं। जब किसी समाज में गुलामी की हीन भावना घर कर जाती है, तो आध्यात्म और आस्था की जगह आडंबर आना स्वाभाविक हो जाता है। ऐसी परिस्थिति में महर्षि दयानंद जी ने आगे आकर वेदों के बोध को समाज जीवन में पुनर्जीवित किया। उन्होंने समाज को दिशा दी, अपने तर्कों से ये सिद्ध किया और उन्होंने ये बार-बार बताया कि खामी भारत के धर्म और परंपराओं में नहीं है। खामी है कि हम उनके वास्तविक स्वरूप को भूल गए हैं और विकृतियों से भर गए हैं।

स्वराष्ट्र, स्वभाषा, स्वभूषा, स्वसंस्कृति और स्वतंत्रता के प्रबलतम पक्षधर महर्षि दयानंद सरस्वती ऐसे दिव्य राष्ट्र पुरुष थे, जिनका संपूर्ण चिंतन और कार्य जहां आध्यात्मिकता से ओतप्रोत था, वहीं राष्ट्र उनके लिए प्रथम था। महर्षि दयानंद मानते थे कि व्यक्ति की सर्वांगीण उन्नति 'स्व' से ही प्रारंभ होती है। किसी भी क्षेत्र की पराधीनता व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के लिए अधोगति का कारण बनती है। पराधीन व्यक्ति चाह कर भी कुछ नहीं कर पाता है।

भारतवर्ष की स्वाधीनता के लिए एकदम साफ और बुलंद शब्दों में आवाज उठाने वाले सर्वप्रथम व्यक्ति महर्षि दयानंद ही थे और इसके लिए कष्ट और अमानवीयता की सीमा तक यातनाएं सहने वाले अधिकांशतः व्यक्ति देव दयानंद के अनुयाई और पथानुगामी ही थे। उसे समय के प्रायः सभी युगपुरुष और महापुरुष जहां कुछ एक क्षेत्र में कार्य करके अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ रहे थे वहां मात्र महर्षि दयानंद ने संपूर्ण क्रांति के लिए कार्य किया। अपने अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश की रचना से भी पहले सन् 1874 में ऋषि दयानंद सरस्वती ने 'आर्याभिविनय' की रचना की थी। उसमें उन्होंने स्पष्ट लिखा था- 'अन्य देशवासी राजा हमारे देश में कभी शासन न करें। हम कभी पराधीन न हों।'

## उत्तराखंड के लिए संजीवनी बनेगी होमस्टे की नीति





अमित शर्मा
हल्द्वानी

पर्वतीय और पर्यटन राज्य की बेशुमार खूबियां समेटे उत्तराखंड के लिए होमस्टे की नयी नीति को किसी संजीवनी से कम नहीं आंका जा सकता है। होमस्टे के कॉन्सेप्ट ने न केवल यहां रोजगार के द्वार खोले हैं, बल्कि अकल्पनीय पर्यटन का विस्तार भी किया है। प्रदेश के दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे अलग से पहाड़ की लोक संस्कृति, परंपरा, संस्कार और स्थानीय उत्पादों की पहचान देश-विदेश में करवा रहा है। मात्र 10 वर्षों में होमस्टे का प्रचलन राज्य के कोने-कोने में पैर जमाने में सफल हुआ है।

अलग राज्य बनने के बाद प्रदेश में सबसे बड़ी समस्या रोजगार की थी जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं को मजबूरन पलायन करना पड़ रहा था और पलायन रोकना ही प्रदेश सरकार की सबसे बड़ी चुनौती रहती आई है। रोजगार के अभाव में प्रदेश में गांव के गांव वीरान होने लगे थे। इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए कोई युक्ति नहीं थी, लेकिन करीब दस वर्ष पहले होमस्टे का कॉन्सेप्ट वापसी की लौ बनकर सामने आया। यह देखने में बेहद मामूली नजर आ रहा था, लेकिन रोजगार के साथ पर्यटन के विस्तार का बड़ा मार्ग था। कुछ वर्ष यूं ही बीत गए और करीब छह बरस पहले इसके महत्व को समझते हुए प्रदेश सरकार ने होमस्टे को आगे ले जाने के लिए युवाओं को इससे जोड़ने व प्रेरित करने का अभियान शुरू कर दिया।

उत्तराखंड के लिए होमस्टे की नई नीति को किसी संजीवनी से कम नहीं आंका जा सकता। होमस्टे के कॉन्सेप्ट ने न केवल यहां रोजगार के द्वार खोले हैं, बल्कि पर्यटन का विस्तार भी किया है।

दरअसल, यह पर्यटन की ऐसी अवधारणा थी, जिसमें खर्च न के बराबर और आकर्षण अनूठा था। अधिक कुछ न कर पुराने घरों को संवारना था और पर्यटक के रूप में आने वाले मेहमानों को घर जैसे प्यार के साथ आवभगत करना था। कुमाऊं और गढ़वाल की संस्कृति सैकड़ों वर्ष पुरानी है, जो देश और दुनिया में अलग पहचान रखती है, लेकिन इसका विस्तार तभी संभव था, जब महानगरों से लोग आएं और यहां की संस्कृति, सौहार्द, खान-पान और रहन-सहन की अनुभूति को अनुभव कर सकें।

प्रदेश के पारंपरिक कुमाऊंनी, गढ़वाली घर मिट्टी-पत्थर और लकड़ी से बने होते हैं। पर्यावरण संरक्षण की झलक और उदाहरण देते प्रतीत होते हैं। पर्यटकों के लिए यह ऐसा आकर्षण और अनुभव है, जो कल्पना से परे होता है। मगर इस अहसास को जगाने के लिए सैलानियों की मौजूदगी बेहद जरूरी थी। इस बीच कोविड महामारी शुरू हो गई। यह महामारी अभिशाप जरूर थी, लेकिन राज्य के होमस्टे का सुहाना सफर यहीं से शुरू हुआ। पलायन कर चुके युवाओं का रिवर्स पलायन शुरू हो गया और उनके लिए उन्हें जब होमस्टे के बारे में पता लगा तो उन्हें अपने सपनों का संसार घर में बसाने का सुनहरा अवसर मिल गया।

एक खास बात यह भी है कि उत्तराखंड की एक विशेष पहचान कुकिंग को लेकर भी रही है। गांव छोड़ महानगरों की शरण लेने वाले लोगों में एक तबका बड़े-नामी होटलों में खाना बनाने में माहिर माने जाते हैं। यह ऐसा हुनर है, जो होमस्टे की सफलता की बुनियाद है। यही वजह है कि वर्तमान में प्रदेशभर में 6545 होमस्टे सफलता के साथ संचालित हो रहे है और 20 हजार से अधिक लोग इन होमस्टे में आजीविका कमाने के साथ अपनी जड़ों से वापस जुड़ रहे हैं।

इसमें जरा भी संदेह नहीं कि उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता दुनिया में अलग और बेपनाह खूबसूरत है। इधर, होमस्टे ने जहां रोजगार की दिशा में बड़ा कदम उठाया, वहीं प्रदेश की तमाम खूबियों के चलते देश-विदेश के लोगों के प्रति आकर्षण पैदा किया है। देवभूमि की बड़ी विशेषता यहां का भोजन है, जो औषधि का काम करता है। गहत और भट्ट की दाल और राजमा का कोई सानी नहीं। इसके अलावा बिच्छू समेत पहाड़ी सब्जियों का भंडार ग्रामीण अंचलों में उपलब्ध है, जो शहरों की हाईब्रिड सब्जियों से कहीं अधिक उत्तम व ऑर्गेनिक है। भाग दौड़ भरी जिंदगी से पहाड़ों का सुकून व शांति का वातावरण पर्यटकों को बेहद भाने लगा है। आदर सत्कार, स्नेह, प्रेम और संस्कार, जो होटलों में संभव नहीं, वह होमस्टे में मिलता है। कम खर्च और ढेर सारी मौज-मस्ती का आनंद होमस्टे में मिल जाता है। यही वजह है कि वर्तमान में होटलों की जगह होमस्टे की मांग बढ़ने लगी है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट ने बीते माह होमस्टे योजना को लेकर बड़ा फैसला लेते हुए अहम बदलाव किए। इसके अनुसार, अब केवल उत्तराखंड के स्थायी निवासी ही होमस्टे योजना का लाभ उठा सकते हैं, हालांकि अन्य राज्यों के होम स्टे संचालक बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना में शामिल होंगे, जिन्हें जीएसटी और व्यावसायिक दरों पर बिजली-पानी मिलेगा। नई 'उत्तराखंड पर्यटन, यात्रा व्यवसाय, होम स्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट पंजीकरण नियमावली-2026' का स्पष्ट उद्देश्य स्थानीय निवासियों के हितों की रक्षा करना है।

इस योजना के बड़े फायदों में, स्थानीय निवासियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और रिवर्स पलायन में यह योजना संजीवनी का काम करेगी। पहाड़ की जवानी पहाड़ के ही काम आएगी। स्थानीय होने के चलते वे स्वयं पहाड़ व अपने आसपास की संस्कृति, विशेषताओं से मेहमान पर्यटकों को बता सकेंगे। स्थानीय होम स्टे संचालकों को बिजली और पानी की सुविधा घरेलू दरों पर मिलने से उनकी लागत भी कम होगी।

पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी कहते हैं कि होमस्टे दूरदराज के ग्रामीण अंचल के लिए किसी वरदान से कम नहीं। प्रदेश की बड़ी आबादी दूर गांवों में रहती है, जहां रोजगार के रूप में होमस्टे लोगों का जीवन स्तर बदल रहा है। होमस्टे खोलने को लेकर सरकार 50 प्रतिशत की सब्सिडी दे रही है, तो बैंक से मिलने वाले ऋण में बैंक ब्याज में 50 फीसद छूट दे रहा है। होमस्टे ने रिवर्स पलायन में बड़ी भूमिका निभाई है। ग्रामीण विकास और पलायन आयोग की रिपोर्ट 2025 के अनुसार 6000 से अधिक प्रवासी अपने गांवों में लौटकर अधिकांश होमस्टे का स्वरोजगार कर रहे हैं।

### आमने सामने



आपने भारत बेच दिया है। क्या आपको भारत बेचने में शर्म नहीं आती? आपने हमारी मां, भारत माता को बेच दिया है। आपको पता है उन्होंने भारत क्यों बेचा? क्योंकि वे उनका गला घोंट रहे हैं। उन्होंने उनकी गर्दन पकड़ रखी है। हम प्रधानमंत्री की आंखों में डर देख सकते हैं।

-राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष



आपने कहा कि इन्होंने देश बेच दिया, पर मैं कहना चाहता हूं कि आज तक कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ, जो देश को बेच सके और न कोई है जो हमारे देश को खरीद सके। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि इस देश के अब तक के सबसे मजबूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

-किरेन रिजिजू
संसदीय कार्यमंत्री

## बजट: चुनावी रेवड़ियों की जगह मजबूत रोडमैप



मनोज त्रिपाठी
कानपुर

उत्तर प्रदेश में 2027 के पूर्वार्द्ध में विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन इसके बावजूद योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट उम्मीदों के विपरीत चुनावी घोषणाओं, लोक लुभावन योजनाओं और मुफ्त की रेवड़ियों से परहेज करता हुआ जनता के उस विश्वास का दस्तावेज जैसा लगता है, जिसे सरकार ने नौ सालों में पूरी शिद्दत के साथ अर्जित किया है। इसी कारण वित्तीय वर्ष 2026-27 का सरकार का बजट जो कि 9,12,696 करोड़ रुपये के साथ आकार में अब तक का सबसे बड़ा है, वित्तीय लेखा-जोखा से ज्यादा, सरकार की आर्थिक सोच, राजनीतिक प्राथमिकताओं और प्रशासनिक क्षमताओं का बखान करने के साथ स्वाभाविक रूप से महत्वाकांक्षी और रणनीतिक रहते हुए विकसित यूपी का रोडमैप प्रस्तुत करता है।

यदि समग्र आकार और संरचना पर नजर डालें, तो यह बजट पिछले वर्षों की तुलना में अधिक विस्तारवादी है। कुल परिव्यय पिछले साल की तुलना में करीब 12.2 फीसदी ज्यादा है। इसके साथ ही वित्तीय अनुशासन और पूंजीगत खर्च बढ़ाने पर खास फोकस है। पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) में वृद्धि के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि प्रदेश केवल कल्याणकारी योजनाओं पर ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक बुनियादी ढांचे पर भी निवेश कर रहा है। एक्सप्रेस-वे, मेट्रो विस्तार, डिफेंस कॉरिडोर, औद्योगिक पार्क, एग्री-एक्सपोर्ट हब, नए मेडिकल कॉलेज, एआई मिशन, प्लेसमेंट सेंटर्स आदि, ये सब मिलकर उस नए उत्तम प्रदेश की तस्वीर पेश करते हैं, जिसे सरकार निवेश-हितैषी और आधुनिक बनाना चाहती है, हालांकि पूंजीगत व्यय के साथ राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखना आसान नहीं होता। यदि राज्य का कर्ज अनुपात बढ़ता है, तो भविष्य की पीढ़ियों पर बोझ बढ़ सकता है। सरकार ने इसे लेकर संतुलन का दावा किया है, लेकिन वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और केंद्र से मिलने वाले अनुदान पर निर्भरता को देखते हुए उसे वित्तीय प्रबंधन की परीक्षा देना अभी बाकी है।

यूपी सरकार का अंतिम पूर्ण बजट उम्मीदों के विपरीत चुनावी घोषणाओं से परहेज करता हुआ जनता के विश्वास का दस्तावेज जैसा लगता है।

सरकार जब प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय एक लाख 20 हजार होने और छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का आंकड़ा पेश करती है, तो यह बताना नहीं भूलती कि अर्थव्यवस्था का हाल पहले क्या था और किस तरह वह राज्य की अर्थव्यवस्था को एक डॉलर ट्रिलियन बनाने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। इसी क्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का यह बताना कि उत्तर प्रदेश देश की तीन टॉप अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में प्रदेश की रैंकिंग 2018-19 में 29वें स्थान से सुधरकर 2023-24 में 18वें स्थान पर पहुंच गई है।

फरवरी 2024 में आयोजित चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में करीब 50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए हैं, जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार पैदा होने की संभावना है। अब तक 16 हजार से ज्यादा परियोजनाओं के लिए लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो चुकी हैं, तो योगी सरकार के इसी दावे पर मुहर लगती है कि उसके पिछले और वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ है, चाहे कानून व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण हो, अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार हो, औद्योगिक निवेश या रोजगार सृजन हो, महिलाओं का सशक्तीकरण हो या युवाओं का कौशल संवर्धन, किसानों की खुशहाली हो या गरीबी उन्मूलन। इन सारी बातों से सरकार यही संदेश हर किसी तक पहुंचाना चाहती है कि अब तक की बदलाव की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए इस बार का बजट भी प्रदेश के संतुलित विकास, विशेषकर युवाओं और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित है, ताकि राज्य को देश की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाया जा सके।

बजट का सबसे बड़ा हिस्सा बुनियादी ढांचे के लिए आवंटित किया गया है। विशेष रूप से सड़कों और फ्लाईओवर के निर्माण पर 34,468 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इससे प्रदेश में एक्सप्रेसवे, मुख्य राजमार्ग, बाईपास, ग्रामीण सड़कों और पुलों के विस्तार पर तेजी से काम होगा। फिलहाल प्रदेश में सात एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक दौड़ रहा है, तीन एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं। अब चार और नए एक्सप्रेसवे बनने की घोषणा से सरकार का इरादा साफ है कि प्रदेश के हर जिले को बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से जोड़ा जाए, ताकि परिवहन सुविधाएं मजबूत हों और आर्थिक गतिविधियां बढ़ें, क्योंकि यही वह बिंदु है, जिससे लोगों में विकास होने की आम राय बनती है।

निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। बेहतर सड़क नेटवर्क से औद्योगिक क्षेत्रों तक माल की ढुलाई आसान होने से लॉजिस्टिक्स लागत कम होती है और व्यापार-कारोबार बढ़ता है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में सड़कों के विस्तार से किसानों की बाजार तक पहुंच आसान होने से उनकी आय में सुधार आ सकता है। बजट का दूसरा सबसे प्रमुख हिस्सा टेक्नोलॉजी और एआई मिशन है, जिसमें राज्य को आईटी हब बनाने का संकल्प है।

### सोशल फोरम

## फिर चित्रा ने नहीं गाया

1975-76 के लगभग जगजीत-चित्राजी का पहला LP रिकार्ड Unforgettables आया, उसके बाद ही हिंदुस्तान में ही नहीं, एक हद तक पाकिस्तान में भी गज़ल गायकी का जैसे ट्रेंड ही बदल गया। उस समय ग़ज़ल गायकी में ग्रेट मेंहदी हसन बहुत बड़ा नाम थे और भारत में तलत महमूद थे और भी बड़े-बड़े शास्त्रीय ग़ज़ल गायक थे उस दौर के, किंतु जगजीत सिंह एक ऐसा नाम उभरा जो जीवन का अंत होने के समय तक निरंतर शोहरत की बुलंदियों पर चढ़ता चला गया। बिना इस बात की परवाह किए कि बाकी गायक कितने बड़े और शोहरतमंद हैं?



रश्मि त्रिपाठी
ब्लॉगर

अपनी सरल गायकी और मखमली आवाज़ के बल पर जगजीत सिंह न केवल खुद जन-जन के प्रिय होते चले गए, अपितु उन्होंने ग़ज़ल को भी अपार लोकप्रियता दिलाई। ग़ज़ल जो कुछ 'एलीट क्लास' की बैठकों के शौकीनों की शोभा मात्र हुआ करती थीं, अब आम लोगों में गुनगुनाने की चीज़ बन गई। बात यहां तक आ गई कि लोकप्रिय फिल्मी गीतों की तुलना में भी जगजीत जी को अधिक शोहरत मिलने लगी।

कुछ वर्षों के इस सफर के बाद जगजीत सिंह को हिंदी सिनेमा में गाने का मौका भी मिल गया। 'तुम इतना जो मुस्करा रहे हो' या फिर 'होठों से छू लो तुम,मेरा गीत अमर कर दो' जैसे अनेक कालजयी फिल्मी गाने जगजीत सिंह की गायकी और उन्हीं की मौसिक़ी से निकले थे। इससे पहले 1967 में जब जगजीत काम ढूंढ रहे थे, तब उनकी मुलाकात चित्रा दत्ता से हुई। चित्रा उस वक्त शादीशुदा थीं। वो मुंबई में जहां रहती थीं। उनके सामने वाले घर में जगजीत का आना-जाना लगा रहता था और यहीं पर दोनों की मुलाकात हुई थी।

धीरे धीरे वे एक-दूसरे को पसंद करने लगे थे और अलग सी बात ये थी कि जगजीत ने उनके पति देबू प्रसाद दत्ता से उन्हे मांग लिया था। दिसंबर 1969 में चित्रा ने अपने पति को तलाक देकर जगजीत सिंह से शादी कर ली। कहते हैं कि देबू दत्ता का भी कहीं और अफेयर था, इसलिए उनको भी तलाक में सुविधा हो गई।

चित्रा-जगजीत दोनों एक साथ एक के बाद एक कॉन्सर्ट लगातार करते जा रहे थे। शोहरत-दौलत दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ती गई। साल 1980 तक जगजीत सिंह गजल किंग बन चुके थे। इसी समय उनके एक मात्र पुत्र विवेक की 1990 में एक एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई। दोनों ने गाना छोड़ दिया। कुछ दिन बाद जगजीत सिंह तो रोमांटिक न सही, लेकिन थोड़े बदले मिज़ाज़ के गीत-गजल गाने लगे, लेकिन चित्रा ने फिर नहीं गाया। -फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## ईयू-यूएस से व्यापारिक समझौता सुनहरा मौका

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत अब भारतीय निर्यातकों को 50 प्रतिशत शुल्क के स्थान पर सिर्फ 18 प्रतिशत शुल्क ही देना होगा, किंतु यह भी सत्य है कि पहले यह शुल्क मात्र 2.9 प्रतिशत ही था। यह दोनों समझौते भारत को विश्व पटल पर मजबूत स्थिति में खड़ा होने का अवसर प्रदान करते हैं। यदि भारत यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा जा सकता है, तो भारत-अमेरिका व्यापार समझौता सभी समझौतों का जनक माना जा सकता है। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया जाने वाला शुल्क अब 18 प्रतिशत रह जाएगा, हालांकि भारतीय यूरोपीय संघ समझौता अपने आप में महत्वपूर्ण है, किन्तु भारत द्वारा अपने सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार अमेरिका से निर्यात को विविधतापूर्ण बनाना भी एक कठिन प्रयास था, जिसमें भारत को अंततः सफलता प्राप्त हुई। यह समझौता न केवल भारत की व्यापार स्थिति को बहाल करेगा, बल्कि दशकों पुराने भारत-अमेरिका राजनयिक संबंधों को भी मजबूत करेगा, जिनमें हाल ही में तनाव के संकेत दिखाई दिए थे।



प्रो. रिपुदमन सिंह
शिक्षाविद्

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ने भारतीय उद्योगों को राहत की सांस लेने का मौका प्रदान किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यह दावा कि अब भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा भी चुनौतीपूर्ण है, भारत को इस पर ध्यान देना होगा, क्योंकि रूसी तेल पूरी तरह बंद करने पर भारत को अपने एक तिहाई तेल की आपूर्ति के लिए विकल्प तलाशना होगा तथा रूस के साथ भारत के संबंध पर भी असर पड़ेगा। रूस भारत का लंबे समय से मित्र और रक्षा उपकरणों का महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता है। यह कदम भारत के लिए संबंधों को पुनर्गठन करने जैसा होगा। इसी तरह वेनेजुएला से अधिक कच्चा तेल खरीदना शोधन संबंधी चुनौतियां उत्पन्न करेगा।

इसके अतिरिक्त यह भी विचारणीय है कि भारत ने अमेरिका को टैरिफ रियायतों निवेशों और खरीद आदेशों के संदर्भ में क्या प्रतिबद्धतायें निर्धारित की हैं, क्योंकि ट्रंप और उनकी टीम, संवेदनशील कृषि उत्पादों और डेयरी उत्पादों के आदान-प्रदान किए जाने का दावा कर रहे हैं। भारतीय वाणिज्य मंत्री ने ट्रंप के इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया अभी तक नहीं दी है, लेकिन अमेरिकी व्यापार समझौते ने एक उम्मीद की किरण तो दी है, क्योंकि इससे शेयर बाजारों में तेजी आई है, रुपये को मजबूती मिली है और कपड़ा, परिधान, चमड़ा, जूते और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम प्रधान उद्योगों में उत्साह का माहौल है।

व्यापार के मोर्चे पर भारत के वस्त्र और चमड़ा निर्यातकों को त्वरित लाभ मिलने की संभावना है। वर्तमान में खेल सामग्री, रत्न और आभूषणों के निर्यातकों को उच्च टैरिफ के चलते कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था और यह निर्यातक 10-20 प्रतिशत तक नुकान उठा रहे थे। यह डैडम् क्षेत्र में रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। भारत वस्त्र और परिधान का 28 प्रतिशत निर्यात अमेरिका को करता है, जो भारतीय चमड़े और खेल सामग्री का भी बहुत बड़ा बाजार है। भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौता भारत के इतने बड़े निर्यात को इतनी जल्दी समायोजित करने की स्थिति में संभवतः नहीं था, किंतु एक वैकल्पिक व्यवस्था बनने की स्थिति में जरूर आगे आ सकता है। अमेरिकी रणनीतिकार संभवतः इसी संभावना को भांपने में सफल रहे हैं और भारत-अमेरिका समझौते को अति शीघ्र लागू करने के लिए तत्पर हो गए हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता का एक व्यापक रणनीतिक उद्देश्य भी है, यह द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल करने में भी मदद करेगा, जो नागरिक परमाणु समझौते के बाद से लगातार मजबूत होते गए हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

अमृत विचार
कैंपस

## वर्ड स्मिथ

### कैसे बना शैंपू शब्द




आज शैंपू हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का एक सामान्य शब्द बन चुका है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इसका जन्म भारत में हुआ और यह शब्द हिंदी-उर्दू नहीं, बल्कि संस्कृत मूल से होकर अंग्रेजी तक पहुंचा। 'शैंपू' शब्द की कहानी औपनिवेशिक भारत, आयुर्वेद और पश्चिमी संस्कृति के आपसी संपर्क से जुड़ी है। 'शैंपू' शब्द की जड़ संस्कृत के शब्द 'चम्पू' (Champu) में मिलती है। 'चम्पू' का अर्थ होता है-दबाना, मलना या मालिश करना। प्राचीन भारत में सिर और शरीर की तेल मालिश को 'चम्पू' कहा जाता था। यह केवल सौंदर्य का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य का भी महत्वपूर्ण हिस्सा था। आयुर्वेद में सिर की मालिश को तनाव दूर करने, रक्तसंचार बढ़ाने और बालों को स्वस्थ रखने का प्रभावी उपाय माना गया है।

17वीं-18वीं शताब्दी में जब ब्रिटिश व्यापारी और अधिकारी भारत आए, तो उन्होंने यहां की मालिश और स्नान पद्धतियों को देखा। बंगाल में 'चम्पू' एक प्रचलित प्रक्रिया थी, जिसमें जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक तत्वों से सिर की सफाई और मालिश की जाती थी। अंग्रेजों ने इस शब्द को अपने उच्चारण के अनुसार 'Shampoo' कहना शुरू कर दिया। सन 1762 में यह शब्द पहली बार अंग्रेजी शब्दकोश में दर्ज हुआ। शुरुआत में 'शैंपू' का अर्थ केवल सिर की मालिश या शरीर को मलने की क्रिया था, न कि किसी तरल पदार्थ का नाम। बाद में, 19 वीं शताब्दी में जब तरल साबुन और बाल धोने वाले उत्पाद विकसित हुए, तब इस प्रक्रिया से जुड़े उत्पाद को ही 'शैंपू' कहा जाने लगा। इस प्रकार, 'शैंपू' केवल एक कॉस्मेटिक उत्पाद नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की देन है, जो संस्कृत से चलकर औपनिवेशिक रास्तों से होती हुई पूरी दुनिया की भाषाओं में शामिल हो गई। यह शब्द हमें याद दिलाता है कि भारतीय परंपराओं का वैश्विक प्रभाव कितना गहरा और स्थायी रहा है।



# 75% कॉलेज छात्रों को नहीं दे पा रहे जॉब वाली स्किल्स

भारत में हर साल लाखों युवा बड़े सपनों के साथ कॉलेज और यूनिवर्सिटी में दाखिला लेते हैं। परिवार उम्मीद करता है कि चार साल की पढ़ाई के बाद बच्चा अच्छी नौकरी पाएगा, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगा और समाज में सम्मान पाएगा, लेकिन आज की सच्चाई यह है कि डिग्री मिलने के बाद भी नौकरी मिलना किसी जुए से कम नहीं रह गया है। टीमलीज एडटेक की ताजा रिपोर्ट बताती है कि भारत के करीब 75 प्रतिशत कॉलेज और विश्वविद्यालय अपने छात्रों को जॉब-रेडी स्किल्स देने में नाकाम हो रहे हैं। यानी डिग्री तो मिल रही है, लेकिन नौकरी के लायक नहीं है। यह सिर्फ शिक्षा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।



राजेश जैन
लेखक

## डिग्री की फैक्ट्रियां बनते जा रहे हैं कॉलेज

आज बड़ी संख्या में संस्थान सिर्फ डिग्री बांटने वाली फैक्ट्रियों में बदल चुके हैं। क्लासरूम में थ्योरी पढ़ाई जाती है, पुराने सिलेबस रटाए जाते हैं, लेकिन असली दुनिया की जरूरतों से छात्रों का कोई संपर्क नहीं होता। नतीजा यह होता है कि छात्र पास होकर निकलते हैं, लेकिन उन्हें यह तक नहीं पता होता कि इंडस्ट्री उनसे क्या चाहती है। आज कंपनियों को ऐसे युवा चाहिए जो टेक्नोलॉजी समझते हों, कम्युनिकेशन में मजबूत हों, प्रॉब्लम सॉल्विंग कर सकें, प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस रखते हों, लेकिन ज्यादातर कॉलेज इन स्किल्स पर काम ही नहीं करते।

## प्लेसमेंट का कड़वा सच

कागजों में कई संस्थान 100 प्रतिशत प्लेसमेंट का दावा करते हैं, लेकिन सच्चाई इससे बहुत अलग है। रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ 16.67 प्रतिशत संस्थान ही ऐसे हैं, जो अपने 76 प्रतिशत से 100 प्रतिशत छात्रों को छह महीने के भीतर नौकरी दिला पाते हैं। बाकी छात्रों को या तो बहुत कम सैलरी वाली नौकरी मिलती है या फिर वे बेरोजगार घूमते रहते हैं या किसी दूसरे कोर्स की तैयारी करने लगते हैं। यह स्थिति उन माता-पिता के लिए भी चिंता का विषय है, जो भारी फीस भरकर बच्चों को प्राइवेट कॉलेजों में पढ़ाते हैं। इंडस्ट्री और पढ़ाई के बीच गहरी खाई आज की शिक्षा व्यवस्था का सबसे बड़ा दोष यही है कि पाठ्यक्रम और उद्योग की जरूरतों में तालमेल नहीं है। रिपोर्ट बताती है कि सिर्फ 8.6 प्रतिशत संस्थानों के कोर्स पूरी तरह इंडस्ट्री-फ्रेंडली हैं, 51 प्रतिशत से ज्यादा संस्थानों का उद्योग से कोई तालमेल ही नहीं। मतलब आधे से ज्यादा कॉलेज ऐसे हैं, जहां पढ़ाया कुछ और जाता है और नौकरी में चाहिए कुछ और।



## इंटर्नशिप: नाम की, काम की नहीं

नौकरी से पहले इंटर्नशिप सबसे जरूरी कदम होती है। यहीं से छात्र सीखते हैं-ऑफिस कल्चर, टीमवर्क, असली प्रोजेक्ट पर काम, लेकिन भारत में सिर्फ 9.4 प्रतिशत संस्थानों में सभी कोर्स के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप होती है और 37.8 प्रतिशत संस्थानों में इंटर्नशिप की कोई व्यवस्था ही नहीं है। यानी लाखों छात्र बिना किसी प्रैक्टिकल अनुभव के सीधे जॉब मार्केट में उतर जाते हैं। फिर कंपनियां कहती हैं-आपके पास एक्सपीरियंस नहीं है।

## क्लासरूम में इंडस्ट्री का अनुभव नदारद

अगर कॉलेजों में इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स पढ़ाएं, तो छात्रों को असली दुनिया की समझ मिले, लेकिन रिपोर्ट कहती है कि सिर्फ 7.56 प्रतिशत संस्थानों में ही 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' जैसे इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स को शामिल किया गया है। बाकी जगह वही पुराने प्रोफेसर, वही पुराने नोट्स, वही पुरानी थ्योरी। छात्रों को यह नहीं बताया जाता कि आज जॉब मार्केट कैसे बदल रहा है, नई भूमिकाएं क्या हैं, कंपनियां किस तरह की स्किल्स ढूंढ रही हैं।



## लाइव प्रोजेक्ट्स भी गायब

लाइव इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स छात्रों को रियल वर्ल्ड प्रॉब्लम सॉल्विंग सिखाते हैं, लेकिन सिर्फ 9.68 प्रतिशत संस्थानों में ही ऐसे प्रोजेक्ट कराए जाते हैं। बाकी जगह थ्योरी पढ़ाओ, एग्जाम लो, डिग्री दो और मामला खत्म।

## एलुमनाई नेटवर्क की कमजोरी

पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की ताकत होते हैं। वे मेंटरशिप दे सकते हैं, रेफरल दिला सकते हैं, जॉब के मौके खोल सकते हैं, लेकिन रिपोर्ट बताती है कि सिर्फ 5.44 प्रतिशत संस्थानों के पास सक्रिय एलुमनाई नेटवर्क है। यानी कॉलेज अपने ही पुराने छात्रों की ताकत का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे।

इसका असर सिर्फ छात्रों पर नहीं, देश पर भी-जब युवा बेरोजगार रहते हैं, तो इसका असर सिर्फ परिवार पर नहीं, पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। उत्पादकता घटती है, मानसिक तनाव बढ़ता है, स्किल गैप बढ़ता है, माइग्रेशन बढ़ता है, डिग्रीधारी बेरोजगारी, देश के लिए सबसे खतरनाक संकेतों में से एक है।

## सर्टिफिकेट्स से दूरी

आज कंपनियां सिर्फ डिग्री नहीं देखतीं, वे मान्यता प्राप्त इंडस्ट्री सर्टिफिकेट्स को भी महत्व देती हैं। जैसे-एआई और डेटा साइंस सर्टिफिकेट, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, 60 प्रतिशत से ज्यादा संस्थानों ने इन सर्टिफिकेट्स को अपने कोर्स में शामिल करने पर कभी सोचा ही नहीं। नतीजा ये हुआ छात्र ऐसे स्किल्स के बिना ग्रेजुएट होते हैं, जिन्हें कंपनियां तुरंत पहचान सकें।

## यह है समाधान

रिपोर्ट साफ कहती है कि अब बदलाव विकल्प नहीं, मजबूरी है। इसके लिए इंडस्ट्री-अनुकूल सिलेबस, अनिवार्य इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की भागीदारी, सर्टिफिकेट कोर्स, मजबूत एलुमनाई नेटवर्क, कॉलेजों को सिर्फ पढ़ाने की नहीं, रोजगार दिलाने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

## सरकार की भूमिका भी अहम

नई शिक्षा नीति सही दिशा में कदम है, लेकिन जमीन पर उसका असर अभी सीमित है। सरकार को चाहिए कि कॉलेजों की जवाबदेही तय करे, प्लेसमेंट डेटा पब्लिक करे, स्किल-बेस्ड एजुकेशन को बढ़ावा दे, इंडस्ट्री पार्टनरशिप अनिवार्य बनाए, छात्रों को भी जागरूक होना होगा। आज का छात्र सिर्फ डिग्री पर निर्भर नहीं रह सकता। उसे खुद भी ऑनलाइन स्किल्स सीखनी होंगी, इंटर्नशिप ढूंढनी होगी, नेटवर्क बनाना होगा, इंडस्ट्री ट्रेंड समझना होगा। अगर भारत की हायर एजुकेशन सिस्टम आज नहीं सुधरा तो आने वाले सालों में डिग्रियों की भीड़ होगी, लेकिन नौकरियों की कमी। यह संकट सिर्फ शिक्षा का नहीं, राष्ट्र निर्माण का संकट है। अब वक्त है डिग्री फैक्ट्रियों को रोजगार केंद्रों में बदलने का।

## नोटिस बोर्ड

- बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। उन्हें रोजगार पाने के लिए बहुत जल्द सुनहरा अवसर मिलेगा। जिला सेवा योजन विभाग, अमेठी की ओर से 26 फरवरी को आरआरपीजी कॉलेज में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 50 से अधिक नामी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। मेले के माध्यम से 2000 से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। मेले में कक्षा आठवीं पास से लेकर स्नातक, परास्नातक, बीटेक, आइटीआइ और पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार पाने का अवसर मिलेगा। निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि मौके पर ही साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया पूरी करेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र और बायोडाटा साथ ले जाएं।



- बरेली कॉलेज के ललितकला विभाग ने बीए प्रथम सेमेस्टर चित्रकला विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। विभागीय सूचना के अनुसार बैक और रेगुलर दोनों श्रेणी के विद्यार्थियों की परीक्षा 14 फरवरी को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। परीक्षा ललितकला विभाग में ही संपन्न होगी। विभाग के प्रभारी प्रो. एबीएल. लखटकिया ने छात्रों को निर्देश दिए हैं कि वे परीक्षा के दिन निर्धारित समय से कम से कम आधा घंटा पहले विभाग में उपस्थित रहें, ताकि सभी आवश्यक औपचारिकताएं समय पर पूरी की जा सकें और परीक्षा प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो।

## कैंपस में पहला दिन

# जीवन को सोचने व समझने की यात्रा

आज भी स्मृतियों में किसी ताजी सुबह की तरह कॉलेज का पहला दिन चमकता है। स्कूल की सुरक्षित और जानी-पहचानी दुनिया से निकलकर बीएससी की छात्रा के रूप में कॉलेज की देहरी पर कदम रखना मेरे लिए उत्साह और संकोच दोनों का मिला-जुला अनुभव था। हाथ में नई फाइल, कंधे पर बैग और मन में अनगिनत सवाल, क्या मैं यहां अपने सपनों के करीब पहुंच पाऊंगी?



कृष्णा चौहान
बीएससी छात्रा, एसएस कॉलेज, शाहजहांपुर

कॉलेज का विशाल परिसर देखते ही मन आश्चर्य से भर उठा। ऊंची इमारतें, हरे-भरे पेड़, भागते हुए छात्र, कहीं हंसी की आवाजें तो कहीं गंभीर चेहरों पर किताबों का बोझ, सब कुछ नया था। विभाग की ओर बढ़ते कदमों के साथ दिल की धड़कनें तेज होती जा रही थीं। बीएससी की छात्रा होने का गर्व तो था, लेकिन साथ ही यह डर भी कि विज्ञान जैसे गंभीर विषय को संभाल पाऊंगी या नहीं। पहली कक्षा का अनुभव कभी नहीं भूल सकती। प्रयोगशाला में रखे चमकते उपकरण, रसायनों की हल्की गंध और दीवारों पर टंगे वैज्ञानिकों के चित्र मुझे एक अलग ही दुनिया में ले गए। जब पहली बार अध्यापक ने अपना परिचय दिया और विषय की महत्ता समझाई, तब महसूस हुआ कि यह सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि जीवन के सोचने और समझने की एक नई यात्रा है। सबसे सुकून देने वाला पल तब आया, जब कुछ अनजान चेहरे मुस्कान में बदल गए। पास बैठी छात्रा से हुई छोटी-सी बातचीत दोस्ती की शुरुआत बन गई। लगा जैसे डर धीरे-धीरे आत्मविश्वास में बदल रहा हो। कैंटीन की पहली चाय और हल्की-फुल्की बातचीत ने उस दिन को और यादगार बना दिया।



शाम को कॉलेज से लौटते समय मन में थकान नहीं, बल्कि एक अजीब-सी खुशी थी। लगा, जैसे जीवन का नया अध्याय शुरू हो चुका है। आज जब पीछे मुड़कर देखती हूं, तो समझ में आता है कि वह पहला दिन सिर्फ कॉलेज का नहीं था, बल्कि मेरे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पहला कदम था, जो आज भी मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधन को आधिकारिक रूप से अधिसूचित कर दिया है, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए नियम और कड़े हो गए हैं। संशोधित आईटी नियम 2021 के तहत अब एआई-जनित (AI-generated) सामग्री पर "स्पष्ट और प्रमुख" लेबल लगाना अनिवार्य होगा और अवैध सामग्री हटाने की समय-सीमा 36 घंटे से घटाकर केवल तीन घंटे कर दी गई है। ये बदलाव 20 फरवरी 2026 से लागू होंगे।
- भारत और सेशेल्स के द्विपक्षीय संबंध एक नए रणनीतिक स्तर पर पहुंचा गए हैं। हाल ही में सेशेल्स के राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने सततता, आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए सुदृढ़ संपर्कों के माध्यम से संयुक्त दृष्टि (SESEL) की घोषणा की। यह पहल हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका और एक करीबी समुद्री साझेदार के रूप में सेशेल्स के महत्व को रेखांकित करती है, जिसमें सुरक्षा, विकास और जन-केंद्रित सहयोग को केंद्र में रखा गया है।
- हाल ही में नीति आयोग ने आंध्र प्रदेश के लिए एक महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा योजना पेश की है। इस नीति ब्लूप्रिंट का उद्देश्य वर्ष 2035 तक आंध्र प्रदेश को भारत के प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा हब में बदलना है। घटती बिजली लागत और बड़े क्षमता विस्तार के साथ आंध्र प्रदेश को भविष्य में देश के लिए स्वच्छ ऊर्जा निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है।
- हाल ही में वैश्विक खेल प्रशासन के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) ने ईरान से अपनी पहली महिला सदस्य का चुनाव किया है। ईरानी बैडमिंटन खिलाड़ी सोरया अघाई हाजिआगहा को 4 फरवरी इटली के मिलान में आयोजित 145 वें IOC सत्र के दौरान निर्वाचित किया गया। इस चुनाव के साथ ही वे IOC की वर्तमान सबसे कम उम्र की सदस्य भी बन गई हैं।
- भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने नई दिल्ली में आयोजित एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता। यह उपलब्धि उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में सातवां स्थान हासिल करने के पांच दिन बाद दर्ज की। डबल शूट-ऑफ के बीच मनु ने मानसिक मजबूती दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। यह 25 मीटर पिस्टल में उनका पहला व्यक्तिगत सिल्वर मेडल है।

## जॉब अलर्ट

### एम.पी. राज्य सहकारी बैंक

- पद का नाम- कंप्यूटर ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर (संविदा), सोसायटी मैनेजर, अधिकारी
- पदों की संख्या- (1763 क्लर्क + 313 अधिकारी) 2076 पद
- सैलरी/पे स्केल क्लर्क : लेवल-4 (Rs. 19,500-62,000) 7 वां पे स्केल / लेवल-7 (Rs. 28,700-91,300) / 6 वां पे स्केल (Rs. 5,200-20,200 + 1900 GP)
- शैक्षणिक योग्यता-स्नातक
- आयु सीमा -18 से 35 वर्ष (40 वर्ष छूट के साथ), कंप्यूटर ऑपरेटर (संविदा) : 18 से 55 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि- 20 फरवरी 2026
- वेबसाइट-www.apexbankmp.bank.in

### हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

- पद का नाम- ग्रुप सी पदों के लिए भर्ती (विभिन्न विभाग / बोर्ड / निगम)
- सीईटी ग्रुप सी पर आधारित- विज्ञापन नंबर 01/2025 क्वॉलिफाइड कैंडिडेट
- पदों कि संख्या -4227
- एप्लीकेशन शुरू होने की तारीख- 9 फरवरी 2026
- आवेदन की अंतिम तिथि- 23 फरवरी 2026
- ऑफिशियल वेबसाइट www.hssc.gov.in

### सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

- पद का नाम- डिप्टी जनरल मैनेजर (इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स), डिप्टी जनरल मैनेजर (माइक्रोवेव), दूसरे पोस्ट (डिप्टी इंजीनियर, ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी, वगैरह
- पदों की संख्या- 34
- विज्ञापन नंबर 118/ Pers/1/2026
- सैलरी- Rs.17,500 - 2,20,000/- हर महीने
- क्वालिफिकेशन- B.E./B.Tech / MBA / CA/ ICWA / ग्रेजुएट / 10th
- एज लिमिट- पदानुसार
- आवेदन की अंतिम तिथि- 3 फरवरी 2026
- वेबसाइट- https://www.celindia.co.in




# बोर्ड परीक्षा से पहले सफलता का स्मार्ट स्टडी प्लान

बीते दिनों परीक्षा पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कुशल मनोवैज्ञानिक की भांति विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा की, उन्होंने सीधे परीक्षा तनाव पर चर्चा करने के बजाय छात्रों के जीवन व उनके क्षेत्र से संबंधित विभिन्न आयामों पर चर्चा की, जिससे छात्र उनसे सीधे जुड़ सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर छात्र अद्वितीय हैं, उनकी अपनी क्षमता, विशेषता, जीवनशैली, सोचने-समझने का ढंग अलग-अलग होता है, इसलिए विद्यार्थियों का परीक्षा की तैयारी का तरीका अलग-अलग हो सकता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपनी परीक्षा की तैयारी अपने ढंग से करनी चाहिए, सभी के सुझाव को सुनना चाहिए, किंतु अपनी तैयारी का पैटर्न अपने अनुभव के अनुसार तय करना चाहिए। यूपी बोर्ड एग्जाम के कुछ दिन ही शेष रह गए हैं।



डॉ. मनोज कुमार तिवारी
बीएचयू

इन दिनों में परीक्षार्थियों को विशेष ध्यान रखते हुए परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। आइए आज आपको बताते हैं, कुछ महत्वपूर्ण परीक्षा उपयोगी सुझाव, जिन्हें अपनाकर आप परीक्षा में अच्छे नंबर ला सकते हैं।



## सिलेबस के अनुसार बनाएं स्टडी प्लान

सबसे पहले एक सरल और व्यावहारिक टाइम टेबल तैयार करें। यह बहुत जटिल नहीं होना चाहिए। दिन के अलग-अलग समय के अनुसार विषय तय करें। सुबह का समय पढ़ाई के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है, इसलिए इस समय कठिन विषयों का अध्ययन करें। दोपहर में हल्के टॉपिक और शाम के समय रिवीजन पर ध्यान दें।

## जरूरी टॉपिक पर करें फोकस

जब बोर्ड परीक्षा में कुछ ही दिन शेष हों, तब नया पाठ्यक्रम शुरू करने के बजाय महत्वपूर्ण अध्यायों पर ध्यान देना समझदारी है। सिलेबस में शामिल मुख्य चैप्टर और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का विश्लेषण करें। जिन टॉपिक से बार-बार प्रश्न पूछे जाते हैं, उन्हें अच्छी तरह तैयार करें। अगर कोई अध्याय पूरा नहीं आता है, तो उसे छोड़ने के बजाय उसके आसान हिस्सों को जरूर पढ़ लें।

## प्रश्नों की लिखकर करें प्रैक्टिस

पढ़ी हुई सामग्री को बार-बार दोहराना बहुत जरूरी है। रोजाना कम से कम एक बार रिवीजन करें। साथ ही लिखकर अभ्यास करने से उत्तर लेखन की गति बढ़ती है और परीक्षा के समय समय-प्रबंधन में मदद मिलती है। गणित, विज्ञान और अकाउंट्स जैसे विषयों में यह तरीका विशेष रूप से लाभकारी होता है।

## मॉक टेस्ट देना न भूलें

पुराने प्रश्नपत्र और फुल मॉक टेस्ट बोर्ड परीक्षा की तैयारी का सबसे बेहतर साधन हैं। छात्रों को सप्ताह में कम से कम दो से तीन फुल-लेंथ मॉक टेस्ट देने चाहिए। इससे परीक्षा के माहौल की आदत बनती है। टेस्ट के बाद अपनी गलतियों को समझें और उन्हें सुधारने पर काम करें।

## तनाव से दूर रहें, बनाए रखें आत्मविश्वास

परीक्षा से पहले घबराहट होना स्वाभाविक है, लेकिन अत्यधिक तनाव पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। छात्रों को खुद पर भरोसा रखना चाहिए। पूरे साल की गई मेहनत अंतिम समय में जरूर रंग लाएगी।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,233.64 | 25,953.85 |
| गिरावट/बढ़त | 40.28 | 18.70 |
| प्रतिशत में | 0.05 | 0.07 |

सोना 1,61,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,68,500 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, गुरुवार, 12 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2125, सचिन 2120, सूरज 2125, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1975, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2320, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2565

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000–23000, धनिया 9400–12000, अजवायान 13500–20000, मेथी 6000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800–1000, बादाम 780–1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300–400, मखाना 800–1100

**चावल (प्रति कु) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4460, बहेड़ी 4300

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4000, मसूरी- 1600, बासमती- 8200-9000, परमल- 2200-3900

**दाल दलहन :** काला चना- 2600-4000, साबुत चना दाल- 1400, मूंग साबुत- 5000, राजमा- 9000-12200, दाल उड़द- 7500, साबुत मसूर दाल- 4000, मसूर दाल- 1500

उड़द साबुत- 10400, काबुली चना- 7500-10000, अरहर दाल- 10000 -12200, लोबिया/करमानी- 2400-4400

# भारत-अमेरिका समझौते में संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह संरक्षित : वाणिज्य सचिव

## दोनों पक्ष संयुक्त बयान को कानूनी समझौते में बदलने पर कर रहे काम



- दोनों देश मार्च के अंत तक समझौते के प्रारूप के अंतिम रूप दिए जाने के बाद हस्ताक्षर की उम्मीद

न्यूर्नबर्ग (जर्मनी), एजेंसी

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत ने व्यापार समझौतों में हमेशा उन क्षेत्रों को लेकर स्पष्ट सोच रखी है जो देश के लिए बेहद संवेदनशील हैं और अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते में ऐसे सभी प्रमुख क्षेत्रों की पूरी तरह रक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष संयुक्त बयान को कानूनी समझौते में बदलने पर काम कर रहे हैं जिसे मार्च के अंत तक अंतिम रूप देकर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।

अग्रवाल ने कहा कि भारत ने हमेशा सभी समझौतों पर स्पष्ट सोच के साथ बातचीत की है। जो भी क्षेत्र भारत के लिए बेहद संवेदनशील हैं, जहां हमें लगता है कि हमारे किसान, मछुआरे, दुग्ध क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं, वहां हमने अपने साझेदार देशों को साफ बता दिया है कि भारत ऐसे मामलों में बाजार नहीं खोल सकता या पहुंच नहीं दे सकता।

उन्होंने कहा कि अगर आप पिछले एक साल में किए गए सभी समझौतों को देखें। हमने पांच व्यापार समझौते किए हैं। सभी में संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा की गई है। अमेरिका के साथ भी सभी प्रमुख संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखा गया है। जहां थोड़ी संवेदनशीलता थी, वहां हमने शुल्क दर कोटा व्यवस्था का इस्तेमाल किया ताकि बाजार तक पहुंच सीमित रहे और हमारे किसानों पर असर न पड़े।

इस महीने की शुरुआत में घोषित अंतरिम व्यापार समझौते के तहत भारत ने मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं दुग्ध उत्पादों को पूरी तरह संरक्षित रखा है। इन वस्तुओं पर अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी गई है। ये उत्पाद संवेदनशील हैं क्योंकि इनका संबंध देश के छोटे एवं सीमांत किसानों की आजीविका से है। अन्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भी भारत ने संवेदनशील कृषि और दुग्ध उत्पादों पर आयात शुल्क में कोई रियायत नहीं दी है।

### देश का निर्यात सकारात्मक रहने की उम्मीद



वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष में अब तक भारत के वस्तु एवं सेवा निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है और जनवरी में भी इसके सकारात्मक रहने का अनुमान है। जनवरी के आंकड़े इस महीने आधिकारिक रूप से जारी किए जाएंगे। अग्रवाल ने कहा, कुल मिलाकर निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वस्तु निर्यात में हम मजबूती से टिके हुए हैं। सेवाएं हमेशा की तरह बहुत अच्छा कर रही हैं। आप (जनवरी के आंकड़ों) के सकारात्मक रहने की उम्मीद कर सकते हैं। जनवरी के निर्यात आंकड़ों को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने यह बात कही। अग्रवाल यहां बायोफैच 2026 प्रदर्शनी में हिस्सा लेने पहुंचे हैं जहां 100 से अधिक भारतीय प्रदर्शक और करीब 20 राज्य अपने जैविक उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

भारत ने हाल ही में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए को अंतिम रूप दिया है। कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियां जैसे पशुपालन भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इनसे 50 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिलता है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में जहां कृषि अत्यधिक मशीनीकृत और कॉरपोरेट आधारित है, वहीं भारत में यह आजीविका का सवाल है। भारतीय कृषि क्षेत्र को वर्तमान में घरेलू किसानों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए मध्यम से उच्च शुल्क एवं नियामकीय उपायों के जरिये संरक्षण दिया गया है। भारत को 2024 में अमेरिका का कृषि निर्यात 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

### समझौते पर संशोधित दस्तावेज से व्हाइट हाउस ने कुछ दालों का जिक्र हटाया



**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने अंतरिम व्यापार समझौते पर जारी संशोधित दस्तावेज में उन अमेरिकी उत्पादों की सूची से दालों का जिक्र हटा दिया है जिन पर भारत के शुल्क समाप्त करने या कम किए जाने की बात कही गई थी। व्हाइट हाउस ने अमेरिका और भारत ने की ऐतिहासिक व्यापार समझौते (अंतरिम समझौता) की घोषणा शीर्षक से एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) सोमवार को जारी किया था। भारत और अमेरिका के पारस्परिक एवं लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे की संयुक्त घोषणा के कुछ दिन बाद व्हाइट हाउस ने इसे जारी किया। इसमें समझौते की प्रमुख शर्तों को उल्लेख किया गया है जैसे कि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं अमेरिकी खाद्य व कृषि उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या घटाएगा। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। साथ ही यह कहा गया था कि भारत ने अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने तथा ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य क्षेत्रों में 500 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। व्हाइट हाउस ने हालांकि मंगलवार को जारी संशोधित दस्तावेज (फैक्ट शीट) में दालों का जिक्र हटा दिया और भारत के लिए प्रयुक्त शब्द प्रतिबद्ध को बदलकर इरादा रखता है (इंटेंड्स) कर दिया गया है। संशोधित दस्तावेज में कहा गया है, भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं व अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त या कम करेगा जिनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी), रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे व प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, वाइन तथा स्पिरिट और अन्य उत्पाद शामिल हैं। भारत अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने और 500 अरब डॉलर से अधिक की अमेरिकी ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कोयला और अन्य उत्पादों की खरीद का इरादा रखता है।

# एसएमई की पूंजी बाजार में पहुंच सीमित

- सेबी प्रमुख पांडये ने कहा- सूचीबद्धता से कंपनियों का संचालन हो सकता बेहतर

मुंबई, एजेंसी

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि पिछले कुछ समय में हुए विकास के बावजूद, पूंजी बाजार के नजरिये से लघु एवं मझोले उद्यम (एसएमई) क्षेत्र की पहुंच अभी भी सीमित बनी हुई है। पांडेय ने इंडिया एसएमई वित्तपोषण और निवेश शिखर सम्मेलन में कहा कि सूचीबद्धता से ऐसी छोटी कंपनियों में संचालन व्यवस्था बेहतर हो सकती है।

उन्होंने कहा कि नियामक संस्था को अतीत में इस मोर्चे पर कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। भारत की क्षमता के मुकाबले एसएमई पूंजी बाजार अभी भी सीमित बना हुआ है। कंपनियां पूंजी बाजारों से अपरिचित होने और मर्चेंट बैंकरों तक सीमित पहुंच के कारण बाजार में आने से हिचकिचाती हैं। कुछ वर्षों में सूचीबद्धता में हुई प्रगति का जिक्र करते हुए पांडेय ने कहा कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से पूंजी जुटाने की लागत भी एक बाधा हो सकती है। ऐसी कंपनियां खुलासा और अनुपालन को बोझिल मानती हैं और दस्तावेज दाखिल करने संबंधी व्यावहारिक मार्गदर्शन अक्सर अस्पष्ट होता है।

सेबी प्रमुख ने बाजार से पूंजी जुटाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसा कदम संचालन व्यवस्था को बेहतर बनाता है, जिससे पूंजी की लागत कम हो सकती है क्योंकि बाजार विश्वसनीयता को पुरस्कृत करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले, बाजार से पूंजी प्राप्त करने में एक और बाधा तब उत्पन्न हुई जब कुछ एसएमई ने एसएमई ढांचे के तहत उपलब्ध रियायतों का दुरुपयोग किया। ऐसे मामलों ने एसएमई आईपीओ में निवेशकों के भरोसे को बुरी तरह प्रभावित किया।

### 1,400 कंपनियां अलग एसएमई एक्सचेंज पर सूचीबद्ध



पांडेय ने कहा कि ऐसे भी मामले सामने आए जहां कुछ एसएमई ने सकारात्मक माहौल बनाने और निवेशकों को अपने शेयर खरीदने के लिए प्रेरित करने को अनुचित व्यापार गतिविधियों का सहारा लिया। सेबी और शेयर बाजार दोनों ने इस पर सुधार किया है। 1,400 कंपनियां अलग से बनाये गये एसएमई स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हैं और उनका कुल बाजार पूंजीकरण 4.1 लाख करोड़ रुपये है। इनमें से 350 से अधिक कंपनियां मुख्य शेयर बाजार में स्थानांतरित हो चुकी हैं। पिछले वित्त वर्ष में कंपनियों ने 98 आईपीओ के माध्यम से 9,800 करोड़ रुपये जुटाए। 2025-26 में जनवरी तक 232 सूचीबद्धता के साथ बढ़कर 10,500 करोड़ रुपये हो गया है।

## ईसी बिना खदान संचालन पर एनएलसी को कैग ने फटकारा

**नई दिल्ली।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने वैध पर्यावरणीय मंजूरी के बिना अपनी एक खदान का संचालन करने के लिए एनएलसी इंडिया को फटकार लगाई है। कैग ने कहा कि पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) के पुनः सत्यापन को कंपनी के समय पर आवेदन नहीं करने से एनएलसी इंडिया ने माइन-II का संचालन वैध ईसी के बिना किया।

ऑडिट में सामने आया कि अगस्त, 2017 में उच्चतम न्यायालय के आदेश और अप्रैल, 2018 में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना के बाद ईसी पुनः सत्यापन के लिए आवेदन में देरी से खदान में अनधिकृत संचालन हुआ। एनएलसी इंडिया के परिचालन प्रदर्शन पर 2017-18 से 2022-23 की अवधि को शामिल करने वाली ऑडिट रिपोर्ट राज्यसभा और लोकसभा में रखी गई।

# देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.4% बढ़कर 19.44 लाख करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी



- आयकर विभाग के मुताबिक, शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 14.51% बढ़कर 8.90 लाख करोड़ पहुंचा

चालू वित्त वर्ष में 10 फरवरी तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.4% बढ़कर 19.44 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह बढ़ोतरी कॉरपोरेट कर की बेहतर वसूली और कर रिफंड की धीमी गति का परिणाम है।

आयकर विभाग से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 14.51% बढ़कर 8.90 लाख करोड़ पहुंच गया। वहीं गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें व्यक्तिगत आयकर और हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) से मिले कर शामिल हैं, 5.91% बढ़कर 10.03 लाख करोड़ रुपये रहा। शेयरों एवं अन्य प्रतिभूतियों के लेनदेन पर लगाया जाने वाला प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) का संग्रह 1 अप्रैल, 2025 से 10 फरवरी, 2026 के दौरान 50,279 करोड़ रहा। कर रिफंड जारी करने में 18.82% की गिरावट आई और यह घटकर 3.34 लाख करोड़ रहा। रिफंड में कमी से कर संग्रह वृद्धि दर को सहारा मिला।

देश का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.09% बढ़कर 22.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें 10.88 लाख करोड़ का सकल कॉरपोरेट कर और 11.39 लाख करोड़ रुपये का सकल गैर-कॉरपोरेट कर शामिल हैं। सरकार ने संशोधित अनुमान (आरई) में कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 24.84 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया है।



# बजट पर चर्चा : लोस में भाजपा-कांग्रेस में ठनी

## जिन्हें असत्य बोलने की आदत होती है वे कभी भी टिक नहीं पाते : अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेने के तुरंत बाद राहुल गांधी के सदन से चले जाने को लेकर उनपर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्हें असत्य बोलने की आदत होती है वे ज्यादा समय तक टिक नहीं पाते हैं।

ठाकुर ने 2026-27 के बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, पहले यह होता था कि हमारे भाषण के बीच में राहुल सदन से चले जाते थे, लेकिन अब तो यह स्थिति है कि वह पहले ही भाग जाते हैं।' क्योंकि जिन्हें असत्य बोलने की आदत होती है वे ज्यादा देर टिक नहीं पाते हैं। ना उनके आरोप कभी टिक पाए, न ये नेता कभी टिक पाए हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जो भारत के लिए गर्व की और मुस्कुराने की बात है।

उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, मुझे याद नहीं कि राहुल गांधी पिछली बार कब मुस्कुराये थे। वह 31 जुलाई 2025 को चार बजकर 20 मिनट पर मुस्कुराये थे। जब भारत ने किसी देश के आगे झुकने से मना कर दिया था। किसी ने भारत को तल्खी में डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यव्यवस्था) कहा था। उन्होंने कहा कि भारत डेड इकोनॉमी नहीं, बल्कि डोमिनेटिंग (दबदबा रखने वाली) इकोनॉमी है।

उन्होंने वोट चोरी के आरोपों पर राहुल पर पलटवार करते हुए कहा, मुझे तो लगता है कि इनकी प्रोग्रामिंग अंकल सैम (अमेरिका सरकार) और अंकल सोरोस (जॉर्ज सोरोस) ने की है। इनमें अंकल सैम का सिम कार्ड और अंकल सोरोस का सिम कार्ड है। उधर से टाइप होता है और इधर से टेलीकास्ट होता है। ठाकुर ने भारत में डेटा सेंटर के लिए बजट प्रस्ताव में 20 साल के लिए कर अवकाश का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे भारत में निवेश आएगा, लेकिन राहुल गांधी इसका विरोध कर रहे हैं।

## सरकार ने अमेरिका के सामने समर्पण किया, भारत माता को बेच दिया : राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पूरी तरह समर्पण कर दिया है और उसे शर्म आनी चाहिए कि उसने भारत माता को बेच दिया है।

उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस तरह का समझौता करने को विवश हुए क्योंकि अमेरिका ने उनकी गर्दन पकड़ रखी है। कांग्रेस नेता ने टोका-टाकी के बीच यह भी कहा कि भारत-अमेरिका समझौते में देश के किसानों के हितों को कुचला गया, जैसा आज से पहले किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया और आगे भी कोई नहीं करेगा। कांग्रेस नेता ने मोदी और सरकार पर निशाना साधते हुए अमेरिका में एक भारतीय उद्योगपति के खिलाफ दर्ज मामले और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित प्रकरण का उल्लेख किया, जिस पर पीठासीन सभापति ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि यह रिकॉर्ड में शामिल नहीं होगा।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जो आरोप लगाए हैं उन्हें उन आरोपों को सत्यापित करना चाहिए, जिस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि वह इसके लिए तैयार हैं। राहुल गांधी ने कहा, मुझे सबसे ज़्यादा हैरानी इस बात पर हुई कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में क्या हुआ। अगर हम इंडिया गठबंधन (की सरकार में) अमेरिकी राष्ट्रपति से बातचीत कर रहे होते, तो हम साफ़ करते कि इस पूरे समीकरण में सबसे महत्वपूर्ण पूंजी भारतीय डेटा है। अगर डॉलर को सुरक्षित रखना है, तो उसे यह मानना होगा कि भारतीय डेटा रणनीतिक पूंजी है और किसी भी चर्चा को बराबरी पर होना चाहिए, मालिक और नौकर की तरह नहीं। भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं हो सकता और अमेरिका अपने किसानों की रक्षा करेगा, वहीं हम अपने किसानों की रक्षा करेंगे।

# केंद्रीय करों के हिस्सेदारी में से किसी राज्य का हिस्सा नहीं घटाया : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यों को केंद्र से उनकी कर हिस्सेदारी का हस्तांतरण नहीं होने संबंधी कुछ विपक्षी सांसदों के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार ने केंद्रीय करों के विभाज्य पूल में से किसी राज्य का हिस्सा नहीं घटाया है।

सीतारमण ने लोकसभा में बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने बजट में पांच मेडिकल क्लस्टर, पांच मेगा औद्योगिक पार्क, बुजुर्गों के देखभाल के लिए पेशेवरों को तैयार करने जैसी कई घोषणाएं की हैं जिनसे लाखों रोजगारों का सृजन होगा। हम पर आरोप है कि हम राज्यों की 41% कर हिस्सेदारी का हस्तांतरण नहीं करते। मैं आश्वासन देती हूं कि हमने केंद्रीय करों में राज्यों को मिलने वाली हिस्सेदारी में से किसी राज्य का हिस्सा नहीं घटाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि 16वें वित्त आयोग ने 2018-19 से 2022-23 तक राज्यों की कर हिस्सेदारी का विश्लेषण किया और निष्कर्ष निकाला कि केंद्र से राज्यों को मिलने वाला यह धन आयोग की सिफारिश से मेल खाता है और इसमें कोई कमी नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष में राज्यों को कुल कर हस्तांतरण 25.44 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में 2.07 लाख करोड़ अधिक होगा। संविधान ने केंद्र को उपकर और अधिशेष लगाने का अधिकार दिया है और विभाज्य पूल में वह शामिल नहीं होता है, इसलिए राज्यों की कुल कर हिस्सेदारी की बात करते समय उपकर और अधिशेष संबंधी आरोप अनुचित हैं।

### बंगाल में बम चलता है कानून नहीं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि बंगाल में बम चलता है, कानून नहीं। सदन में विपक्षी सदस्यों के शोर-गुल के बीच, उन्होंने राज्य में महिलाओं के साथ हुई हालिया घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि तृणमूल सरकार कानून-व्यवस्था को बेहतर करने के बजाय दोष महिलाओं पर मढ़ रही है। वित्त मंत्री ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा, मुख्यमंत्री एक महिला होते हुए भी बोल रही हैं कि अगर महिला, विशेष रूप से लड़की हो तो रात्रि के समय बाहर नहीं जाओ। आप कानून-व्यवस्था को बेहतर नहीं कर रहे हैं, मगर महिला के उपर दोष डालते जा रहे हैं। उन्होंने दुर्गापुर में एमबीबीएस छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना का भी जिक्र किया।

### विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक

# विचार को 31 सदस्यीय संयुक्त समिति का किया गया गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

- समिति में दोनों सदनों के सदस्य, प्रावधानों की समीक्षा के बाद रिपोर्ट करेगी प्रस्तुत

उच्च शिक्षा के लिए एकल नियामक बनाने का प्रस्ताव करने वाले विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक (वीबीएसए) पर गौर करने के लिए संसद में 31 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व बीजेपी सांसद डी. पुरंदेश्वरी करेंगी।

लोकसभा सचिवालय द्वारा मंगलवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, इस समिति में दोनों सदनों के सदस्य शामिल हैं और यह प्रस्तावित कानून के प्रावधानों की समीक्षा करने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। संसद में वीबीएसए विधेयक को शीतकालीन सत्र के दौरान पेश किया गया था।

यह विधेयक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा नियामक ढांचे में व्यापक बदलाव करने का उद्देश्य रखता है। प्रस्तावित कानून का लक्ष्य विभिन्न मौजूदा नियामकों को एक ही व्यापक संस्था से बदलना और मान्यता, वित्त पोषण और मानक निर्धारण की जिम्मेदारियों को अलग करना है। सरकार ने कहा था कि विपक्षी दलों द्वारा संघवाद, संस्थागत स्वायत्तता और शक्तियों के केंद्रीकरण से जुड़ी चिंता जताने के मद्देनजर परामर्श के लिए वह संयुक्त समिति को भेजना चाहती है।

# एअर इंडिया विमान दुर्घटना जांच रिपोर्ट दाखिल करे केंद्र



- केंद्र ने कहा- एएआईबी जांच अंतिम चरण में, कुछ जांच विदेश में किए जाने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 12 जून, 2025 को एअर इंडिया विमान दुर्घटना के मामले में बुधवार को केंद्र से अब तक अपनाए गए प्रक्रियात्मक प्रोटोकॉल पर संक्षिप्त रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। अदालत ने यह निर्देश तब दिया जब उसे सूचित किया गया कि हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच बोर्ड (एएआईबी) द्वारा अंतिम चरण में है।

लंदन जा रही एअर इंडिया की बोइंग 787-8 उड़ान एआई171 गुजरात के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसमें 241 यात्री और चालक दल समेत 260 लोग मारे गए। दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मौत हो गई थी। बुधवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि एएआईबी जांच अंतिम चरण में है और कुछ जांच विदेश में किए जाने की जरूरत है। मेहता केंद्र और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की तरफ से अदालत में पेश हुए। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि मामले पर तीन संबंधित याचिकाओं को व्यापक सुनवाई के लिए तीन सप्ताह के बाद सूचीबद्ध किया जा सकता है। पीठ का शुरू में विचार था कि एएआईबी जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में उसके समक्ष प्रस्तुत की जाए।

### एसआईटी के समक्ष पेश हों पूर्व टीडीबी सचिव

**शबरिमला सोना चोरी का मामला**

उच्चतम न्यायालय ने त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) की पूर्व सचिव को शबरिमला सोना चोरी मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया और उनकी अग्रिम जमानत अवधि भी बढ़ा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और एससी शर्मा की पीठ ने पूर्व टीडीबी सचिव एस जयश्री को गिरफ्तारी से दी गई राहत को बढ़ाते हुए उनसे मामले के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए कहा। न्यायालय ने कहा, प्रतिवादी केरल राज्य के जवाबी हलफनामे के अनुच्छेद 16 में उल्लिखित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, हम याचिकाकर्ता को निर्देश देते हैं कि वह आगे की पूछताछ के लिए 18 फरवरी, 2026 को दोपहर 12 बजे एक बार फिर जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो। पूर्व में दी गई अंतरिम सुरक्षा अगली सुनवाई की तारीख तक जारी रहेगी। इसने मामले को 20 फरवरी के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने 18 दिसंबर, 2025 को जयश्री की स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान करते हुए, उन्हें 8-9 जनवरी को जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्ति की परतों से सोने की चोरी से संबंधित मामले में चौथी आरोपी जयश्री, 2019 में टीडीबी की सचिव थीं।

### यूएपीए पर रिपोर्ट दाखिल करे एनआईए

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को निर्देश दिया है कि वह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा और अशांति से संबंधित मामले में आतंकवाद से जुड़े कठोर प्रावधानों वाले गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के इस्तेमाल का औचित्य स्पष्ट करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट दाखिल करे। पश्चिम बंगाल सरकार की अपील का निस्तारण करते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार को मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में एनआईए की जांच के खिलाफ अपनी शिकायतों के साथ उच्च न्यायालय में जाने के लिए भी कहा।

### हिमंत से जुड़ी याचिका होगी सूचीबद्ध

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को चार लोगों द्वारा दायर एक और याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ राज्य में मुसलमानों को निशाना बनाने वाले कथित नफरती भाषणों के मामले में निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और सीपीआई नेता एनी राजा की एक अलग याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दे दी। इसमें एक वायरल वीडियो को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। वीडियो में हिमंत को मुस्लिमों पर राइफल से गोली चलाते हुए दिखाया गया था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### फिलीपींस में जहाज डूबने से मरने वालों की संख्या 52 हुई

**फिलीपींस।** फिलीपींस के बेसिलन प्रांत के पास यात्री-मालवाहक जहाज 'त्रिशा कर्स्टिन 3' के डूबने से 52 लोगों की मौत हो गई है। फिलीपीन कोस्ट गार्ड (पीसीजी) ने तकनीकी गोताखोर टीमों के चल रहे प्रयासों का हवाला देते हुए बताया कि गोताखोरों ने मंगलवार तड़के बालुक-बालुक द्वीप के पास खोज और बचाव अभियान के दौरान एक और शव बरामद किया। कुल मिलाकर 316 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बचाव दल अभी भी शेष पीड़ितों की तलाश में जुटे हैं। यह जहाज 26 जनवरी की रात बेसिलन से लगभग एक समुद्री मील की दूरी पर डूब गया था, जिसमें 332 यात्री और चालक दल के 27 सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने कहा कि डूबने का संभावित कारण तकनीकी खामी थी।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने में सिंगापुर में भारतीय को सजा

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने बुधवार को भारतीय मूल के एक व्यक्ति को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और एक सार्वजनिक अधिकारी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने के आरोप में 14 सप्ताह की जेल की सजा सुनाई। चैनल न्यूज एशिया (सीएनए) की रिपोर्ट के अनुसार 36 वर्षीय विकनेस्वरन वी मोगनावल ने धार्मिक सद्भाव बनाए रखने के अधिनियम के तहत एक आरोप और एक लोक सेवक के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने के दूसरे आरोप में दोषी होने की बात स्वीकार कर ली है। वह इसलिए नाराज था क्योंकि उसके पड़ोसी के बच्चे अक्सर उसके अपार्टमेंट के पास वाले साझा गलियारे में खेलते थे। उसकी पड़ोसी अपने पति, तीन बच्चों, सास, बहन और एक नौकरानी के साथ वहीं रहती थी।

### तनाव कम करने के लिए यूनान और तुर्किए के नेता करेंगे वार्ता

**अंकारा।** यूनान के प्रधानमंत्री क्यारियाकोस मित्सोताकिस बुधवार को तुर्किए की यात्रा के लिए रवाना हुए, जहां दोनों देशों के बीच वार्ता होने की उम्मीद है। यह यात्रा ऐसे समय में संवाद बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है जब दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। वरिष्ठ मंत्रियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आने वाले मित्सोताकिस तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन से मुलाकात करेंगे। यह वार्ता उच्च स्तरीय सहयोग परिषद के तहत एक पहल है जिसे नाटो के दोनों सहयोगियों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिए शुरू किया गया था। यूनान और तुर्किये के बीच समुद्री सीमाओं, साइप्रस और पूर्वी भूमध्य सागर में 'ड्रिलिंग' अधिकारों सहित कई मुद्दों पर मतभेद बना हुआ है।

# श्रीलंकाई सांसद की हत्या के मामले में 12 को मौत की सजा



- बेगमपुर इलाके में हुआ हादसा पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका की गम्पाहा हाईकोर्ट ने बुधवार को वर्ष 2022 में तत्कालीन सांसद अमरकीर्ति अथुकोराला और उनके सुरक्षा अधिकारी की हत्या के मामले में 12 व्यक्तियों को दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई। यह फैसला एक लंबी सुनवाई के बाद आया है, जिसमें इन हत्याओं के संबंध में कुल 42 लोगों को आरोपित किया गया था।

मौत की सजा के अलावा, अदालत ने चार अन्य व्यक्तियों को छह महीने की जेल की सजा सुनाई है। अन्य 23 आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया। रिपोर्टों के अनुसार, मई 2022 में देशव्यापी अशांति के दौरान सांसद और उनके सुरक्षा अधिकारी ने प्रदर्शनकारियों की एक आक्रोशित भीड़ पर उस समय गोलियां चला दी थीं, जब वे उनके वाहन को रोक रहे थे। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उसी दिन बाद में सांसद और उनके सुरक्षाकर्मी पास की एक इमारत के अंदर मृत पाए गए थे।

## साइबर ठगों को सिस्टम का साथ

डिजिटल अरेस्ट के जरिए 54,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की ठगी को हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने डकैती करार दिया है। यह निराशाजनक ही है कि साइबर ठगी यह तरीका कई वर्षों से इस्तेमाल किया जा रहा है लेकिन देश का गृह विभाग इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। रिकॉर्ड के अनुसार देश में डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं का इतिहास करीब पांच साल पुराना हो चुका है। साल दर साल इन घटनाओं में बेहद तेज वृद्धि हुई है। इस बीच सबसे ज्यादा चिंताजनक यह है कि ठगी के कुछ मामलों में बैंक और टेलीकॉम अफसरों की साठगांठ भी सामने आई है। डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं में अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस की कामयाबी की दर भी बेहद मामूली है। इसके साथ यह भी सवाल उठने लगे हैं कि देश में डिजिटल क्रांति पर जोर देने के साथ लोगों को ठगी से बचाने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं।

# डिजिटल 'डकैती'



### डिजिटल अरेस्ट की शुरुआत

- लोगों को वीडियो कॉल कर डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठगी के मामले 2021 में आने शुरू हुए और बाद में तेजी से इनकी संख्या बढ़ी।
- डिजिटल अरेस्ट में मनोवैज्ञानिक दबाव और वीडियो विजुअल्स की मदद ली गई जो जामतारा जैसे ठगी के केंद्रों से विकसित हुआ।
- भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार 2022 में 40,000 केस दर्ज किए गए थे जो 2024 तक बढ़कर 1.23 लाख से अधिक हो गए।
- नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के अनुसार 2024 में तीन गुना वृद्धि हुई, शुरू के 4 महीनों में ही 120.30 करोड़ की ठगी हुई।

### अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क और तकनीक

- जांच में पाया गया कि ठग गिरोहों के तार दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों जैसे कंबोडिया, म्यांमार, लाओस और थाईलैंड से जुड़े हैं।
- हाल के वर्षों में अपराधियों ने एआई का उपयोग करके पुलिस अधिकारियों की आवाज और चेहरे की नकल करनी शुरू की है।

### बैंक अधिकारियों की साठगांठ

- दिल्ली में येस बैंक के दो अफसर गिरफ्तार किए गए, जिन्होंने फर्जी खाते खोले ताकि पैसे को लाउंडर किया जा सके।
- कमीशन लेकर फर्जी खाते खोलने पर हैदराबाद और बेंगलुरु में एयू स्मॉल फाइनेंस, बंधन बैंक शाखा प्रबंधक पकड़े गए।
- तेलंगाना में ऑपरेशन इनसाइडर के तहत कई बैंक अफसर पकड़े गए जो खाते खोलकर अपराधियों की मदद कर रहे थे।
- वोडाफोन के एरिया सेल्स मैनेजर ने साइबर ठगों को 21,000 सिम मुहैया कराए, जिसे दिल्ली में सीबीआई ने गिरफ्तार किया।

### हैरतअंगेज मामले

- चेन्नई में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के पूर्व केंद्रीय सचिव पद्म भूषण सम्मानित टी. रामासामी को डिजिटल अरेस्ट कर ठगों ने 57 लाख की ठगी की।
- अगस्त 2024 में ठगों ने पद्म भूषण से सम्मानित वर्धमान ग्रुप के एसपी ओसवाल को सीबीआई अफसर बनकर डिजिटल अरेस्ट किया और 7 करोड़ ठग लिए।
- चंडीगढ़ में रिटायर्ड कर्नल और उनकी पत्नी से 3.4 करोड़ रुपये की ठगी हुई।

### डिजिटल क्रांति में सुरक्षा की कमी

- भारत का पहला व्यापक डिजिटल कानून डिजिटल क्रांति के कई वर्षों बाद आया। इसके नियम अभी भी पूरी तरह लागू होने की प्रक्रिया में हैं। इस देरी ने ठगों को बड़ा अवसर मुहैया कराया।
- टेलीकॉम और बैंकिंग कर्मचारी ही सुरक्षा प्रोटोकॉल को दरकिनार कर रहे हैं, जो सिस्टम की बड़ी कमजोरी है। रिजर्व बैंक ने भी स्वीकार किया है कि म्यूल खाते खोलने के पीछे साठगांठ है।
- ठग अत्याधुनिक एआई और डीपफेक उपयोग कर रहे हैं जबकि देश के कई राज्यों में साइबर पुलिस के पास पुराना बुनियादी ढांचा है और वह विशेषज्ञों की भारी कमी से जूझ रही है।

# आपसी मतभेदों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखे भारत

## दोनों देशों के बीच विदेश सचिव स्तर की वार्ता के बाद चीन ने दिया जोर

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन के विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में भारत के साथ मंगलवार को हुई रणनीतिक वार्ता पर मंगलवार को कहा कि दोनों देशों को अपने संबंधों को रणनीतिक एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए, साथ ही मतभेदों को उचित तरीके से सुलझाना चाहिए और सहयोग बढ़ाना चाहिए। विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनके चीनी समकक्ष मा झाओक्सू ने भारत-चीन रणनीतिक वार्ता की, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा हुई। मा झाओक्सू भारत में 'ब्रिक्स' शेरपा बैठक में भाग लेने आए हैं।

चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से मिसरी और झाओक्सू के बीच बातचीत पर कहा गया कि दोनों पक्षों ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्थिति, दोनों देशों की आंतरिक एवं बाहरी नीतियों, साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों तथा चीन-भारत संबंधों पर मित्रतापूर्ण, स्पष्ट और गहन संवाद किया। दोनों पक्षों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्थिति में जटिल और गहरे बदलावों को देखते हुए भारत और चीन को मिलकर काम करना चाहिए तथा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बनी महत्वपूर्ण समझ को गंभीरता से लागू करना चाहिए। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं के बीच बनी समझ के अनुसार, दोनों देशों को यह रणनीतिक धारणा बनाए रखनी चाहिए कि भारत और चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी साझेदार हैं और दोनों एक-दूसरे के लिए विकास का अवसर हैं, खतरा नहीं।

चीन ने कहा कि दोनों देशों को आपसी विश्वास को मजबूत करना चाहिए, सहयोग बढ़ाना चाहिए, मतभेदों को सही तरीके से सुलझाना चाहिए और संबंधों को स्थिर एवं सही दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए। दोनों पक्षों ने 2026 और 2027 में ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान एक-दूसरे के कार्यों का समर्थन करने पर सहमति जताई। इसके अलावा दोनों पक्षों ने बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका, 'ग्लोबल साउथ' में एकता एवं सहयोग को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय न्याय एवं निष्पक्षता की रक्षा करने, बहुध्रुवीय विश्व के लिए मिलकर काम करने तथा एशिया और विश्व में शांति एवं विकास में योगदान देने पर सहमति जताई।



### भारत ने संवेदनशील मुद्दों पर चिंता जताई

इस वार्ता पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति की समीक्षा की और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ाकर तथा संवेदनशील मुद्दों पर चिंताओं को दूर करके संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। जायसवाल ने संवेदनशील मुद्दों के बारे में विस्तार से नहीं बताया, लेकिन समझा जाता है कि भारतीय पक्ष दुर्लभ पृथ्वी खनिजों से संबंधित चीन के निर्यात नियंत्रण उपायों को लेकर चिंतित है। मिसरी और झाओक्सू की वार्ता पर भारतीय पक्ष की ओर से जारी बयान में कहा गया कि चर्चा मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने और पुनर्निर्माण में हालिया प्रगति तथा आगे संपर्क बढ़ाने के उपायों पर केंद्रित रही। दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों की समग्र प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### बीजिंग में भारत और अमेरिका के राजदूतों की मुलाकात



**बीजिंग।** चीन में भारत के राजदूत प्रदीप रावत और उनके अमेरिकी समकक्ष डेविड पर्ड्यू ने बीजिंग में मुलाकात की और अमेरिका-भारत संबंधों एवं साझा हितों पर चर्चा की। पर्ड्यू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, रक्षा, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों पर घनिष्ठ सहयोग और क्वाड की भागीदारी के माध्यम से अमेरिका-भारत संबंध वास्तविक परिणाम देते हैं। उन्होंने कहा, अपने मित्र राजदूत रावत से मिलकर हमारी साझा रुचियों पर चर्चा करना हमेशा ही बहुत अच्छा अनुभव रहता है। दिसंबर के बाद से यह उनकी दूसरी बैठक है। रावत, पर्ड्यू और चीन में जापानी राजदूत केंजी कानासुगी ने पिछले साल दिसंबर में अमेरिकी दूतावास में मुलाकात की थी।

# बांग्लादेश में आम चुनाव आज, 50% से ज्यादा मतदान केंद्र संवेदनशील

- सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, बॉडी कैमरे से लैस पुलिसकर्मी तैनात

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में बृहस्पतिवार को होने जा रहे आम चुनाव के लिए आधे से अधिक मतदान केंद्रों को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इनमें से 90 प्रतिशत मतदान केंद्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे। राजधानी ढाका में बॉडी कैमरों से लैस पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग की सुरक्षा प्रणाली जोखिम मूल्यांकन पर आधारित है। निर्वाचन आयुक्त अबुल फजल मोहम्मद सनाउल्लाह ने मंगलवार देर रात संवाददाता सम्मेलन में कहा, स्थानीय स्तर पर संवेदनशीलता के आकलन के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि इन चुनाव में देश के चुनावी इतिहास में कानून प्रवर्तन कर्मियों की अब तक की सबसे बड़ी तैनाती और प्रौद्योगिकी का सबसे व्यापक उपयोग देखने को मिलेगा। सनाउल्लाह ने कहा कि निर्वाचन आयोग को उम्मीद है कि कानून प्रवर्तन एजेंसी मतदान के दौरान और चुनाव के बाद मतदाताओं के लिए शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करेंगी।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति से काफी हद तक संतुष्ट है और पहले की तुलना में हम अब बेहतर स्थिति में हैं। उनकी यह टिप्पणी पुलिस महानिरीक्षक बहारुल आलम के उस बयान के कुछ देर बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि देश भर में लगभग 43,000 मतदान केंद्रों में से 24,000 मतदान केंद्र उच्च या मध्यम जोखिम वाले मतदान केंद्र पाए गए हैं।



आम चुनाव की पूर्व संध्या पर ढाका में मतपेटियां तैयार करता एक कर्मचारी।

### मुख्य मुकाबला बीएनपी और जमात के बीच

बांग्लादेश में एक जटिल 84 सूत्री सुधार पैकेज पर जनमत संग्रह के साथ आम चुनाव हो रहे हैं। मुख्य मुकाबला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके पूर्व सहयोगी जमात-ए-इस्लामी के बीच है। मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को पिछले साल भंग कर दिया था और पार्टी के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। बांग्लादेश में बृहस्पतिवार को संसदीय चुनाव होंगे।

## भारत-पाकिस्तान के बीच मार गिराए गए थे 10 विमान : ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर यह दावा दोहराया कि उन्होंने पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव को टैरिफ की धमकी देकर रोक दिया था जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। उन्होंने कहा, इस संघर्ष में उनके हस्तक्षेप करने तक 10 विमान मार गिराए गए थे।

ट्रंप ने मंगलवार को एक साक्षात्कार में कहा, मैंने आठ युद्ध रुकवाए। इनमें से छह टैरिफ के कारण सुलझे। जैसे भारत और पाकिस्तान। मैंने कहा कि अगर आप यह युद्ध नहीं रोकते हैं तो मैं आप पर टैरिफ लगा दूंगा क्योंकि मैं नहीं चाहता कि लोग मारे जाएं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने पूछा कि युद्ध का टैरिफ से क्या लेना-देना। ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के उस बयान का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था, ट्रंप ने हमें लड़ाई रोकने के लिए राजी करके कम से कम एक करोड़ लोगों की जान बचाई।

## पेजेश्कियान ने प्रदर्शनों पर खूनी कार्रवाई के पीड़ितों से माफी मांगी

**दुबई, एजेंसी**



- देशव्यापी प्रदर्शनों पर पश्चिमी देशों के दुष्प्रचार की निंदा की

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने देशव्यापी प्रदर्शनों और उसके बाद हुई खूनी कार्रवाई से पीड़ित सभी लोगों से बुधवार को माफी मांगी। हालांकि, राष्ट्रपति ने प्रदर्शनों को लेकर फैलाए कथित पश्चिमी दुष्प्रचार की भी निंदा की।

पेजेश्कियान ने कहा कि वह प्रदर्शनों और उनके खिलाफ कार्रवाई के दौरान हुए लोगों के गहरे दुख को समझते हैं लेकिन उन्होंने सीधे तौर पर यह स्वीकार नहीं किया कि इस रक्तपात में ईरानी सुरक्षा बलों की भूमिका थी। उन्होंने कहा, हम जनता के सामने शर्मिंदा हैं और इन घटनाओं में जिन लोगों को नुकसान पहुंचा है, उनकी सहायता करना हमारा कर्तव्य है। हम जनता से टकराव नहीं चाहते। पेजेश्कियान ने यह भी जोर देकर कहा कि उनका देश परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं कर रहा और वह किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हैं।

उनकी यह टिप्पणी ईरान की 1979 की इस्लामी क्रांति की वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में आई। ईरान इस समय अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका के साथ बातचीत के दौर में है। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि कोई परमाणु समझौता हो पाएगा या नहीं। ट्रंप ने ईरान पर दबाव बनाने के लिए एक और विमानवाहक पोत भेजने की धमकी दी है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी कई महीनों से ईरान के परमाणु भंडार का निरीक्षण और सत्यापन करने में असमर्थ रही है।

# ट्रंप के अलावा किसी ने नहीं कहा रूस से तेल खरीदना बंद करेगा भारत

- लावरोव ने कहा- रूस भारत के साथ संबंधों को लेकर हरसंभव प्रयास करने को तैयार

**मास्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अलावा किसी ने भी यह नहीं कहा है कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को देश की संसद में यह बात कही। रूस ने अमेरिका पर भारत और अन्य देशों को उससे तेल खरीदने से रोकने का प्रयास करने का आरोप लगाया था, जिसके दो दिन बाद लावरोव की यह टिप्पणी आई है।

रूस का कहना है कि वाशिंगटन टैरिफ, प्रतिबंध और सीधे रोक सहित कई तरह के दबावपूर्ण कदम उठा रहा है। लावरोव ने बुधवार को स्टेट ड्यूमा (निचले सदन) में एक सांसद के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, आपने उल्लेख किया कि ट्रंप ने भारत की रूस से तेल न खरीदने की सहमति की घोषणा की है। मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या किसी अन्य भारतीय नेता से ऐसा कोई बयान नहीं सुना है। लावरोव ने उल्लेख किया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नई दिल्ली में शेरपाओं की पहली बैठक में कहा था कि ऊर्जा सुरक्षा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के प्रमुख मुद्दों में से एक होगी, जिसमें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शामिल होने की उम्मीद है। भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा।

लावरोव ने कहा कि दिसंबर 2025 में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा ने मॉस्को और नई दिल्ली के बीच संबंधों को समृद्ध किया है।

# गलत बाल काटने पर मुआवजा राशि दो करोड़ से घटाकर 25 लाख की

- सुप्रीम कोर्ट ने पलटा राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल के सैलून में गलत बाल काटने पर एक महिला को दी जाने वाली मुआवजा राशि को दो करोड़ रुपये से घटाकर 25 लाख रुपये कर दिया है। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, बेशक सेवा में खामी सिद्ध हुई है, फिर भी उपभोक्ता विवादों में मुआवजा सिर्फ शिकायतकर्ता की मांग या हठ पर तय नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति बिंदल ने फैसले में कहा, दावा जब करोड़ों रुपये का हो तो मुआवजा देने के लिए कुछ ठोस सबूत पेश करना जरूरी है। मुआवजे का दावा करोड़ों रुपये का था, जिसके लिए यह साबित करना आवश्यक था कि सेवा में कमी के कारण प्रतिवादी को कुछ आर्थिक नुकसान हुआ। इसे केवल दस्तावेजों की फोटोकॉपी पेश करके साबित नहीं किया जा सकता।

### यह था मामला

अप्रैल 2018 में प्रबंधन पेशेवर अशना रॉय दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल के सैलून गई थीं। रॉय ने आरोप लगाया कि हेयर स्टाइलिस्ट ने उनके कहने के विपरीत बाल छोटे काट दिए, जिससे उन्हें मानसिक आघात लगा और करियर के अवसरों से हाथ धोना पड़ा। एनसीडीआरसी ने शुरू में उन्हें दो करोड़ रुपये दिए जाने का फैसला सुनाया था।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 12 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 12.22 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-ज्येष्ठा 13.42 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** - आज महिलाओं को अपना व्यवहार संयमित रखना चाहिए। मन में अनेक प्रकार के विचार एक साथ आएंगे। गूढ़ विषयों के अध्ययन के लिये प्रेरित हो सकते हैं। लोगों से अधिक सलाह न लें वरना अनावश्यक भ्रमित हो जाएंगे।

**वृष** - आज आपके रुके हुए कार्य गतिशील होने की संभावना है। नई तकनीक के प्रति जिज्ञासु रहेंगे। परिश्रम का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। आंखों में परेशानी और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

**मिथुन** - आज आपकी सलाह से लोगों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। अचल संपत्ति की खरीदी का विचार मन में आएगा। कार्यक्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।

**कर्क** - आज दोपहर के बाद का समय आपके लिए अत्यंत सुखद रहने वाला है। आप लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। अटके हुए धन का लाभ आपको मिलेगा। आपकी दिनचर्या अव्यवस्थित रहने वाली है। कार्यक्षेत्र में आपको सुधार करना पड़ेगा।

**सिंह** - आज मन में साहसिक कार्य करने की इच्छाशक्ति जागृत होगी। अपनी कमियों को लेकर थोड़े कुंठित हो सकते हैं। अहंकारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या** - आज अधीनस्थ कर्मचारी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहने वाले हैं। दूर के स्थानों की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। नए कारोबार में आप निवेश कर सकते हैं। मीडिया और प्रकाशन समूह से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**तुला** - आज विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाकर रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। आपको कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे। लोगों के लिए आप प्रेरणा का केन्द्र बनेंगे। घर का वातावरण बहुत ही सुखमय रहेगा। कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है।

**वृश्चिक** - आज रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। परिवार में सभी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशंसा होगी।

**धनु** - आज पहले की गई गलती का खामियाजा आपको भुगतना पड़ेगा। आर्थिक मामलों को लेकर आप थोड़े परेशान रहेंगे। अपना मन सदैव शान्त रखें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है। स्वार्थी लोग आपके संपर्क में रहेंगे।

**मकर** - आज दिन की शुरुआत किसी शुभ खबर से होगी। आपके कार्य की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। प्रेमीजन के साथ मतभेद दूर होंगे। गलत बातों में अपना समय बर्बाद न करें। व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय देंगे।

**कुंभ** - आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मन काम में नहीं लगेगा। कारोबार में आपको बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने के कारण मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहें। मन में संतुष्टि का भाव रहेगा।

**मीन** - आज अनर्गल कार्यों में अधिक ध्यान न लगाएं। सहकर्मी आपकी अत्यधिक सहायता करेंगे। व्यवसाय में आकस्मिक धन हानि झेलनी पड़ सकती है। धार्मिक कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं।

## सुडोकू -59

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | 7 | |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 2 | | | | | 9 | | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | 8 | |
| | | | 1 | | 8 | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 9 | 2 |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 9 | | | | 4 | | 3 | | |
| | 8 | | 3 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 58 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 | 4 | 3 |
| 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 | 8 | 1 | 6 |



"भारतीय टीम 15 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए उत्साहित है। हम खेलने के लिए तैयार है। हम सभी टीमों पर नजर रखे हैं। हम गेंदबाजों को और बल्लेबाजों को देख रहे हैं।
–तिलक वर्मा


# स्टेडियम

हल्द्वानी, गुरुवार, 12 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# अभिषेक की तबीयत खराब होने से मेजबान टीम चिंतित



नई दिल्ली, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन भारत को गुरुवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच में नामीबिया से किसी तरह का खतरा नहीं है लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पेट के संक्रमण के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित टीम प्रबंधन चिंतित होगा क्योंकि इससे उसकी योजनाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में वानखेड़े की चिपचिपी पिच पर बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। अब उन्हें फिरोज शाह कोटला की पिच पर आक्रामक खेल दिखाना चाहेगा, जिसे बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन पिच कहा जा सकता है। नामीबिया के खिलाफ भारत का पलड़ा बहुत भारी है जिसकी टीम इसी मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इस तरह से देखा जाए तो भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले यह मैच अभ्यास मैच की तरह है। भारत अगर टॉस जीतता है तो वह पहले बल्लेबाजी करना चाहेगा ताकि उसके बल्लेबाजों को पर्याप्त अवसर मिल सके। नामीबिया का गेंदबाजी आक्रमण खास नहीं है और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल रही कोई भी टीम उसको छठी का दूध याद दिला सकती है। नामीबिया के खिलाफ मैच खराब फॉर्म से जूझ रहे संजू सैमसन के लिए लय में लौटने का एक सुनहरा मौका साबित हो सकता है, क्योंकि लगातार असफलताओं के चलते उन्हें अपनी जगह ईशान किशन के हाथों गंवानी पड़ी, जो इस समय शानदार फॉर्म में हैं। सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा संजू अच्छा महसूस कर रहे हैं और चोटिल खिलाड़ी के स्थान पर टीम में अपनी भूमिका को समझ रहे हैं।

**टीम**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह।

**नामीबिया :** गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जान बाल्ट, ज़ेन ग्रीन (विकेटकीपर), मालन क्रूगर, डायलन लीचर, लॉरेन स्टीनकैंप, जान फ्राइलिनक, जान निकोल लोफ्टी-ईटन, विलियम मायबर्ग, जे जे स्मिट, जैक ब्रासेल, मैक्स हेंगो, बर्नार्ड शोल्ट्ज़, बेन शिकोंगो, रूबेन ट्रम्पेलमैन।

### दो दिन बाद अस्पताल से मिली छुट्टी, नामीबिया से खेलने पर संदेह

**नई दिल्ली।** भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को पेट में संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल रहने के बाद छुट्टी मिल गई है, लेकिन नामीबिया के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप क्रिकेट मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा ने कहा कि अभिषेक के कल खेलने को लेकर अभी फैसला नहीं लिया गया है। तिलक ने पत्रकारों से कहा जब हम दिल्ली पहुंचे तो वह चेकअप के लिए अस्पताल गया था। उसे आज छुट्टी मिल गई है और वह ठीक है। मैच में अभी भी एक दिन का समय है। उम्मीद है कि कल इस पर फैसला लेंगे।

- **संजू सैमसन के लिए लय में लौटने का एक सुनहरा मौका**



अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

**आज के मैच**

| टीम | समय |
|---|---|
| श्रीलंका-ओमान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| इटली-नेपाल | दोपहर 3 बजे |
| भारत-नामीबिया | शाम 7 बजे |

**हाईलाइट**

### बांगड़ ने कहा- बेखौफ होकर खेलना जारी रखे भारत

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने कहा कि भारत को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ बल्लेबाजों की नाकामी का ज्यादा विश्लेषण करने की जरूरत नहीं है और उसे अपना बेखौफ रवैया जारी रखना चाहिए जिसके कारण उसने काफी सफलता हासिल की हैं। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए अपने पहले मैच में भारत 13वें ओवर में 77 रन पर छह विकेट खो बैठा था, लेकिन फिर भी उसने अमेरिका पर 29 रन से जीत हासिल की। बांगड़ ने जिओ हॉटस्टार के एक कार्यक्रम में कहा मुझे नहीं लगता कि भारतीय बल्लेबाजों को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ जो हुआ उसका बहुत अधिक विश्लेषण करना चाहिए, क्योंकि टी20 क्रिकेट में आजकल जिस तरह से भारतीय बल्लेबाज खेल रहे हैं उसमें निश्चित तौर पर जोखिम भरा हुआ है।

### अनीश ने रैपिड फायर पिस्टल में कांस्य जीता

**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अनीश भानवाला ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जबकि आठवें दिन कजाखस्तान का दबदबा रहा। अनीश का एशियाई चैम्पियनशिप में यह तीसरा पदक है। एड्रियन कर्माकर ने 50 मीटर राइफल प्रोन जूनियर पुरूष वर्ग में और जूनियर पुरूष 25 मीटर आरएफपी में भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीता। भारत के अब 41 स्वर्ण, 19 रजत और 15 कांस्य पदक हो गए हैं जबकि स्पर्धा के दो दिन बाकी हैं। अनीश और आदर्श सिंह क्वालीफाइंग दौर में सातवें और आठवें स्थान पर रहे थे। कजाखस्तान के पूर्व चैम्पियन निकिता चिरयुकिन क्वालीफायर में शीर्ष रहे। फाइनल में आदर्श चौथी सीरिज के बाद बाहर हो गए जबकि अनीश, निकिता व जापान के योशिओका संयुक्त बढ़त पर थे।

# दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका की अफगानिस्तान पर रोमांचक जीत

## टी-20 विश्व कप : पहले 187 और 17 रनों पर टाई हो गया था मुकाबला

अहमदाबाद, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के साहसिक खेल के बावजूद अफगानिस्तान को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंचे मैच में दूसरे सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद छह विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम 19.4 ओवर में 187 रन पर आउट हो गई। फिर पहला सुपर ओवर भी टाई रहा। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लुंगी एनगिडी ने सुपर ओवर किया जिसमें अफगानिस्तान ने 17 रन बनाए। इसमें अजमतुल्लाह उमरजई का एक छक्का और दो चौके शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने फजलहक फारुकी के ओवर में एक विकेट पर 17 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर स्कोर बराबर किया। उमरजई दूसरा सुपर ओवर करने के लिए आए जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने डेविड मिलर के दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने पहली दो गेंद पर कोई रन नहीं दिया और मोहम्मद नबी को आउट किया। गुरबाज ने इसके बाद लगातार तीन छक्के लगाए लेकिन आखिरी गेंद पर वह आउट हो गए।

इस जीत से दक्षिण अफ्रीका के दो मैच में चार अंक हो गए हैं जबकि अफगानिस्तान की यह लगातार दूसरी हार है। उसे अगले चरण में जाने के लिए न सिर्फ अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे बल्कि अन्य मैच के परिणाम भी अनुकूल रहने के लिए दुआ करनी होगी। अफगानिस्तान इससे पहला लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में था लेकिन लगातार विकेट गंवाने के कारण उसे नुकसान हुआ। उसकी तरफ से गुरबाज ने 42 गेंद पर 84 रन बनाए जिसमें चार चौके और सात छक्के शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनगिडी ने 26 रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले रयान रिकेल्टन ने 28 गेंद पर 61 रन की तूफानी पारी खेली जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। क्विंटन डीकॉक ने 41 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। कप्तान एडन मार्करम (05) के जल्दी आउट होने के बाद 114 रन की साझेदारी की।



सुपर ओवर में अफगानिस्तान पर जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी। एजेंसी

**संक्षिप्त स्कोर**

**दक्षिण अफ्रीका 187/6 (20 ओवर)**
- मार्क रयान रिकलेटन 61
- क्विंटन डी कॉक 59

**गेंदबाजी :** अजमतुल्लाह उमरजई 3-41, राशिद खान 2-28

**अफगानिस्तान 187/10 (19.4 ओवर)**
- रहमानुल्लाह गुरबाज़ 84
- अज़मतुल्लाह उमरज़ई 22

गेंदबाजी : लुंगी एनगिडी 3-26, केशव महाराज 1-27

**पहला सुपर ओवर : टाई**

अफगानिस्तान – 6 बॉल में 17/0

दक्षिण अफ्रीका – 6 बॉल में 17/1

**दूसरा सुपर ओवर: द. अफ्रीका 4 रन से जीता**

दक्षिण अफ्रीका – 6 बॉल में 23/0

अफ़गानिस्तान – 6 बॉल में 19/2

### खिलाड़ियों से कहा था कि आखिर तक लड़ना होगा



दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने टीम के साथी खिलाड़ियों से कहा था कि उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ 'चुनौती' के लिए तैयार रहना होगा और बुधवार को यहां खेला गया यह मैच टी20 विश्व कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक साबित हुआ। इसे शब्दों में बयां करना काफी मुश्किल है। जीत और अंक मिलने के लिए शुक्रगुजार हूं। मार्करम ने कहा आखिरकार सुपर ओवर में आप अपने बेहतर, सबसे आत्मविश्वास से भरे खिलाड़ी को चुनते हैं। पहले ओवर में लुंगी से ज्यादा गलती नहीं हुई, लेकिन फिर उन्होंने अच्छा स्कोर बना लिया। केशव के साथ भी यही कहानी रही। स्पिनर के लिए यह मुश्किल होता है, फिर भी हमने उन पर भरोसा किया। उन्होंने कहा मैंने लड़कों से कहा था कि लक्ष्य ठीक है, लेकिन हमें चुनौती का सामना करना होगा।

### इस तरह की हार लंबे समय तक चुभती है : अफगानिस्तान के कोच ट्रॉट

**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका से दूसरे सुपर ओवर में मिली हार के बाद कहा कि इस तरह की हार लंबे समय तक चुभती है लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि दक्षिण अफ्रीका ने क्षेत्ररक्षण में उनकी टीम को कमजोर साबित किया। टी20 विश्व कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक में दक्षिण अफ्रीका ने दो सुपर ओवर के बाद अफगानिस्तान को हराया। ट्रॉट ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा इससे साबित होता है कि हमारे पास कितनी शानदार टीम है। हमारे पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं और न्यूजीलैंड के खिलाफ कुछ दिन पहले मिली हार के बाद दक्षिण अफ्रीका से करीबी मुकाबला हारना दिल तोड़ने वाला है। हमें कठिन ग्रुप भी मिला है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ट्रॉट ने कहा कि इस तरह की हार लंबे समय तक चुभती है। उन्होंने कहा टीम को अपने प्रदर्शन पर गर्व होना चाहिये लेकिन कई बार इस तरह की हार लंबे समय तक चुभती है। अब अहम यह है कि हम इसके सकारात्मक पहलुओं को देखें और यह भी प्रयास करें कि जहां गलतियां हुई हैं, उनमें सुधार हो। ट्रॉट ने कहा दक्षिण अफ्रीका की फील्डिंग बहुत अच्छी थी। रन आउट, सीमा पर कैच और रन बचाने के प्रयास। जबर्दस्त फील्डिंग और शायद यही फर्क था। ट्रॉट के कोच रहते अफगानिस्तान पिछले टी20 विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 वनडे विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। इस विश्व कप के बाद वह टीम से विदा ले रहे हैं लेकिन अभी इस बारे में उन्होंने कुछ कहने से इनकार किया। उन्होंने कहा टूर्नामेंट खत्म होने के बाद इस पर बात करेंगे। अभी दो अहम मैच खेलने हैं। अभी कुछ और बात करने का समय नहीं है। मैं अभी भी कोच हूं और मुझे यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली में यूएई के खिलाफ हम अच्छा खेलें।

# वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 30 रनों से परास्त किया

- **शेरफेन रदरफोर्ड की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गुडाकेश मोती ने की घातक गेंदबाजी**

मुंबई, एजेंसी

शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 76) के 42 गेंदों में दो चौकों और सात छक्कों की मदद से सजे आतिशी अर्धशतक और लेफ्ट आर्म स्पिनर गुडाकेश मोती (33 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी से वेस्ट इंडीज ने इंग्लैंड को टी 20 विश्व कप मुकाबले में बुधवार को 30 रन से हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वेस्ट इंडीज ने छह विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद इंग्लैंड को 19 ओवर में 166 रन पर निपटा दिया।

इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की और सातवें ओवर तक एक विकेट खोकर 74 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद मोती के सामने उसकी पारी लड़खड़ा गयी और विकेट गंवाती चली गयी। वेस्ट इंडीज के स्पिनरों ने 12 ओवर में 94 रन देकर छह विकेट झटक लिए। फिलिप साल्ट ने 30, जोस बटलर ने 21 और जैकब बेथल ने 33 रन और कप्तान हैरी ब्रूक ने 17 बनाये। सैम करन ने एकतरफा संघर्ष करते हुए नाबाद 43 रन बनाये लेकिन इंग्लैंड की हार को नहीं रोक सके। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट इंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने आठ रन तक अपने दोनों ओपनर गंवा दिए। लेकिन शिमरॉन हेटमायर ने 23 और रोस्टन चेज ने 34 रन बनाकर वेस्ट इंडीज को संभाला। दोनों ने 28 गेंदों पर 47 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी के बाद दोनों कुछ रनों के अंतराल में आउट हुए।

रदरफोर्ड ने फिर रोवमन पॉवेल के साथ टीम के स्कोर को 128 रन तक पहुंचाया। पॉवेल 14 रन बनाकर आउट हुए। रदरफोर्ड को इसके बाद जैसन होल्डर के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। दोनों ने जबरदस्त छक्के लगाते हुए टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। होल्डर 17 गेंदों में एक चौके और चार छक्कों की मदद से 33 रन बनाने के बाद आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर आउट हुए। रदरफोर्ड और होल्डर ने पांचवें विकेट की साझेदारी में 32 गेंदों पर 61 रन जोड़े। रदरफोर्ड ने आखिरी गेंद पर छक्का मारकर विंडीज को 196 रन तक पहुंचाया।



टीम के साथ जश्न मनाते वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती। एजेंसी

# एलिस-जम्पा की मारक गेंदबाजी ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को हराया

कोलंबो, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने तेज गेंदबाज नाथन एलिस (12 रन देकर चार विकेट) और लेग स्पिनर एडम जम्पा (23 रन देकर चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन से बुधवार को यहां ग्रुप बी मैच में आयरलैंड पर 67 रन की जीत के साथ आईसीसी टी20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू किया। एलिस ने अपने शुरूआती स्पैल में तीन विकेट झटककर जीत की लय तय की। उन्होंने शीर्ष क्रम को पवेलियन भेजा तो वहीं जम्पा ने मध्य और निचले क्रम पर कहर बरपाया जिससे आयरलैंड की पारी 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.5 ओवर में नौ विकेट 115 रन पर खत्म हुई।

आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग एक गेंद खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए और फिर बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। आयरलैंड के लिए जॉर्ज डॉकरेल ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने धीमी पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस (45 रन) और मैथ्यू रेनशॉ (37 रन) के बीच पांचवें विकेट के लिए 61 रन की अहम साझेदारी की मदद से छह विकेट पर 182 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए थे। मिचेल मार्श ग्रोइन चोट के कारण टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो गए हैं। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड भी चोट के कारण बाहर हैं जबकि मिचेल स्टार्क संन्यास ले चुके हैं तो एलिस ने मुख्य तेज गेंदबाज के तौर पर जिम्मेदारी बखूबी निभाई। एलिस ने इस तरह तीन ओवर के शुरूआती स्पैल में नौ रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने रोस एडेयर (12), कर्टिस कैम्फर (04), बेन कालिट्ज (02) को आउट किया। फिर जम्पा ने गेरेथ डेलानी (11), लोरकान टकर (24), डॉकरेल और मार्क एडेयर (12) के विकेट झटके। आयरलैंड हालांकि 100 रन का स्कोर पार करने में कामयाब रहा। आखिर में एलिस अपना अंतिम ओवर करने के लिए आए और बैरी मैकार्थी (02) को आउट करके मैच खत्म किया।



ऑस्ट्रेलिया ने तेज गेंदबाज नाथन एलिस।

## ग्रीनपार्क या इकाना में होगा रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल

**देहरादून।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पिच क्यूरेटर ने उत्तराखंड में देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा करने के बाद मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यहां के मैदान की हालत को बेहद निराशाजनक बताया है। इससे यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल की मेजबानी को लेकर झटका लगा है।

क्यूरेटर राकेश कुमार ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा कि स्टेडियम की पिच और आउटफील्ड का स्तर इतना खराब है कि यहां सेमीफाइनल जैसा महत्वपूर्ण मुकाबला आयोजित नहीं किया जा सकता। निरीक्षण टीम के अनुसार, ग्राउंड का रखरखाव मानकों के अनुरूप नहीं है। सूत्रों की मानें तो बीसीसीआई अब इस सेमीफाइनल को कानपुर के ग्रीनपार्क या लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आयोजित करने पर विचार कर रहा है।

**तैयारी** | पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने कहा-मुकाबले के प्रति टीम बेहद गंभीर

# भारत के खिलाफ अलग मानसिकता के साथ खेलेंगे

कोलंबो, एजेंसी

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच को एक आम मैच करार दिया। लेकिन इसके साथ ही कहा कि इस बार उनकी टीम इस मुकाबले में अलग मानसिकता के साथ उतरेगी। पाकिस्तान की टीम नीदरलैंड और अमेरिका को हराने के बाद ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज हो गई है। नीदरलैंड को हराने में उसे संघर्ष करना पड़ा था लेकिन अमेरिका को उसने आसानी से 32 रन से हराया जिसमें फरहान ने एक 41 गेंद में 73 रन की शानदार पारी खेली।

मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में फरहान से भारत के खिलाफ होने वाले मैच के बारे में पूछा गया जो पाकिस्तान सरकार द्वारा बहिष्कार की अपील वापस लेने के बाद अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 फरवरी को खेला जाएगा।



फरहान ने कहा लगातार दो मैच जीतने और तालिका में शीर्ष पर काबिज होने से आत्मविश्वास मिलता है। अगला मैच भी एक आम मैच जैसा ही होगा। यह पहला अवसर नहीं है जबकि हम उनके खिलाफ खेलेंगे। उन्होंने कहा हम पहले भी उनके खिलाफ खेल चुके हैं लेकिन इस बार हमारी मानसिकता अलग होगी। आपने देखा ही होगा कि शादाब (खान) रन बना रहे हैं, (मोहम्मद) नवाज़ रन बना रहे हैं। उम्मीद है कि आपको उनके खिलाफ हमारा खेल पसंद आएगा। फरहान ने कहा यह एक सामान्य मैच होगा और हम इसे एक अन्य मैच की तरह ही लेंगे। हम यह नहीं सोचेंगे कि यह भारत और पाकिस्तान का मैच है। हम इसे एक सामान्य मैच की तरह ही खेलेंगे।

भारत का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है। उसने हाल में एशिया कप में पाकिस्तान को सभी मैच में हराया था। तब भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा था कि हाल के वर्षों में उनकी टीम के दबदबे को देखते हुए वह अब पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिद्वंद्विता को बराबरी का नहीं मानते हैं। फरहान हालांकि इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा मैं ऐसा नहीं मानता।

### मेरा आत्मविश्वास और भी बढ़ गया

फरहान से जब पूछा गया कि क्या उनके पास भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए कोई विशेष योजना है, तो उन्होंने कहा मुझे लगता है कि जब आप रन बनाते हैं तो आप आत्मविश्वास से भर जाते हैं। मैं भी बहुत आत्मविश्वास से भरा हूं और जिस तरह से मैंने पिछली दो पारियां खेली हैं, उससे मेरा आत्मविश्वास और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा मैं ऐसा नहीं मानता। एशिया कप में हमने जिस तरह से प्रदर्शन किया उसे देखते हुए मुकाबले एकतरफा नहीं थे। हमने आखिर तक डटकर मुकाबला किया था। उम्मीद है कि इस बार भी हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पाकिस्तान के लगातार दो मैच जीतने से फरहान काफी उत्साहित हैं।